हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 | खेल



'बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट खत्म कर देना चाहिए', आकिब नबी के न चुने जाने पर...

Page 09 | देश



महाराष्ट्र का ओपन मेरिट रूल : एनसीपी ने आरक्षण विरोधी करार दिया, दलित-पिछड़े...



शुक्ल पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • शनिवार • 23 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 170 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,59,490 | ₹ 2,85,000 |

## आज का इतिहास

**2014 :** थाईलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री यिंगलक शिनावात्रा को सैन्य तख्तापलट के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

**2013 :** राफेल कोरेया ने तीसरी बार इक्वाडोर के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।

## न्यूज बाइट्स

### आईआरसीटीसी घोटाला मामले में 9 जून को आएगा कोर्ट का फैसला

**पटना (नि.सं.)** । पटना से जुड़े बहुचर्चित आईआरसीटीसी घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग केस की सुनवाई एक बार फिर टल गई है। अब इस मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट 9 जून को अपना फैसला सुनाएगी। मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबरी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई आरोपियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की है। इस मामले की पिछली सुनवाई 6 मई को हुई थी, लेकिन उस दिन अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट पहले ही आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी कर चुकी है। अब सभी पक्षों की नजरें 9 जून को आने वाले फैसले पर टिकी हुई हैं।

### विधानसभा कर्मियों के लिए चलेंगी इलेक्ट्रिक और पिंक बसें

**पटना (नि.सं.)** । पटना विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए जल्द ही तीन अलग-अलग रूटों पर पिंक, ग्रीन और इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और परिवहन मंत्री दामोदर रावत के बीच हुई उच्च स्तरीय बैठक में सहमति बनी।बताया गया कि वैश्विक ऊर्जा संकट और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष बस सेवा उपलब्ध कराने का आग्रह किया था, जिस पर परिवहन मंत्री ने सहमति दे दी। बैठक में परिवहन सचिव राज कुमार ने जानकारी दी कि वर्तमान में सचिवालय कर्मियों के लिए विभाग की ओर से विभिन्न रूटों पर छह इलेक्ट्रिक और पांच पिंक बसों का संचालन किया जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक, कहा

# हर वर्ष होगी 20 हजार शिक्षकों की बहाली, गृह क्षेत्र में पोस्टिंग

- अगले 5 वर्षों में 1 लाख शिक्षकों की नियमित बहाली
- शिक्षक बहाली की प्रक्रिया को समयबद्ध रखने के लिए प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में नियुक्ति का विज्ञापन अनिवार्य रूप से निकाला जाएगा।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं और वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों के लिए राज्य सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद कई महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी। सरकार ने अगले पांच वर्षों में राज्यभर में एक लाख नए शिक्षकों की नियुक्ति करने का लक्ष्य तय किया है। साथ ही शिक्षकों के तबादले को लेकर भी नई नीति बनाने का निर्देश दिया गया है, जिससे उन्हें अपने गृह क्षेत्र के नजदीक पोस्टिंग मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने के उद्देश्य से यह व्यापक योजना बनाई गई है।

सरकार की रणनीति के तहत अगले पांच वर्षों तक प्रत्येक वर्ष लगभग 20 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इस भर्ती प्रक्रिया को नियमित और समयबद्ध बनाने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि हर वर्ष जुलाई महीने में अनिवार्य रूप से शिक्षक नियुक्ति का नया विज्ञापन जारी किया जाए।



### महिला और पुरुष शिक्षकों को गृह क्षेत्र में पोस्टिंग

राज्य के शिक्षकों की लंबे समय से चली आ रही तबादले की समस्या को देखते हुए सरकार ने नई ट्रांसफर नीति तैयार करने का निर्देश दिया है। यह नीति पूरी तरह पारदर्शी, सुगम और विवादरहित होगी। नई व्यवस्था के तहत महिला शिक्षकों को उनके गृह जिले के अपने प्रखंड में या गृह पंचायत से सटे पंचायत क्षेत्र में पोस्टिंग देने की योजना बनाई जा रही है। वहीं पुरुष शिक्षकों को उनके गृह प्रखंड के समीपवर्ती प्रखंड में पदस्थापित करने पर विचार किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि परिवार के नजदीक रहने से शिक्षक बेहतर मानसिक स्थिति में कार्य कर सकेंगे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में अधिक सक्षम होंगे।

सरकार के इस निर्णय से बीएड, डीएलएड और टीईटी उत्तीर्ण लाखों अभ्यर्थियों में उत्साह का माहौल है। शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यूनिफॉर्म वितरण व्यवस्था में भी बड़ा बदलाव करने का फैसला लिया है। अब छात्रों की पोशाक की आपूर्ति सीधे 'जीविका' समूहों के माध्यम से कराई जाएगी।

इस नई व्यवस्था से एक ओर बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण यूनिफॉर्म मिल सकेगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत लाखों जीविका दीदियों को रोजगार और आर्थिक मजबूती मिलेगी। सरकार का यह कदम महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल नियुक्तियां करना नहीं, बल्कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, प्रभावी और छात्र हितैषी बनाना है। स्कूलों में संसाधनों की उपलब्धता, शिक्षकों की पर्याप्त संख्या और छात्रों की बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार के इन फैसलों को आगामी वर्षों में बिहार की शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

---

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कई रेल परियोजनाओं का किया उद्घाटन

- राजस्थान को रेलवे की बड़ी सौगात, जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत अब 20 कोच के साथ चलेगी

एजेंसी | नई दिल्ली

जोधपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को आयोजित भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान को कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं और नई सुविधाओं की सौगात दी। इस अवसर पर गाड़ी संख्या 04871 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस की कोच संरचना को 8 से बढ़ाकर 20 कोच करने, साबरमती-जोधपुर एक्सप्रेस को जैसलमेर तक विस्तारित करने तथा जैसलमेर स्थित कोच केयर कॉम्प्लेक्स के शुभारंभ की घोषणा की गई। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि नियमित गाड़ी संख्या 26481/26482 जोधपुर-दिल्ली कैंट-जोधपुर वंदे भारत सुपरफास्ट एक्सप्रेस में 24 मई 2026 से दो एक्जीक्यूटिव चेयरकार, 16 वातानुकूलित चेयरकार और दो ड्राइवर पावर कार सहित कुल 20 कोच लगाए जाएंगे। इससे यात्रियों को अधिक सीटें उपलब्ध होंगी और यात्रा सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के प्रवासियों की लंबे समय से अधिक रेल सेवाओं की मांग थी। इसी को ध्यान में रखते हुए चेन्नई, पुणे, हैदराबाद और मुंबई सहित कई प्रमुख शहरों के लिए नई रेल सेवाएं शुरू की गई हैं।

उन्होंने बताया कि अगले 10 महीनों में जोधपुर से हरिद्वार के लिए नई रेल सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है। साथ ही भगत की कोठी में वंदे भारत स्लीपर टर्मिनल भी विकसित किया जा रहा है। रेल मंत्री ने कहा कि राजस्थान में रेलवे विकास के लिए वर्तमान में लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का रिकॉर्ड बजट दिया जा रहा है, जबकि पहले यह राशि केवल 700 से 800 करोड़ रुपए तक सीमित थी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों ने जैसलमेर में 67 करोड़ रुपए की लागत से बने नए कोच केयर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन भी किया। इससे ट्रेनों की मेंटेनेंस क्षमता बढ़ेगी और अधिक रेल सेवाओं का संचालन संभव हो सकेगा।



### राजस्थान में रेलवे का तेजी से विस्तार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय रेलवे विश्वस्तरीय सुविधाओं की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि देश की जीवनरेखा है और पिछले 12 वर्षों में रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान, विशेषकर जोधपुर और मारवाड़ क्षेत्र को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की सौगात दी है, जिससे क्षेत्रीय विकास को नई गति मिली है।

### कई रेलखंडों पर डबलिंग और नई लाइन

उन्होंने बताया कि राजस्थान में धांगरा-बांदीकुई, अजमेर-चित्तौड़गढ़, लूनी-भिलड़ी, रेवाड़ी-खाटूवास और सवाई माधोपुर-जयपुर रेलखंडों पर डबलिंग कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अलावा मारवाड़ जंक्शन-मावली गेज कन्वर्जन, टनल निर्माण और नई रेल लाइन परियोजनाओं पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। पुष्कर और अंबाजी को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए नई रेल लाइन परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं।

---

# बिहार में राजस्व प्रशासन की होगी रोजाना मॉनिटरिंग

- 25 मई से 11 जून तक सभी 38 जिलों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा करेंगे मंत्री दिलीप जायसवाल

निज संवाददाता | पटना

पटना में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ा और अभूतपूर्व कदम उठाया है। विभाग ने निर्णय लिया है कि आगामी 25 मई 2026 से 11 जून 2026 तक राज्य के सभी 38 जिलों के कामकाज की प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गहन समीक्षा की जाएगी। इस विशेष समीक्षा अभियान की कमान स्वयं राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल संभालेंगे। मंत्री प्रत्येक दिन जिलों की प्रगति रिपोर्ट की लाइव मॉनिटरिंग करेंगे और अधिकारियों से सीधे जानकारी लेंगे। विभाग के अपर सचिव आजीव वत्सराज द्वारा सभी जिलाधिकारियों को जारी पत्र में स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि हर कार्य दिवस में तीन अलग-अलग जिलों के साथ तीन पालियों में मैराथन समीक्षा बैठक आयोजित होगी। पहली पाली शाम 4 बजे से 5 बजे तक, दूसरी पाली 5 बजे से 6 बजे तक और तीसरी पाली 6 बजे से 7 बजे तक चलेगी।

सभी जिलाधिकारियों को स्वयं बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता (एडीएम), जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता (डीसीएलआर), अंचलाधिकारी (सीओ) तथा राजस्व पदाधिकारियों की उपस्थिति भी अनिवार्य की गई है।

### इन प्रमुख बिंदुओं पर होगी सख्त समीक्षा



विभाग द्वारा जारी कार्यसूची के अनुसार समीक्षा के दौरान ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों में लंबित आवेदनों, रिजेक्शन और डिफेक्ट चेक की स्थिति पर विशेष नजर रखी जाएगी। इसके अलावा परिमार्जन प्लस अभियान के तहत डिजिटाइज जमाबंदियों के शुद्धिकरण और छूटी हुई जमाबंदियों के ऑनलाइन डिजिटाइजेशन की प्रगति की भी समीक्षा होगी।

---

स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा, पांच किस्तों में मिलेंगे 2.10 लाख रुपए

# महिला रोजगार योजना की दूसरी किश्त इसी महीने होगी जारी : श्रवण कुमार

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार की महिला रोजगार योजना के तहत लाभार्थियों को जल्द ही दूसरी किश्त की राशि मिलने वाली है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने घोषणा करते हुए कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है और इसी महीने योजना की अगली किश्त जारी कर दी जाएगी। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार देश का पहला राज्य बना, जहां महिलाओं के लिए इस प्रकार की विशेष रोजगार योजना शुरू की गई। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को ठग नहीं रही, बल्कि उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए सहायता राशि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पहले चरण में महिलाओं को 10 हजार रुपए दिए गए थे, जिससे कई महिलाओं ने छोटे-छोटे रोजगार शुरू भी कर दिए हैं। अब दूसरी किश्त के रूप में 20 हजार रुपए जारी किए जाएंगे।



मंत्री ने योजना की पूरी राशि वितरण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि लाभार्थी महिलाओं को कुल 2 लाख 10 हजार रुपए पांच किस्तों में दिए जाएंगे। पहली किश्त के रूप में 10 हजार रुपए दिए जा चुके हैं। दूसरी किश्त में 20 हजार रुपए मिलेंगे। इसके बाद तीसरी किश्त में 40 हजार रुपए, चौथी किश्त में 60 हजार रुपए तथा पांचवीं और अंतिम किश्त में 80 हजार रुपए दिए जाएंगे।

---

### भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

**नई दिल्ली(ए.)**। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है। एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है। अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वहां के तेल निर्यात पर कुछ ढील दी थी। उसी के बाद अप्रैल से भारत में फिर से वेनेजुएला का तेल आना शुरू हुआ।

---

19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देशभर के चयनित अभ्यर्थियों से करेंगे संवाद

# पीएम आज 51 हजार से अधिक युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

एजेंसी | नई दिल्ली

पीएम नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित 19वें रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। केंद्र सरकार के अनुसार रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत रोजगार मेला अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

इसका उद्देश्य देशभर के युवाओं को सरकारी सेवाओं में पारदर्शी और त्वरित नियुक्ति उपलब्ध कराना है। सरकार ने बताया कि रोजगार मेला शुरू होने के बाद अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देशभर के 47 विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से चयनित अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। नियुक्ति पाने वाले युवाओं को रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जाएगा। सरकार का कहना है कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को सरकारी सेवा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और प्रशासनिक व्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।




---

दीपक कुमार सिंह को राज्यपाल का प्रधान सचिव बनाया गया, गोपाल मीणा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए

# बिहार में 10 आईएएस अधिकारियों का तबादला, कुंदन कुमार बने गृह सचिव

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने शुक्रवार को प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 10 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। सरकार ने आईएएस अधिकारी कुंदन कुमार को गृह विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वे वर्तमान में उद्योग विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत हैं। वहीं 1992 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दीपक कुमार सिंह को राज्यपाल का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। दीपक कुमार सिंह फिलहाल महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं और यह अतिरिक्त प्रभार भी उनके पास बना रहेगा।

1995 बैच के आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी को अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें बिहार राज्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा पर्षद के परीक्षा नियंत्रक तथा बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार डॉ. बी. राजेन्दर को निगरानी विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वे पहले से सामान्य प्रशासन विभाग में कार्यरत हैं। वहीं संजय कुमार सिंह को जांच आयुक्त, सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। सीमा त्रिपाठी को सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। निलेश रामचंद्र देवरे को बिहार राज्य आवास बोर्ड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं इनायत खान को विशेष सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का अतिरिक्त दायित्व मिला है। अरविंद कुमार वर्मा अब उद्योग विभाग में विशेष सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे। दूसरी ओर राजीव कुमार श्रीवास्तव को बिहार राज्य आवास बोर्ड के प्रबंध निदेशक पद से हटाकर वित्त विभाग में अपर सचिव बनाया गया है।

### बिहार कैडर के 70 आईएएस दिल्ली में रह सकते हैं




सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार बिहार कैडर के कुल 70 आईएएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में रह सकते हैं। वर्तमान में बिहार कैडर के लगभग 30 आईएएस अधिकारी केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। आमतौर पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए अधिकारियों को पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद अपने मूल कैडर में लौटना होता है। हालांकि कई अधिकारी केंद्र सरकार के साथ समन्वय बनाकर लंबे समय तक दिल्ली में बने रहते हैं। प्रशासनिक नियमों के अनुसार उप सचिव स्तर तक पहुंचने के बाद आईएएस अधिकारियों को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति का अवसर मिलता है।

---


**BAYC Institute** स्थापित 1972

## बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें — एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




**DIPLOMA COURSE**
DAT – Acupressure Therapy; DY – Yoga; DAYS – Acupressure Yoga; DHMS – Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS – Electrohomeopathy Medicine; DNYS – Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

**BACHELOR DEGREE COURSE**
MBBA – Acupressure & Magnet; BTMS – Traditional Medicine; BAYS – Acupressure Yoga; BAcu. – Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS – Electrohomeopathy Medicine; MBAS – Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

**MASTER DEGREE COURSE**
MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

**PROFESSIONAL COURSE**
BLIS | MLIS | BBA | MBA

**TRADITIONAL COURSE**
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश, सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 | Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

# ‘ना बनेगा खाना, ना परोसा जाएगा प्यार’ : भारतगैस एजेंसी

# गैस सिलेंडर के लिए कार्यालय से गोदाम तक चक्कर लगा रहे उपभोक्ता, होम डिलीवरी व्यवस्था ठप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

- सुबह 4 बजे से दोपहर 1 बजे तक भीषण गर्मी में कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं उपभोक्ता
- एजेंसी ने कहा कि गैस आने पर किया जाएगा वितरण

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र के भारतगैस एजेंसी के उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है। गैस सिलेंडर के लिए नम्बर लगाने और ओटीपी दे दिये जाने के बावजूद उन्हें पहले होम डिलीवरी के लिए कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है।फिर भी गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर बाद में गोदाम का चक्कर लगाना पड़ रहा है। गोदाम के बाहर बीते तीन दिनों से सुबह 4 बजे से लेकर दोपहर के 1 बजे तक कड़ी धूप में लोग सिलेंडरों को लाइन में लगाकर गैस मिलने की आश में जुटे रहते हैं। जहां एक तरफ भारत गैस का स्लोगन ‘बनाइये खाना,परसोइए प्यार’ है,वहीं वास्तविकता में ‘ना बनेगा खाना,ना परोसा जाएगा प्यार’ प्रतीत हो रहा है। रजौली के निशा भारतगैस एजेंसी के कार्यशैली से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एजेंसी के द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी नहीं दिए जाने के साथ-साथ सही जानकारी नहीं दिए जाने पर लोग भीषण गर्मी में परेशान परेशान घूमते फिर रहे हैं। शुक्रवार की सुबह भी सिमरकोल स्थित निशा भारतगैस के गोदाम पर सैकड़ों लोग घंटों तक गैस मिलने के इंतजार में रहने के बाद थक हारकर बैरंग वापस घर लौट गए। लोगों की मांग है कि एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो,अन्यथा सही जानकारी दिया जाए। परेशान उपभोक्ताओं ने सरकार और जिला प्रशासन के खोखले दावों पर रोष भी व्यक्त किया।

**उपभोक्ताओं ने सुनाई अपनी दास्तां :-** सिमरकोल निवासी सोनी कुमारी कहती हैं कि एजेंसी को ओटीपी दिए जाने के बाद भी वे बीते चार दिनों से गैस सिलेंडर के लिए परेशान हैं। वे शुक्रवार के अलावे गुरुवार को सुबह 4 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक खाली



बंद पड़े गैस गोदाम के पास समीप कतारों में खड़े उपभोक्ता

गैस सिलेंडर लेकर कतार में खड़ी रही।

कुंडला मोहल्ला की काजिमा खातून ने कहा कि वे बीते चार दिनों सिर पर रखकर खाली गैस सिलेंडर लाती और ले जा रही हैं। उनकी परेशानी कोई समझने वाला नहीं है।

दिबौर गांव निवासी नजमा खातून ने कहा कि गैस सिलेंडर खत्म होने के कारण वे मायके चली गई थी। उन्होंने गैस मिलने की खबर सुनी तो वापस अपने घर लौटी है। दो दिनों से कतार में रहने के बावजूद गैस नहीं मिलने पर वे चाय-बिस्कुट खाकर जीने को मजबूर हैं।

महसई मोहल्ला निवासी मो. नासिर ने बताया कि एजेंसी द्वारा बीते एक सप्ताह से ना तो होम डिलीवरी की जा रही है और ना ही गोदाम पर गैस सिलेंडर का वितरण किया जा रहा है।

बलिया गांव निवासी छोटन प्रसाद व नंदकिशोर साव ने कहा कि वे लगातार तीन दिनों गोदाम के बाहर गैस सिलेंडर मिलने का इंतजार कर रहे हैं। जब घर जाते हैं,तो परिजनों को लगता है कि आज गैस लेकर लौटे हैं। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी द्वारा कोई ठोस कदम उठानी चाहिए,ताकि लोगों को परेशानी ना उठानी पड़े।

**क्या कहते हैं एजेंसी :-** इस संबंध में निशा भारतगैस की संचालिका निशा राजवंशी ने बताई कि बीते तीन दिनों पूर्व ही गैस की एक गाड़ी आई थी,जिसमें रहे 360 गैस सिलेंडरों को गोदाम के पास ही रात्रि के 8 बजे तक वितरित कर दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि गैस की गाड़ी आने पर ही वे ग्राहकों को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा पाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती के अपहरणकर्ता को पुलिस ने किया गिरफ्तार,भेजे गए जेल

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के एक युवती को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गयाजी जिले के गुरपा थाना क्षेत्र के बसुआ गांव निवासी कुलेश्वर यादव में पुत्र राजेश कुमार उर्फ रॉकी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2025 के अप्रैल माह में थाना क्षेत्र की एक छात्रा अपने घर से टेस्ट देने बहाने निकली थी,किंतु वापस घर नहीं लौटी थी। इसको लेकर छात्रा की मां ने थाने को लिखित आवेदन देकर राजेश कुमार उर्फ रॉकी को नमाजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के बाद छात्रा को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। वहीं फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आलोक में थाना में पदस्थापित एएसआई अशोक कुमार पाल ने फरार अभियुक्त को बीते गुरुवार की रात्रि को गुरपा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को शुक्रवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### महुडर के गायघाट में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित एसटी समुदाय के लाभुकों को मिला कई योजनाओं का लाभ

**कौआकोल।** प्रखण्ड क्षेत्र के महुडर पंचायत अंतर्गत गायघाट गांव में शुक्रवार को जनजाति गरिमा उत्सव के तहत जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनी गईं। इस अवसर पर जॉब कार्ड, राशन कार्ड समेत जीविका प्रदत्त योजनाओं का लाभ लाभुकों के बीच वितरित किया गया। साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर लोगों की जांच की गई तथा जरूरतमंदों के बीच दवाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में नवादा से आए कलाकार अनुराधा पंडित एवं सागर ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रियरंजन, जीविका के डीपीएम, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी लोकेश नाथ चौधरी,विकासमित्र चमेली कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 20 घंटे से ठप बिजली आपूर्ति से लोग परेशान, अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

**कौआकोल।** कौआकोल पंचायत के वार्ड संख्या 12 एवं 02 में थाना रोड से निमतल्ला के पास पिछले 20 घंटे से अधिक समय से विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं,जबकि पेयजल संकट भी गहरा गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विद्युत विभाग इस समस्या को लेकर संवेदनशील नहीं है। लोगों का कहना है कि थाना के पास लगे ट्रांसफॉर्मर पर अत्यधिक लोड रहने के कारण बार-बार केबल जल जाता है,जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। ग्रामीणों ने विभाग से अविलंब एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग की है, ताकि समस्या का स्थायी समाधान हो सके। इधर विद्युत विभाग के जेई अनीश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में ही उक्त मुहल्ले में ट्रांसफॉर्मर लगाने की पहल की गई थी,लेकिन स्थानीय विरोध के कारण ट्रांसफॉर्मर वापस लौटाना पड़ा।उन्होंने कहा कि जल्द ही जले हुए केबल को बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर लड़की ने किया सुसाइड, शव गायब करने के आरोप में पिता-सौतेली मां गिरफ्तार

**नालंदा।** नालंदा में प्रेम प्रसंग से नाराज परिजनों की कथित प्रताड़ना और उकसावे के कारण एक 17 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर जान देदी। घटना को छुपाने के उद्देश्य से परिजनों ने मृतका के शव को छिकाने लगा दिया। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र के सिंगारहाट मोहल्ले की है। स्थानीय लोगों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सोहसराय पुलिस ने इस मामले में मृतका के पिता, सौतेली मां और नाना को गिरफ्तार कर लिया है। सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि सिंगारहाट निवासी शिशुपाल कुमार उर्फ मुरारी कुमार की 17 साल की बेटी तन्नु किसी लड़के से फोन पर बातचीत किया करती थी। तन्नु के पिता शिशुपाल और उसकी सौतेली मां रून्नी देवी इस बात का कड़ा विरोध करते थे। आरोप है कि प्रेम प्रसंग को लेकर दोनों अक्सर तन्नु को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे और उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाते थे। परिजनों की इसी रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर कल तन्नु कुमारी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए मृतका के पिता शिशुपाल कुमार, सौतेली मां रून्नी देवी, मामा रजनीश कुमार और नाना महेश प्रसाद ने मिलकर कल रात ही तन्नु के शव को कहीं ले जाकर चुपके से ठिकाने लगा दिया। मोहल्ले में हुई इस घटना और शव को गायब किए जाने की भनक स्थानीय लोगों को लग गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सोहसराय थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और पुलिस के अपने बयान पर कांड दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) सदर-1 के नेतृत्व में तुरंत एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घटना में शामिल तीन मुख्य आरोपियों को दबोच लिया। इस मामले में पुलिस टीम का नेतृत्व सोहसराय थाना के इन्स्पेक्टर थानाध्यक्ष मुकेश कर रहे थे, जिसमें आलिम अंसारी,सोनू कुमार गुप्ता और सोहसराय थाने के सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस प्रशासन के मुताबिक, मामले का चौथा आरोपी मृतका का मामा रजनीश कुमार फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस शव की बरामदगी के लिए भी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### भवन निर्माण विभाग की मंत्री लेशी सिंह को लगातार आठवीं बार में मंत्री बनने पर बधाई

**कटिहार।** जनता दल (यू0) के वरिष्ठ नेता डॉ. सुशील कुमार सुमन ने बिहार सरकार में भवन निर्माण विभाग की मंत्री एवं धमदाहा की लोकप्रिय विधायक लेशी सिंह को लगातार आठवीं बार बिहार सरकार में मंत्री बनाए जाने तथा पहली बार भवन निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उनके निज आवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील कुमार सुमन ने कहा कि मंत्री लेशी सिंह केवल धमदाहा विधानसभा क्षेत्र की विधायक नहीं हैं, बल्कि पूरे सीमांचल की एक मजबूत, लोकप्रिय एवं प्रभावशाली नेत्री हैं। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में जिस प्रकार आम जनता,गरीबों,महिलाओं, किसानों एवं युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य किया है,वह उन्हें अन्य नेताओं से अलग पहचान दिलाता है। उन्होंने कहा कि मंत्री का सरल व्यक्तित्व, सहज व्यवहार,कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता एवं जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहने की भावना ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। यही कारण है कि जनता का उन पर अटूट विश्वास लगातार बना हुआ है। आठवीं बार मंत्री बनना उनकी लोकप्रियता, कार्यशैली एवं जनता के प्रति समर्पण का प्रमाण है। सीमांचल के विकास, महिलाओं के सम्मान,शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने में उनका योगदान सदैव सराहनीय रहा है। डॉ. सुमन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास और सुशासन की नई ऊँचाइयों को छू रहा है तथा मंत्री लेशी सिंह को भवन निर्माण विभाग जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे सीमांचल के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्री जी के अनुभव, दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व में विभाग नई उपलब्धियाँ हासिल करेगा तथा प्रदेश में विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि जेडीयू परिवार के लिए लेशी सिंह जी केवल एक नेता नहीं, बल्कि प्रेरणा स्रोत, मार्गदर्शक एवं अभिभावक के समान हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं को हमेशा उनसे ऊर्जा, प्रोत्साहन एवं संघर्ष की प्रेरणा मिलती रही है। इस अवसर पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता शिवप्रकाश गरोधिया,संजय सिंह,ब्रजमोहन झा एवं अंकित सिंह भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने मंत्री को शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ,सफल एवं उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की कामना की।

## लकड़ी बीनने जंगल गई युवती को सांप ने काटा, इलाज के दौरान हुई मौत



पीड़ित परिजनों को समझाते मुखिया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के पुरानी हरदिया के कचहरिया डीह मोहल्ले की एक युवती शुक्रवार को फुलवरिया डैम के किनारे स्थित ककोलतिया जंगल जलावन की लकड़ी बीनने गई थी। जंगल से लकड़ी लाने के क्रम में युवती का पैर एक जहरीले सांप पर पड़ गया। इस दौरान युवती सर्पदंश का शिकार हो गई। साथ में रहे लोगों ने घायल युवती को घर ले लाई। घर में रहे परिजनों ने तुरंत घायल युवती को इलाज के लिए रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. रौशन कुमार ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 10 बजे सर्पदंश से घायल युवती की पहचान हरदिया निवासी नरेश राजवंशी की 17 वर्षीय पुत्री ललती कुमारी के रूप में हुई है। अस्पताल में भर्ती किए जाने के दौरान ही उसकी स्थिति नाजुक थी,जिसका प्राथमिक इलाज कर एंटीवेनम आदि दिया गया। साथ ही बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया।रजौली अस्पताल से नवादा सदर अस्पताल ले जाने क्रम में ही घायल ललती कुमारी की मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही मातम पसर गया। मृतक ललती कुमारी के पिता नरेश राजवंशी ने बताया कि मेरी संझली बेटी घर में जलवान के लिए जंगल गई थी और लौटने के क्रम में सांप ने काट लिया था,जिसका इलाज के क्रम में मौत हो गई है। मृतका ललती कुमारी के माता पिता मजदूरी करके जीवन यापन करते हैं।घर में माता पिता के अलावे दो शादीशुदा बड़ी बहन और एक छोटी बहन व भाई है।

घटना के बाद पंचायत के मुखिया पिंटू साव पीड़ित परिजनों से मिल उन्हें मिलने वाली सरकारी मुआवजा में मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बरती गई लापरवाही के कारण ही युवती की मौत हुई है। साथ ही बताया कि अक्सर रजौली अस्पताल में कोई भी मरीज हो,तुरंत रेफर कर दिया जाता है। मरीज के देखभाल की जिम्मेदारी अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी नहीं उठाते हैं।

वहीं अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि सर्पदंश से एक युवती की मौत की सूचना है। मृतक के परिजन पोस्टमार्टम के बाद प्राथमिकी दर्ज करवाते हैं,तो पीड़ित परिजनों को आपदा प्रबंधन की ओर से चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

## पूर्व प्रधानाध्यापक जनार्दन प्रसाद के निधन पर पेंशनर समाज ने जताया शोक



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

कौआकोल। मध्य विद्यालय अकबरपुर के पूर्व प्रधानाध्यापक जनार्दन प्रसाद के आकस्मिक निधन पर नवादा पेंशनर समाज द्वारा एक शोक सभा का आयोजन कर गहरा दुःख व्यक्त किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता पेंशनर समाज के सचिव राम नरेश प्रसाद सिंह ने की। सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सभा को संबोधित करते हुए सचिव राम नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जनार्दन प्रसाद एक कुशल शिक्षक,मिलनसार एवं सामाजिक व्यक्तित्व के धनी इंसान थे। उन्होंने अपने लंबे शिक्षकीय जीवन में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके व्यवहार एवं कार्यशैली के कारण समाज के सभी वर्गों में उन्हें विशेष सम्मान प्राप्त था। उनका निधन शिक्षा जगत एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि जनार्दन प्रसाद हमेशा शिक्षकों एवं समाज के लोगों के सुख-दुःख में सहभागी रहते थे। उनके निधन से समाज ने एक अनुभवी एवं संवेदनशील व्यक्ति को खो दिया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अनूप प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद, रामचंद्र सिंह, हृदय नारायण सिंह, शशि भूषण वर्मा, उमाशंकर सिंह, विजय कुमार, गोरेलाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

NAWADA VIDHI MAHAVIDYALAYA

Recognised by Bar Council of India, New Delhi Govt. Of Bihar, Patna

Permanently Affiliated to Magadh University, Bodhgaya
NAAC Accredited Grade 'B'

Website :- nawadavidhi.ac.in | Email ID-nvmnawada@gmail.com

ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-2027

Courses Offered

1. B.A. LL.B. (5 Years IntegratedCourse)
2. B.B.A. LL.B. (5 Years Integrated Course)
3. LL.B. (3 Years Degree Course)
4. LL.B (HONS) 3 Years

Important Dates

>Apply form - 11th May
>Last date to apply - 10th June
>Admission Test - 15th June
>Result Publication- 18th June
>Admission Starts -22nd June

NOTE - Candidates having more than 60% and above marks in any streams are eligible for direct admission. Other conditions will remain same as per BCI New Delhi/ State norms.

CONTACT US - 9955609013, 9431224775, 9065457964
VISIT US AT- www.nawadavidhi.com

(Dr. D.N. Mishra)
Principal

NAWADA VIDHI MAHAVIDYALAYA

NAAC 'B' Grade Accredited Institution
An ISO 21001:2018 Certified Institution
Campus-I : Kendua, Akauna Bazar, Nawada, Pin-805123
Campus-II : Police Line, Jalalpur Sanokhra Road, Nawada, Pin-805112
(Conducted under societies registration Act 1860 u/s 21)

Recognised by Bar Council of India, New Delhi & Govt. of Bihar, Patna | Permanently Affiliated to Magadh University, Bodh-Gaya

Website :- nawadavidhi.org | Email ID-nvmnawada@gmail.com

Walk- In-Interview

Nawada Vidhi Mahavidyalaya invites application for the following posts –

| S.No. | Name of Post | Subject | Number of Posts | Eligbility |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Assistant Professor | Law | 06 | Qualification as per the norms of UGC/BCI/Magadh University/Govt. of Bihar |
| 2. | Assistant Professor | Non-Law | | Qualification as per the norms of UGC/BCI/ Magadh University/ Govt. of Bihar<br>Masters degree in relevant subject along with LL.B degree will be preferred |
| | | Pol. Science | 02 | |
| | | History | 02 | |
| | | Sociology | 02 | |
| | | English | 01 | |
| | | Economics | 02 | |
| | | MBA | 02 | |
| | | M.COM | 01 | |
| 3. | Computer Operator | | 02 | Graduation with Diploma/Certificate in Computer Application. |
| 4. | Electrician | | 02 | ITI |
| 5. | Plumber | | 01 | ITI |
| 6. | CareTaker | | 01 | Graduation |
| 7. | Sweeper | | 04 (Male-02 / Female-02) | Matriculation or Equivalent or Literate |
| 8. | Peon | | 04 (Male-02 / Female-02) | Matriculation or Equivalent or Literate |
| 9. | Driver | | 02 | Heavy Motor Vehicle Licence for more than 10 years |

N.B; Interested Candidates should send their updated Resume with relevant documents through registered post or on our official mail before 25th June 2026. Interview Scheduled on dated 27th June 2026 at College Campus II.

(Dr. D.N. Mishra)
Principal

# गया डीएम का आदेश, बिजली अधिकारी जनता के फोन उठाएं

## कहा- गर्मी में आपूर्ति लगातार हो, 24 घंटे अलर्ट रहे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया।** गया जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के मद्देनजर बिजली आपूर्ति को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में अनावश्यक बिजली कटौती या ट्रिपिंग नहीं होनी चाहिए और आम लोगों को लगातार बिजली मिलती रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम सामान्य होने तक बिजली विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह अलर्ट मोड में काम करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी क्षेत्र से बिजली बाधित होने या ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जाए।

**अतिरिक्त मानव बल की व्यवस्था करने की मांग:** बैठक में अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जिले के सभी क्षेत्रों में तीन पालियों में लाइनमैन और बिजली विभाग की विशेष टीमें तैनात की गई हैं, जो शिकायतों का समाधान कर रही हैं। इस पर डीएम ने मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए लाइनमैन और बिजली मरम्मत टीमों की संख्या तत्काल बढ़ाने का निर्देश दिया, ताकि शिकायतों का तेजी से निपटारा हो सके। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त मानव बल की व्यवस्था आज से ही लागू की जाए।

**अभियंताओं को फोन कॉल का जवाब देने का आदेश:** डीएम शशांक शुभंकर ने अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंताओं को आम जनता के फोन कॉल का तुरंत जवाब देने का निर्देश दिया। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कई क्षेत्रों से शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ अधिकारी लोगों के फोन कॉल रिसीव नहीं कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह बनना होगा। बैठक में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। बिजली विभाग ने जिलाधिकारी को बताया कि जिले में पर्याप्त संख्या में नए ट्रांसफार्मर उपलब्ध हैं।

**30 स्थानों पर खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने का काम:** पिछले 24 घंटे के अंदर जिले के 30 स्थानों पर खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने का काम किया गया है। शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति से निपटने के लिए तीन अलग-अलग स्थानों पर वाहनों में ट्रांसफार्मर लोड कर तैयार रखा गया है।

प्रत्येक गाड़ी पर तीन-तीन ट्रांसफार्मर रखे गए हैं, ताकि सूचना मिलते ही तुरंत खराब ट्रांसफार्मर को बदला जा सके। जिलाधिकारी ने रात के समय बिजली व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए अलग से विशेष टीम गठित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में रात्रि पाली के लिए अलग टीम तैनात रहे, ताकि रात में बिजली खराब होने की सूचना मिलने पर तत्काल मरम्मत कर लोगों को राहत पहुंचाई जा सके।

## कस्तूरबा स्कूल की 6 छात्राएं बीमार, गर्मी का दिखा असर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ चक्कर, घबराहट-कमजोरी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती

**गया।** गयाजी में पड़ रही प्रचंड गर्मी अब लोगों की सेहत पर भारी पड़ने लगी है। टिकारी अनुमंडल क्षेत्र के मखपा गांव स्थित कस्तूरबा विद्यालय में आज गर्मी की चपेट में आने से करीब छह छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्कूल की छात्राओं को चक्कर, घबराहट और कमजोरी की शिकायत होने लगी।

**फिलहाल सभी छात्राएं खतरे से बाहर:** स्थिति बिगड़ते देख विद्यालय प्रशासन ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी छात्राओं को आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल टिकारी पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में सभी का इलाज शुरू किया गया। फिलहाल सभी छात्राएं खतरे से बाहर बताई जा रही हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर उन्हें अस्पताल में ही रखा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही टिकारी एसडीओ प्रवीण कुंदन और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार रमन अस्पताल पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने छात्राओं का हाल जाना और डॉक्टरों से इलाज की जानकारी ली। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से लड़कियों की तबीयत थोड़ी खराब हुई थी। अब उनकी स्थिति सामान्य है और डॉक्टर लगातार निगरानी कर रहे हैं। जिले में गर्मी का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह से ही तेज धूप और उमस लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार सुबह छह बजे के आसपास ही तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

दोपहर में पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक है। विभाग ने हीटवेव जैसी स्थिति बने रहने की चेतावनी भी जारी की है। गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को दोपहर में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग का कहना है कि लगातार पानी पीते रहें, धूप में निकलने पर सिर ढंक कर रखें और शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार, पूछताछ के लिए गयाजी लाया गया

**गयाजी।** गयाजी साइबर पुलिस बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले युवक राजेंद्र राव उर्फ सरदार को पटना से गिरफ्तार कर लिया है। साइबर थाने की विशेष टीम ने गुरुवार देर रात कार्रवाई करते हुए आरोपी को मारूफगंज इलाके से दबोच लिया। नालंदा के लहेरियासराय थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इसकी पुष्टि एसएसपी सुशील कुमार ने की है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को गयाजी लाया गया है। एसएसपी सुशील कुमार के कार्यालय में पूछताछ की जा रही है। मौके पर सिटी एसपी कोटा किरण कुमार और साइबर डीएसपी मौजूद हैं। आरोपी किसी राजनीतिक संगठन से जुड़ा है या नहीं। उसने किसी के कहने या बहकावे में आकर धमकी भरा वीडियो तो जारी नहीं किया था। इसकी जांच की जा रही है। बता दें, बाराचट्टी में रविवार को हम विधायक ज्योति मांझी के काफिले पर हमला हुआ था। जिसके बाद केंद्रीय मंत्री ने कड़ी कार्रवाई की बात कही थी। इसके बाद बुधवार शाम को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो में युवक केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करता दिखाई दिया। उसने खुलेआम हमला करने की धमकी भी दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी विकास वैभव और एसएसपी सुशील कुमार ने तत्काल केस दर्ज कर जांच शुरू करने का आदेश दिया। इसके बाद साइबर डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी जांच और लोकेशन ट्रैकिंग के आधार पर आरोपी तक पहुंच बनाई और उसे गिरफ्तार कर लिया। गयाजी जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर मोहनपुर प्रखंड के बमुआर पंचायत के गम्भीरा गांव की एक सड़क आजादी के बाद से अब तक पक्की नहीं बनी। गम्भीरा गांव तक पहुंचने वाली करीब 20 किलो मीटर लंबी सड़क सरवां से बोधगया बाइपास को जोड़ती है। सड़क पर तीन पुल बनने हैं, जो शिलान्यास के बाद से निर्माणाधीन हैं। इस सड़क पर तीन जगहों पर तीन बरसाती नदियां गुजरती हैं। सरवां से गम्भीरा के बीच दो नदियों पर लोग जान जोखिम में डालकर आम दिनों में निकलते हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और खराब हो जाती है। महादेव स्थान से गम्भीरा तक पक्की सड़क का नामोनिशान नहीं है। गांव वाले हर साल चंदा करते हैं। श्रमदान करते हैं। मिट्टी डालकर रास्ता बनाते हैं। लेकिन पहली बारिश में सड़क फिर दलदल बन जाती है। यही वह रास्ता है, जहां रविवार को विधायक की गाड़ी फंसी और फिर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

### उपेंद्र यादव हत्याकांड में केस दर्ज , 25 को बनाया आरोपी, मोबाइल विवाद में बेरहमी से मर्डर



**गयाजी।** गयाजी पुलिस ने ई-रिक्शा ड्राइवर उपेंद्र यादव(40) हत्याकांड में जांच तेज कर दी है। पत्नी के आवेदन पर 25 लोगों को नामजद बनाया गया है। केस दर्जकर मामले की छानबीन की जा रही है। परिवार के लोगों ने अपहरण कर हत्या का आरोप लगाया है। घटना बोधगया के रामपुर गांव की है। जानकारी के मुताबिक उपेंद्र बुधवार दोपहर करीब 12 बजे घर से निकले थे। देर शाम तक नहीं लौटे। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं कुछ पता नहीं चला। थक-हारकर परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस बीच गुरुवार की दोपहर गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर महादलित टोला के पास झाड़ियों में शव बरामद हुआ। ग्रामीणों के अनुसार उपेंद्र का महादलित टोला के कुछ युवकों के साथ मोबाइल चोरी को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के बीच काफी कहासुनी और तनाव की स्थिति बन गई थी। हालांकि बाद में गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। बताया जा रहा है कि उसी विवाद के बाद से उपेंद्र लापता थे। प्रथम दृष्टया जांच में हत्या काफी बेरहमी से किए जाने की बात सामने आ रही है। मृतक के शरीर पर गंभीर चोट के कई निशान मिले हैं। बताया जा रहा है कि उनकी एक आंख भी फोड़ दी गई थी। शरीर पर बुरी तरह से मारपीट के निशान थे। पीठ के हिस्से पर गर्म पानी डालने जैसे निशान और फफोले मिले हैं। इस घटना के बाद से गांव के लोगों में काफी आक्रोश है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल और डॉग स्क्वायड टीम को भी बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल के पास स्थित एक बंद घर से कई अहम साक्ष्य जुटाए। डॉग स्क्वायड की टीम ने भी आसपास के इलाके में जांच-पड़ताल की थी। मौके पर बोधगया थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह, मगध विश्वविद्यालय थाना प्रभारी, क्षेत्रीय विधायक कुमार सर्वजीत और नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र यादव पहुंचे थे। बोधगया थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी के बयान पर 25 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभी आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। छानबीन की जा रही है।

### गयाजी में संदिग्ध हालत में महिला की मौत, पति पर हत्या का आरोप; मां बोली- बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था

**गयाजी।** गयाजी शहर के गोदावरी कुम्हार टोली में शुक्रवार को एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। करंट से झुलसने के बाद ससुराल पक्ष के लोग मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मायके पक्ष ने पति पर सुनियोजित तरीके से हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान दुलारी देवी के तौर पर हुई है। साल 2012 में शादी हुई है। 12 साल का एक बेटा और 2 साल की एक बेटी है। घटना रामपुर थाना क्षेत्र की है। मृतका की मां आशा देवी ने दामाद मनोज चौधरी पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की मौत सामान्य हादसा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या हो सकती है। मेरी बेटी लंबे समय से घरेलू हिंसा का शिकार हो रही थी। छोटी-छोटी बात पर उसे पीटा जाता था। कई बार उसने मुझे बताया भी था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस घटनास्थल से अहम जानकारियां जुटा रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है ताकि मौत के वास्तविक कारण का पता चल सके। इस संबंध में रामपुर थानाध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया परिवार वालों ने करंट लगने से मौत होने की बात कही है। हालांकि मायके पक्ष की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

### युवक से मारपीट, पटना में तोड़ा दम, परिजनों के हंगामे के बाद एक आरोपी गिरफ्तार

**नालन्दा।** नालंदा के दौलतपुर मिल्कीपर गांव में मंगलवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में घायल युवक की मौत हो गई है। पटना में इलाज चल रहा था। मृतक की पहचान सुरेन्द्र महतो के पुत्र हरेन्द्र कुमार(32) के तौर पर हुई है। पुलिस ने मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना चंडी थाना क्षेत्र की है। 20 मई को चंडी पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोगों ने हरेन्द्र कुमार को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल के भाई इन्द्रजीत कुमार के आवेदन पर चंडी थाना में कांड दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। गंभीर हालत में घायल हरेन्द्र को इलाज के लिए पटना के कुम्हरार स्थित यूनिवर्सल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने गुरुवार को दम तोड़ दिया। मौत के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर चंडी में सड़क जाम कर दिया। प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। हत्या की इस वारदात के बाद चंडी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नामदा आरोपी विक्की राम को गिरफ्तार कर लिया है, जो चंडी थाना क्षेत्र के गोसईमठ गांव का रहने वाला है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई लाठी को भी बरामद कर लिया है। मामले की वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए बारीकी से निरीक्षण किया और जमीन पर गिरे खून के धब्बे और लाठी को जांच के लिए जब्त कर लिया है।

## 80 हजार एनपीए खाताधारकों को कर्ज से मिलेगी राहत

# गयाजी में बिहार ग्रामीण बैंक का कैंपेन शुरू, ग्राहकों का क्रेडिट स्कोर सुधरेगा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया।** गयाजी में बिहार ग्रामीण बैंक ने आज 'प्रहार कैंपेन' नाम का एक विशेष समझौता अभियान शुरू किया है। बैंक के एजीएम रीजनल मैनेजर विकास कुमार ने एपी कॉलोनी स्थित बैंक में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुराने एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) खाताधारकों को कर्ज से राहत दिलाना और बैंक को एनपीए मुक्त बनाना है। विकास कुमार ने बताया कि बैंक ने एक विशेष समझौता परिपत्र लागू किया है। इसके तहत उन सभी ऋणधारकों को लाभ मिलेगा, जिन्होंने बैंक से किसी भी योजना के अंतर्गत ऋण लिया था और उनका खाता किसी कारणवश एनपीए श्रेणी में चला गया। बैंक अब ऐसे ग्राहकों को न्यूनतम राशि में समझौता कर कर्ज से मुक्त होने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है।

**खाताधारक को राहत मिलने की उम्मीद:** उन्होंने जानकारी दी कि अकेले गया में 80 हजार से अधिक ऐसे ऋणधारक हैं, जिनके खाते एनपीए हो चुके हैं। इन सभी को इस विशेष अभियान के तहत राहत मिलने की उम्मीद है। बैंक प्रबंधन का प्रयास है कि सालों से कर्ज के बोझ और बैंक नोटिस के कारण परेशान पुराने खाताधारकों को आर्थिक और मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सके। एजीएम रीजनल मैनेजर विकास कुमार ने यह भी बताया कि जिले में 25 हजार से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खाते भी एनपीए हो चुके हैं। इस अभियान के तहत केसीसी धारकों को भी विशेष छूट का लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे किसानों और आम ऋणधारकों के लिए एक बड़ा अवसर बताया, क्योंकि बैंक की ओर से दी जा रही छूट लगभग ऋण माफी के समान है। विकास कुमार ने सभी पुराने ऋणधारकों से अपील की कि वे बिना किसी डर या झिझक के बैंक शाखाओं में पहुंचें और अपने ऋण का समझौता कराकर इस योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि ऋणमुक्त होने के बाद ग्राहकों का क्रेडिट स्कोर सुधर जाएगा, जिससे भविष्य में उन्हें दोबारा बैंक से आसानी से लोन मिल सकेगा। चाहे व्यवसाय शुरू करना हो, खेती के लिए ऋण लेना हो या किसी अन्य जरूरत के लिए बैंक सहायता चाहिए हो, बेहतर क्रेडिट स्कोर से सभी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल यह विशेष समझौता अभियान जून महीने तक चलाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर इसकी अवधि आगे भी बढ़ाई जा सकती है।

# एग्जाम में पकड़ाया मोबाइल, छात्रा ने पहली मंजिल से लगाई छलांग

## गया कॉलेज में ग्रेजुएशन के छठे सेमेस्टर की परीक्षा, लड़की के पैर में लगी चोट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**गया।** गया कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में आज एग्जाम के दौरान मोबाइल पकड़े जाने से नाराज एक छात्रा ने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। घटना गया कॉलेज के नीतीश कुमार भवन की है। राहत की बात रही कि छात्रा को गंभीर चोट नहीं आई। उसके पैर में मामूली खिंचाव आया है। इलाज के बाद उसकी हालत सामान्य है। छात्रा नैना कुमारी गौतमबुद्ध महिला कॉलेज की स्नातक हिंदी छठे सेमेस्टर की परीक्षार्थी है। वह गया कॉलेज केंद्र पर परीक्षा देने पहुंची थी। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी छात्रों का मोबाइल बाहर रखवा लिया गया था। इसके बावजूद कुछ परीक्षार्थी मोबाइल लेकर परीक्षा हॉल में प्रवेश कर गए थे।

**नियम के अनुसार कॉपी हुई थी जब्त:** प्रिंसिपल सतीश चंद्र ने बताया कि विश्वविद्यालय के निर्देश पर कॉलेज प्रशासन ने परीक्षा में कड़ाई बरतने के लिए उड़नदस्ता टीम बनाई थी। टीम परीक्षा हॉल में जांच कर रही थी। इसी दौरान कुछ छात्रों के पास मोबाइल मिले। नियम के तहत उनकी उत्तर पुस्तिका कुछ देर के लिए जब्त कर उन्हें परीक्षा कक्ष से बाहर खड़ा किया गया था।

**डॉक्टर बोले- छात्रा खतरे से बाहर:** इसी बीच सूचना मिली कि एक छात्रा, जिसका मोबाइल पकड़ा गया था, उसने पहली मंजिल से छलांग लगा दी है। सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन और शिक्षक मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में डॉक्टरों की टीम को बुलाया गया। जांच के बाद छात्रा का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने बताया कि छात्रा खतरे से बाहर है और उसे सिर्फ मामूली चोट आई है।

सूत्रों का कहना है कि छात्रा सीधे जमीन पर नहीं कूदी थी। पहले वह पहली मंजिल से नीचे बने छज्जे पर कूदी और फिर वहां से जमीन पर छलांग लगा दी। इसी वजह से बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद कॉलेज प्रशासन भी सतर्क हो गया है। परीक्षा केंद्र पर निगरानी और सख्त कर दी गई है। बता दें कि छात्रा के छलांग लगाने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की गया महानगर इकाई ने गया कॉलेज में प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ताओं ने गया कॉलेज के मुख्य द्वार पर हेड मास्टर का पुतला दहन किया और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

# बिश्रामपुर में राधा-कृष्ण विवाह बना आस्था का केंद्र,हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और भक्ति गीतों के बीच देर रात तक झूमते रहे श्रद्धालु

♦ श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब पूज्य गौरांगी गौरी जी ने सुनाया धर्म और मर्यादा का संदेश, राधा-कृष्ण विवाह ने बांधा समां



उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़।



कथा वाचक स्वरूप पंडित गौरांगी गौरी जी कथा सुनाते हुए।

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र के बिश्रामपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान गुरुवार की रात भक्ति, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक स्वरूप पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों, धर्म, मर्यादा और मानवता का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं कथा के समापन में आयोजित राधा-कृष्ण विवाह और भव्य झांकी ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं कथा के दौरान पूज्य गौरांगी गौरी जी ने कहा कि आज लोग भगवान श्रीकृष्ण के जीवन की चर्चा तो करते हैं, लेकिन उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास कम करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से सत्य, प्रेम, धैर्य और मानवता के मार्ग पर चलने की अपील की। साथ ही पतिव्रता धर्म और नारी शक्ति पर आधारित मार्मिक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सच्ची आस्था और विश्वास में अपार शक्ति होती है। कथा के दौरान श्रद्धालु भावुक होकर भक्ति रस में डूबे नजर आए। रात में राधा-कृष्ण विवाह का आयोजन पूरे वैदिक विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराया गया। इससे पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे और जयकारों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। पूरा गांव "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा। राधा-कृष्ण की जयमाला के दौरान ड्रोन हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जिसने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया। वहीं आतिशबाजी, पटाखों और रंग-बिरंगी फुलझड़ियों ने माहौल को और भी भव्य बना दिया। विवाह उत्सव के दौरान श्रद्धालु देर रात तक भक्ति गीतों पर झूमते रहे। महायज्ञ परिसर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष इंतजाम किए गए थे। पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर नजर आया।

# गयाजी का घुघड़ी टाड़ पुल जर्जर कई हिस्सों में गहरे गड्ढे बने



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया शहर के बाईपास-मानपुर स्थित घुघड़ी टाड़ पुल कई महीनों से जर्जर हालत में है। प्रशासन और संबंधित विभाग ने अब तक इसकी मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। स्थानीय लोगों ने बड़े हादसे की आशंका जताई है। यह पुल गया-पटना मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहन, मंत्री, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और वीआईपी लोग इसी मार्ग से गुजरते हैं। विष्णुपद मंदिर और सीताकुंड जाने वाले श्रद्धालु और तीर्थयात्री भी इसी पुल का उपयोग करते हैं।

**कई हिस्सों में गहरे गड्ढे बने:** स्थानीय निवासियों के अनुसार, पुल के कई हिस्सों में गहरे गड्ढे बन गए हैं और सड़क की ऊपरी परत क्षतिग्रस्त हो चुकी है। रात के समय अंधेरे के कारण यह पुल और भी खतरनाक हो जाता है, जिससे वाहन चालकों को टूटे हुए हिस्से स्पष्ट दिखाई नहीं देते। कई बार छोटे वाहन और बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचे हैं। बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि इसी मार्ग पर नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। करोड़ों रुपये खर्च कर नई सड़कें बनाई जा रही हैं, जबकि इस महत्वपूर्ण पुल की अनदेखी की जा रही है।

स्थानीय दुकानदारों और वाहन चालकों के अनुसार, जर्जर पुल के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। भारी वाहनों को पुल पार करने में अधिक समय लगता है, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और यात्रियों को परेशानी होती है।

लोगों ने जिला प्रशासन, सड़क निर्माण विभाग और जनप्रतिनिधियों से अविलंब पुल की मरम्मत कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि किसी बड़े हादसे के बाद प्रशासन जागेगा तो उसका कोई मतलब नहीं रहेगा।

इस संबंध में निर्माण विभाग के अधिकारी रंजीत सिंह का कहना है की आपके द्वारा ही जानकारी दी जा रही है, मैं इसे दिखवा लेता हूं। पुल पुरानी हो गई होगी, इसलिए जर्जर हो गई होगी। अगर ऐसा है तो मरम्मत किया जाएगा।

# क्लास 5 तक के स्कूल बंद, गर्मी को लेकर प्रशासन का फैसला, कक्षा 6 से 8 तक के समय में बदलाव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा।** नालंदा में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बच्चों की सुरक्षा के लिए कदम उठाया है। दोपहर के समय अत्यधिक गर्मी के कारण छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को देखते हुए जिले के स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने शुक्रवार, 22 मई को 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023' की धारा-163 के तहत एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों सहित) में कक्षा 5 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही, कक्षा 6 से वर्ग 8 तक की कक्षाओं के संचालन पर सुबह 10:30 बजे के बाद रोक रहेगी। यानी कक्षा 6 से 8 तक की पढ़ाई केवल सुबह 10:30 बजे तक ही संचालित की जा सकेगी।

**कब से कब तक लागू रहेगा आदेश?:** जिलाधिकारी की ओर से जारी यह नया आदेश कल यानी 23 मई 2026 से लागू होकर 26 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा। जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी स्कूल प्रबंधनों को सख्त निर्देश दिया है कि वे इस आदेश के अनुरूप ही अपनी शैक्षणिक गतिविधियों और टाइम-टेबल को पुनर्निर्धारित (रीशेड्यूल) करें। आदेश का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना मे चार घायल

**कोचस (रोहतास)**। थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे पर शुक्रवार को अनियंत्रित ई रिक्शा पलट गई जिसमें दो युवति समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में निरंजन कुमार उम्र 29 वर्ष ,ददन सिंह उम्र 50 वर्ष, अंजली कुमारी उम्र 18 वर्ष एवं स्वाति कुमारी 20 वर्ष शामिल है, सभी घायल ग्राम सामपुर जिला बक्सर के बताए गए है। घटना के बारे में बताया जाता है कि सभी घायल बक्सर से कोचस के तरफ आ रहे थे तभी शहर के निकट स्टेट हाईवे पर ई रिक्शा नियंत्रित हो पलट गई इस हादसे मे चार लोग घायल हो गए, स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा मौके पर उपस्थित चिकित्सक डॉ अविनाश कुमार ने स्थिति गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

### अज्ञात चोरों ने घर मे की चोरी, लाखो रुपए की जेवरात हुई चोरी

**कोचस (रोहतास)**। फिलहाल में थाना क्षेत्र में हुई चोरी के बाद लोग भय मे जी रहे हैं. जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है.वही थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में 19 मई को रात्रि में तीन घरों में गिरीश उपाध्याय, लल्लन तातों व रामलाल तातों के घर में घुसकर गेहूं समेत अन्य सामग्री की चोरी हुई थी। जबकि गुरुवार की रात्रि में थाना क्षेत्र के सेमरियां निवासी मुन्ना शर्मा के घर में घुसकर लाखों रुपये के गहने, कपड़ा वर्तन व नगदी समेत अन्य सामग्री को चोरो ने चोरी कर ली। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया की मामला को गंभीरता से लेते हुए चोरो की पहचान करने में पुलिस जुट गयी है। वहीं भाजपा पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष संतोष तिवारी ने कहा कि पुलिस कि निष्क्रियता बढ़ती है तो अपराधियों का सम्राज्य फैलता है और चोरी की घटनाएं बढ़ती है. इसपर तत्काल नकेल कसनी चाहिए।

### डेहरी अनुमंडल न्यायालय परिसर में अभियोजन कार्यालय भवन का सपना साकार, भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य की शुरुआत

**डेहरी (रोहतास)** डेहरी अनुमंडल न्यायालय परिसर में वर्षों से महसूस की जा रही एक महत्वपूर्ण आवश्यकता अब पूरी होने जा रही है। न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अभियोजन कार्यालय भवन निर्माण कार्य का शुक्रवार को विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस नई पहल से न्यायिक कार्यों को और व्यवस्थित तथा सुविधाजनक बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। अब तक डेहरी अनुमंडल न्यायालय का अपना भवन तो मौजूद था, लेकिन अभियोजन कार्यालय के लिए अलग भवन नहीं होने के कारण कार्यों के संचालन में कई तरह की व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लंबे समय से इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे लेकर अब पहल शुरू कर दी गई है।अनुमंडल न्यायालय परिसर में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि नए भवन के निर्माण से न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी और अभियोजन शाखा को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्थानीय लोगों और न्यायिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद अब लोगों को इसके जल्द पूरा होने का इंतजार है।

### दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को किया गिरफ्तार भेजा जेल

**काराकाट /रोहतास**। थाना पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने यह जानकारी दी। पुलिस ने वर्ष 2016 के एक मारपीट मामले में न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद शुक्रवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना क्षेत्र के नाद गांव निवासी जमुना सिंह के पुत्र परशुराम सिंह को उसके ही गांव से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार, परशुराम सिंह कई दिनों से फरार चल रहा था और गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त, पुलिस ने हाल ही में दर्ज कांड संख्या 186/26 के दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। बुढ़वल गांव निवासी मारपीट मामले के आरोपी शिव मूरत मेहता और संजीव मेहता, दोनों पिता सत्यनारायण मेहता, को गुप्त सूचना के आधार पर उनके घर से पकड़ा गया। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में गश्त तेज कर दी गई है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और फरार आरोपियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके।

### मरम्मति कार्य को लेकर शनिवार को निर्धारित समय तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बिक्रमगंज/ रोहतास**। विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से नारायणपुर ग्रिड में आवश्यक मरम्मति एवं तकनीकी कार्य किया जाना है। इस कार्य को लेकर 23 मई (शनिवार) को कुछ क्षेत्रों में निर्धारित समय के लिए विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। विभाग द्वारा यह कार्य विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार और भविष्य में संभावित तकनीकी समस्याओं को कम करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 7:00 बजे से 8:00 बजे तक संझौली क्षेत्र तथा सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक सूर्यपुरा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली सेवा अस्थायी रूप से बंद रहेगी, ताकि ग्रिड में मरम्मति कार्य सुरक्षित एवं सुचारु रूप से पूरा किया जा सके। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध सेवा उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर ग्रिड एवं विद्युत संरचनाओं का रखरखाव एवं तकनीकी उन्नयन कार्य किया जाता है। इसी क्रम में नारायणपुर ग्रिड में भी आवश्यक मरम्मति कार्य प्रस्तावित है। सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज उपेंद्र सिंह ने बताया कि निर्धारित अवधि के दौरान ग्रिड में आवश्यक मरम्मति का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पहले अपने सभी जरूरी बिजली संबंधित कार्य निपटा लें तथा विभागीय कार्य में सहयोग प्रदान करें।

### थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों मे हुए मारपीट मे दो घायल, रेफर

**कोचस (रोहतास)** थाना क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में हुए दो पक्षों मे हुई मारपीट में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. पहली घटना थाना क्षेत्र के कुछीला गांव में हुई जहां पड़ोस के द्वारा ईट जोड़ाई के लिए रखे गए सीमेंट मसाला को घायल महिला गुलनाज खातून के सास ने उठा मकान की परत को भरने लगी तभी पड़ोस के इसरार अंसारी गाली गलौज करने लगा, जहां सास को बचाने गई



गुलनाज के साथ पड़ोसी मार पीट कर घायल कर दिया, परिजनो के सहयोग से उपचार के लिए महिला को पीएचसी लाया जहां चिकित्सको ने उपचार उपरांत स्थिति गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।

वही दूसरी घटना थाना क्षेत्र के खदाव से है जहां पूर्व से चली आ रही विवाद मे दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष के राजकुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए परिजनों की सहायता से उपचार के लिए पीएससी लाया गया जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सको ने उपचार के बाद शरीर में आंतरिक चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। इसकी पुष्टि पीएससी चिकित्सक डॉ अविनाश कुमार ने की है।

## चोरी की घटना से इलाके में दहशत

# चोरी की घटना में हो रही बढ़ोतरी से जनता चिंतित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- पुलिस जांच पड़ताल करने की बात से बच जाती है
- गृहस्वामी में असंतोष बढ़ रही है सफलता की कोई आसार नहीं

**काराकाट / रोहतास**। थाना क्षेत्र के सखवां गांव में अज्ञात चोरों ने रविवार रात को एक घर में प्रवेश कर वहां रखे 15,000 नगद और करीब 7 लाख कीमत के गहने पार कर दिए। सोमवार सुबह घर के लोग जागे तो घर का सामान बिखरा मिला। परिजनों ने तुरंत डायल 112 व थाना को सूचित किया।

घटना की सूचना पर थाना अध्यक्ष विवेक कुमार व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गहन जांच-पड़ताल की। पुलिस ने डॉग स्क्वायड बुलाकर पूरे घर व आसपास का सर्वे किया, लेकिन देर संध्या तक मौके से कोई ठोस सुराग नहीं मिला। सखवां गांव निवासी उदय तिवारी ने थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि चोर संभवतः बगल खपड़े वाले मकान से प्रवेश कर घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे गए। उनके अनुसार गायब हुए गहनों में सोने का मंगलसूत्र, झुमका, चेन, अंगूठी और कुछ कपड़े शामिल हैं। गृहस्वामी स्वामी उदय तिवारी ने बताया कि अभी तक की पुलिस को सफलता नहीं मिली है जिस कारण पूरा परिवार सदमा में है । थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच हर पहलू से की जा रही है। उन्होंने कहा कि डॉग स्क्वायड की टीम ने गहनता से साइट की तलाशी ली है और जल्दी ही चोरों तक पहुंचने के लिये प्रयास जारी हैं। थाना अध्यक्ष ने कहा कि हम किसी भी मामला को चुनौती की तरह लेते हैं अभी सफलता नहीं मिली है लेकिन कोशिश जारी है और जल्द सफलता मिलेगी लेकिन गिरी स्वामी ने कहा कि याद के नाम पर मामला को टाला जा रहा है अभी तक सफलता नहीं मिलना सोचनीय विषय है।

## सहयोग शिविर तैयारी को लेकर अधिकारियों ने किया बैठक



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर**। बरना पंचायत सरकार भवन पर आयोजित सहयोग शिविर तैयारियों की रिहर्सल करते हुए प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारियो की बैठक शुक्रवार को अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सुभाष कुमार के मौजूदगी में हुई.

बीडीओ रविराज ने बताया कि राज्य के नागरिकों के समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के लिए सरकार द्वारा पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजित किया जा रहा है.प्रखंड के बरना पंचायत में दो जून को सहयोग शिविर आयोजित है.सरकार द्वारा जनहित में संचालित लोक कल्याणकारी योजना यथा राशन, पेंशन आवास, बिजली,सड़क, भूमि विवाद,आय जाति निवास एवं ईडब्ल्यूएस आदी से जुडी समस्याओं का गांव में हीं समाधान के लिए सहयोग शिविर के दौरान आवेदन लिये जायेंगे. इस दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का विवरण राज्य सरकार के पोर्टल पर दर्ज होगा.अधिकारी उसकी मानिटरिंग करेंगे.जिससे अधिक से अधिक लोग अपनी समस्याओं के समाधान से लाभान्वित हो सके.

मौके पर बरना पंचायत मुखिया योगेन्द्र चौधरी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्राण रंजन प्रसाद, कृषि पदाधिकारी अखिलेश कुमार, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार,बाल विकास परियोजना एलएस आरती कुमारी,विद्युत जेई शनि कुमार गुप्ता,जिविका के सुधांशु तेज गौरव समेत अन्य मौजूद रहे.

## रोहतास जिला में भष्टाचार पर निगरानी विभाग का एक और बड़ा प्रहार

- सासाराम के सदर अस्पताल में सिविल सर्जन कार्यालय से क्लर्क सतीश कुमार को निगरानी ने टांगा
- सबसे बड़ी सवाल : भष्टाचार पर कब लगेगी लगाम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम**। सदर अस्पताल सासाराम में स्थित सिविल सर्जन कार्यालय से निगरानी विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।

बताते चले की निगरानी विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। निगरानी विभाग की टीम ने रोहतास सिविल सर्जन कार्यालय के प्रधान सहायक सतीश कुमार को 20 हजार रुपए रिश्वत के रूप में लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है| पटना से आई निगरानी की टीम ने प्रधान सहायक को दबोचा।

बताया जाता है कि ट्रांसफर के लिए वह रिश्वत ले रहा था। इसी क्रम में निगरानी के हत्थे चढ़ गया। घटना के बाद अस्पताल कर्मियों और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## आदर्श मध्य विद्यालय की रसोईया के असामयिक निधन से शोक की लहर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के करगहर स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में कार्यरत रसोईया रीना कुंवर का शुक्रवार को असामयिक निधन हो गया। घटना के बाद विद्यालय परिवार एवं परिजनों में शोक का माहौल व्याप्त है।



जानकारी के अनुसार रीना कुंवर विद्यालय में रसोईया के रूप में कार्यरत थीं। शुक्रवार की अहले सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन एवं स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें जमुहार स्थित नारायण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शीला कुमारी, रिजवान अंसारी सहित कई शिक्षक मौके पर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल बना रहा। मुखिया प्रतिनिधि लाल बाबू कुमार, समाजसेवी सतेंद्र नारायण सिंह, पूर्व मुखिया विनोद सिंह, सत्यम पांडेय, अनिल गुप्ता, कपिल सेठ, प्रदीप सेठ, धर्मवीर सोनी, जितेंद्र सोनी, सरोज सोनी, अरुण सेठ, मिथलेश सेठ, चंदन सोनी समेत कई लोगों ने परिजनों को ढांढस बंधाया। बताया जाता है कि रीना कुंवर के पति का निधन पहले ही हो चुका था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। उनके निधन के बाद परिवार के समक्ष भरण-पोषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। रीना कुंवर अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गई हैं।

## विद्युत ऊर्जा चोरी के मामले में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, छापेमारी में पकड़ी गई बिजली चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसटीएफ एवं विद्युत विभाग की संयुक्त छापेमारी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक औद्योगिक परिसर में बिजली चोरी का मामला उजागर किया है। जांच के दौरान उपभोक्ता द्वारा मीटर बायपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग किए जाने का मामला सामने आया, जिससे विभाग को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हुई है।

जानकारी के अनुसार छापेमारी दल ने सुभाष नगर, डेहरी निवासी सुनील कुमार सिंह, पिता– बिमल शरण सिंह द्वारा संचालित औद्योगिक परिसर (बर्फ फैक्ट्री) की जांच की। जांच के दौरान परिसर में स्थापित थ्री फेज मीटर एवं सर्विस वायर की गहन जांच की गई।

जांच में पाया गया कि मीटर से पहले मेन इनकमिंग थ्री फेज सर्विस वायर को काटकर एक अन्य तार जोड़ दिया गया था, जिसके माध्यम से मीटर की वास्तविक खपत को बाधित करते हुए मीटर बायपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा था। इससे बिजली की वास्तविक खपत मीटर में दर्ज नहीं हो रही थी तथा विभाग को लगातार राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही थी।

विभागीय आकलन के अनुसार इस अवैध बिजली उपयोग के कारण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को कुल 1177247 (ग्यारह लाख सतहत्तर हजार दो सौ सैंतालीस रुपये) की अनुमानित राजस्व क्षति हुई है। विभाग द्वारा ऊर्जा चोरी में उपयोग किए गए थ्री फेज मीटर एवं थ्री फेज टैप्ड प्वाइंट सर्विस वायर को जब्त कर लिया गया है। जांच दल में एसटीएफ के अधीक्षण अभियंता नवीन कुमार, विद्युत अधीक्षण अभियंता इंद्रदेव कुमार एवं अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

## नाबालिग लड़की बरामद प्रेमी गिरफ्तार, चापाकल के पास मिले खून के निशान से मचा था हड़कंप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डिहरी (रोहतास)**। जिले के इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक प्रेमी युगल ने घर से भागने के लिए अपनी हत्या का झूठा नाटक रच डाला। दोनों ने चापाकल के पास मुर्गे का खून फैलाकर पुलिस और परिजनों को गुमराह करने की कोशिश की। पुलिस ने 13 दिन बाद दोनों को महाराष्ट्र के भिवंडी से सकुशल बरामद कर लिया है।

डिहरी एसडीपीओ वन अतुलेश झा ने इंद्रपुरी थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 30 अप्रैल 2026 को ग्राम बडीहा निवासी एक व्यक्ति ने थाने में आवेदन दिया कि उसकी नाबालिग पुत्री 30 अप्रैल की रात 1:30 बजे से घर से गायब है। तलाश के दौरान घर में चापाकल के पास खून के धब्बे मिले। सूचना पर FSL टीम, स्वान दस्ता व DIU टीम मौके पर पहुंची।

काण्ड सं0 84/26, धारा 137(2)/96 बी0एन0एस0 के तहत केस दर्ज कर SDPO डिहरी-1 के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच में मयंक कुमार (18 वर्ष 21 दिन), पिता मुरारी सोनी, ग्राम बॉक, थाना अकोढ़ीगोला का नाम सामने आया। पता चला कि वह वर्तमान में भिवंडी, ठाणे, महाराष्ट्र में रह रहा है।

गठित टीम ने 13 मई 2026 को भिवंडी से नाबालिग लड़की को बरामद किया और मुख्य अभियुक्त मयंक



कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर इन्द्रपुरी लाया गया।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों पिछले 5 साल से प्रेम संबंध में थे। 25 अप्रैल 2026 को दोनों ने भागकर शादी करने का प्लान बनाया। परिवार व लोगों की नजर में लड़की को मृत दिखाने के लिए साजिश रची गई। प्लान के तहत मयंक एक जिंदा मुर्गा लाया और लड़की ने उसे काटकर खून चापाकल के पास फैला दिया। साथ ही खून से हाथ-पैर के निशान बना दिए ताकि लगे कि लड़की की हत्या कर दी गई है और कोई उसकी तलाश न करे। फिलहाल पुलिस ने नाबालिक लड़की को बरामद करते हुए मुख्य अभियुक्त मयंक कुमार को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।।

### मकराईन में पुरानी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, दो पक्षों में भिड़ंत; एक घायल

**डेहरी (रोहतास)**। डेहरी के डालमियानगर थाना क्षेत्र स्थित मकराईन इलाके में शुक्रवार को पुरानी रंजिश एक बार फिर विवाद की वजह बन गई, जहां दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ी और मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसके बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल व्यक्ति का उपचार कराया गया। वहीं दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और जांच के दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बैंक और जीविका के समन्वय से सशक्त होंगी ग्रामीण महिलाएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नोखा**। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रवि शंकर और जीविका के बीपीम रवि कांत के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को बैंक परिसर में एक दिवसीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और बैंक व जीविका के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रमुख रवि शंकर ने ग्रामीण विकास में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीविका सदस्य बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। वहीं, बैंक के छेत्रिय अधिकारी पीयूष और राजेश कुमार ने जीविका के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वरोजगार के महत्व को रेखांकित किया। बैठक के दौरान जीविका के नोडल अधिकारी रवि कांत , प्रदीप कुमार, और सोनी कुमारी ने संयुक्त रूप से बैंक की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी।

**मुख्य रूप से इन विषयों पर विस्तार से की गई चर्चा**: बैठक में स्वयं सहायता समूह ऋण प्रक्रिया, नारी



शक्ति स्कीम एवं सामाजिक सुरक्षा योजना, पीएम सूर्य घर योजना और वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्रीय कार्यालय के skvk मुख्य प्रबंधक पीयूष और राजेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अधिकारि स्वर में बैंक और जीविका के बीच तालमेल का आर मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के जरिए ग्रामीण विकास को नई दिशा देने का संकल्प लिया।

## डेहरी में मेट्रो की उठी मांग, बढ़ती आबादी और जाम से राहत के लिए टीम डेहरीयंस ने रखा विजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)** डेहरी शहर में लगातार बढ़ती आबादी, ट्रैफिक दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए अब शहर में मेट्रो रेल परियोजना की मांग तेज होने लगी है। सामाजिक संगठन टीम डेहरीयंस ने राज्य सरकार के समक्ष डेहरी ऑन सोन में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की मांग उठाई है। संगठन का कहना है कि राज्य के अन्य बड़े शहरों की तर्ज पर डेहरी को भी आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सुविधा से जोड़ा जाना चाहिए। टीम डेहरीयंस के सदस्यों का कहना है कि वर्तमान समय में डेहरी शहर में हजारों की संख्या में ई-रिक्शा, ऑटो और अन्य छोटे-बड़े वाहन सड़कों पर संचालित हो रहे हैं, जिससे शहर के प्रमुख इलाकों में आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। आने वाले वर्षों में शहर की आबादी और शहरी विस्तार बढ़ने के साथ यह समस्या और गंभीर हो सकती है। ऐसे में



समय रहते बेहतर और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की जरूरत महसूस की जा रही है। संगठन की ओर से डेहरी मेट्रो रूट फेज-1 का एक प्रारंभिक प्रस्ताव भी सामने रखा गया है। प्रस्तावित पिंक लाइन को राजपुर, केशो बिगहा, अकोढ़ीगोला, डालमियानगर, डेहरी स्टेशन, अंबेडकर चौक, इंद्रपुरी होते हुए तिलौथू तक जोड़ने की बात कही गई है। वहीं येलो लाइन को श्मशान घाट, बस स्टैंड, रामारानी चौक, वीर कुंवर सिंह चौक, कोयला डिपो, डेहरी एयरपोर्ट और जमुहार तक विस्तारित करने का सुझाव दिया गया है। इस मुद्दे को लेकर आयोजित वर्चुअल बैठक में टीम डेहरीयंस के संस्थापक एवं अध्यक्ष चंदन कुमार सहित कई सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में शहर के भविष्य और ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों का मानना है कि यदि भविष्य को ध्यान में रखकर अभी से योजना बनाई जाए तो डेहरी शहर को एक आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आकाशीय बिजली गिरने से मजदूर की मौत

**अररिया।** अररिया में शुक्रवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के पलासी वार्ड संख्या-2 की है। मृतक की पहचान शंकर पासवान(59) के रूप में हुई है। शंकर पासवान अपने घर में खाना बनाने के लिए जलावन लाने गए थे। इसी दौरान उन पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

**3 दिन पहले बेटी की हुई थी शादीः** घटना की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों और परिजनों की भीड़ जमा हो गई। इस दुखद घटना से परिवार में मातम छा गया है और सभी गहरे सदमे में हैं। बताया गया है कि मृतक शंकर पासवान की बेटी की शादी तीन दिन पहले ही हुई थी। वह अभी तक अपने ससुराल में ही है। शंकर पासवान अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और 3 बेटियों को छोड़ गए हैं।

### सरकारी जमीन से हटाया गया अतिक्रमण

**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलकपुर पंचायत के लश्करी और खिरजान मौजा में को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जा हटाया। जेसीबी से अतिक्रमण हटाने के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक-एक कर सभी अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया।

**जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की थीः** जानकारी के अनुसार, उक्त दोनों मौजा में लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या बनी हुई थी। स्थानीय लोगों ने जिला अधिकारियों को आवेदन देकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की थी। अतिक्रमण के कारण रास्ता और सार्वजनिक जगह काफी संकरी हो गई थी, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बताया गया कि 12 लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया था। इनमें पक्के मकान से लेकर झोपड़ियां तक शामिल थीं। अंचल कार्यालय की ओर से कई बार अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

**पुलिस बल के साथ प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंचीः** गुरुवार को सीओ कुमारी सुषमा के निर्देश पर राजस्व अधिकारी सूरजेश्वर श्रीवास्तव के नेतृत्व में रजौन पुलिस बल के साथ प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। जैसे ही पक्के मकानों पर बुलडोजर चलाया गया, लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने विरोध जताते हुए कहा कि मेहनत से बनाए गए घर तोड़े जा रहे हैं और अब उनके सामने रहने की समस्या खड़ी हो जाएगी। राजस्व अधिकारी ने बताया कि सभी 12 अतिक्रमणकारियों का कब्जा हटा दिया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तेल चोर गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया में ट्रांसफार्मर और हाईवे पर खड़े वाहनों से तेल चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। नरपतगंज थाना पुलिस ने इस मामले में तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 420 लीटर तेल भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 400 लीटर डीजल और 20 लीटर ट्रांसफार्मर का तेल बरामद किया। इसके साथ ही, 4 खाली प्लास्टिक के डिब्बे और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। नरपतगंज थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि मोहम्मद इकबाल उर्फ मंगला अपने साथियों के साथ चोरी का ट्रांसफार्मर तेल बेचने जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती टीम ने इकबाल को चोरी के तेल के साथ पकड़ा। पूछताछ में इकबाल ने तेल खरीदने वाले सलीम का नाम बताया, जिसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। सलीम के घर के पीछे छिपाकर रखा गया तेल बरामद किया गया।

**आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजाः** गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद इकबाल उर्फ मंगला (पिता मोहम्मद डोमी, भजनपुर वार्ड-10), इरशाद (पिता मोहम्मद ईसा, भजनपुर वार्ड-1) और सलीम (पिता इसहाक, फेना बेलाही, थाना बथनाहा) के रूप में हुई है। तीनों को नरपतगंज थाने में कांड संख्या 273/26 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस छापेमारी टीम में नरपतगंज थानाध्यक्ष संजय कुमार, बथनाहा थानाध्यक्ष, पु.अ.नि. राजवीर कुमार, स.अ.नि. संजय कुमार सिंह, अशोक कुमार प्रसाद, विनोद कुमार और सिपाही मनीष कुमार सिंह शामिल थे। ट्रांसफार्मर से तेल चोरी विद्युत विभाग के लिए एक बड़ी समस्या है, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होती है। वाहनों से डीजल चोरी भी परिवहन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाती है। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की आगे की जांच चल रही है।

### सात दिवसीय भागवत कथा को लेकर बैंड बाजों के साथ निकली कलश शोभायात्रा

**अररिया।** फारबिसगंज के परवाहा में सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा को लेकर शुक्रवार को बैंड बाजों के साथ भव्य शोभायात्रा जुलूस निकाली गई। शंखध्वनि, गाजे-बाजे और राधे-राधे के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। आयोजन स्थल से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायज्ञ की कलश यात्रा निकली, जिसमें पारंपरिक परिधानों में 551 महिलाओं और युवतियों ने कलश के साथ शोभायात्रा में हिस्सा लिया। कलश यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए ब्राह्मण टोला स्थित महावीर मंदिर पहुंचा। महावीर मंदिर प्रांगण में पहुंचते ही पूरा माहौल राममय और कृष्णमय हो गया। विद्वान पंडितों द्वारा पूरी विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के बीच सभी 551 कलशों में पवित्र जल भरा गया। जिसके बाद कलश यात्रा पुनः मुख्य आयोजन स्थल पहुंचा। विधि-विधान से कलशों को स्थापित कर कथा का शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष मुखिया प्रतिनिधि पुण्यानंद मंडल,उपाध्यक्ष रामकुमार मंडल,कोषाध्यक्ष अभिषेक साह, सचिव चेयरमैन रंजीत शर्मा के साथ ग्रामीण रजत मंडल, संजय दास, निक्कू झा, अंकु मंडल, सोनू मंडल, गौरव मंडल, निशु राय, उमेश रजक, जीवछ मंडल और विभाष केसरी सहित अन्य सफल बनाने में जुटे हैं।

### योग दिवस की तैयारी में जिला प्रशासन, पंचायत स्तरीय खेल मैदानों में लग रहा योग शिविर

**अररिया।** जिलाधिकारी विनोद दूहन के दिशा निर्देश में जिला प्रशासन योग दिवस को सफल बनाने में पूरी तरह जुट गई है। पंचायत स्तरीय खेल मैदानों में योग शिविर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ एवं स्टाफ नर्स द्वारा किया जा रहा है। शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जानकारी भी दी जा रही है। योग शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित करना है। पंचायत स्तरीय खेल मैदानों में संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों द्वारा भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिला खेल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पंचायत स्तर पर नियमित रूप से योग शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़कर स्वस्थ एवं निरोग जीवन अपना सकें।

### सिविल सोसाइटी ने एनएफ रेलवे के जीएम को रेल सुविधाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अररिया।** गलगलिया-अररिया नवनिर्मित रेल लाइन के विंडो इंस्पेक्शन के क्रम में अररिया कोर्ट पहुंचे एनएफ रेलवे के महाप्रबंधक चेतन श्रीवास्तव से शुक्रवार को रेलवे संगठन से जुड़े अधिकारियों ने भेंटकर उन्हें रेल सुविधाओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। फारबिसगंज सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मांगीलाल गोलछा,इंडो-नेपाल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ रेल यूजर्स के सदस्य विनोद सरावगी, डीआरयूसीसी सदस्य राजा मिश्रा,रेल संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य पवन मिश्रा तथा स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य सुशील घोषाल ने एनएफ रेलवे के जीएम से मुलाकात की।

# एनएच-28 पर महिला ने ड्राइवर को पीटा, गाड़ी में धक्का लगने से थी नाराज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में NH पर एक महिला की दबंगई सामने आई है। पुलिस का स्टीकर लगे कार में पिकअप से खरोंच लगने के बाद कार सवार महिला ने बीच सड़क पर पिकअप ड्राइवर को कॉलर पकड़ कर नीचे उतार लिया। इसके बाद उसकी पिटाई कर दी। महिला काफी देर तक ड्राइवर के साथ बदतमीजी करते रही। इस दौरान महिला ने पिटाई के अलावा ड्राइवर के साथ काफी गाली गलौज भी किया। अब उस महिला की दबंगई का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। शादीशुदा महिला सिमरिया गांव की रहने वाली है। कार अशोक कुमार राय के नाम से रजिस्टर्ड है। कार पर पुलिस का स्टीकर लगाने का खुलासा नहीं हो सका है। दरअसल NH-28 पर बछवाड़ा थाना क्षेत्र के मुरली टोल के पास स्थित टॉल प्लाजा पर 21 मई की दोपहर पिकअप टैक्स देने के रुका हुआ था।तभी पीछे से आई महिला की कार उससे टकरा गई। जिससे पुलिस स्टीकर लगे कार का अगला हिस्सा थोड़ा क्षतिग्रस्त हो गया।

**कॉलर पकड़ कर की पिटाईः** इसके बाद महिला कार से उतरी और पिकअप ड्राइवर को कॉलर पकड़कर उतारते हुए पिटाई करने लगी। वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि महिला किस तरह ड्राइवर का कॉलर पकड़कर कभी इधर तो कभी उधर ले जा रही है। बीच-बीच में उसकी पिटाई कर रही है। उसे मां-बहन की गंदा गाली दे रही है। इस दौरान बछवाड़ा थाना की पुलिस गश्ती गाड़ी पहुंची तो पुलिस के सामने भी महिला दबंगई करती रही और गाली गलौज कर हो हंगामा करती रही। करीब 1 घंटे तक हमगामा हुआ और जाम लग गया। लोग महिला की दबंगई देखकर काफी हैरान थे। थाना प्रभारी गितेंद्र उपाध्याय ने बताया कि टोल प्लाजा के पास एक महिला और ड्राइवर में विवाद हो गया था। स्थानीय लोगों ने बछवाड़ा थाना को इसकी सूचना दी, तो पुलिस मौके पर पहुंची। महिला और ड्राइवर को समझा-बुझाकर विवाद खत्म करवा दिया गया।

## बीच धार में नाव हुई खराब, 100 यात्री फंसे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में गंगा नदी के बीच यात्रियों से भरी एक नाव बीच धार में खराब हो गई। नाव बरारी गंगा घाट से महादेवपुर गंगा घाट जा रही थी। इसी दौरान अचानक नाव का इंजन बंद हो गया और नाव बीच गंगा में ही रुक गई। नाव पर करीब 100 से ज्यादा लोग सवार थे। इनमें महिलाएं, बच्चे और मरीज भी शामिल थे। नाव के बीच नदी में फंसते ही यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। लोग घबराकर मदद की गुहार लगाने लगे। घटना की सूचना मिलते ही SDRF की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। SDRF जवानों ने काफी मशक्कत के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वहीं नाव पर सवार लोगों ने बताया कि अचानक इंजन बंद होने से सभी लोग काफी डर गए थे। खासकर मरीजों और बच्चों के परिजन काफी सहमे हुए थे।

**एसडीआरएफ की पेट्रोलिंग टीम ने की कार्रवाईः** SDRF इंस्पेक्टर नीलू ने बताया कि महादेवपुर से बरारी, भागलपुर आने के दौरान एक नाव के ओवरलोड होने और बीच नदी में खराब हो जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही नदी में गश्त कर रही एसडीआरएफ की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। नाव में 100 से अधिक यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल राहत और बचाव काम शुरू किया गया। पहले से मौजूद एसडीआरएफ की बोट के माध्यम से बीमार लोगों, महिलाओं और बुजुर्ग यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इंस्पेक्टर नीलू के अनुसार, जिस नाव में खराबी आई थी, उसके दो नट टूट गए थे। मौके पर ही नाव की मरम्मत कर दोबारा नट लगाए गए, जिसके बाद नाव को फिर से चालू कर दिया गया।

## रेलवे स्टेशन कैंपस से 69.450 लीटर शराब बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर।** भागलपुर में रेल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रेलवे स्टेशन के पश्चिमी एंट्री गेट पर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर मौके से 2 तस्करों की गिरफ्तारी हुई है। एक ऑटो भी जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, आरपीएफ पोस्ट को सूचना मिली थी कि सर्कुलेटिंग एरिया में ऑटो के जरिए विदेशी शराब की खेप लाई जा रही है। इनपुट के आधार पर आरपीएफ इंस्पेक्टर अमित कुमार गिरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें सब इंस्पेक्टर पूर्णेंदु कुमार, सहायक सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल उत्तम सरकार और कांस्टेबल राज कुमार शामिल थे।

**ऑटो से विदेशी शराब बरामदः** टीम ने स्टेशन परिसर के पास सघन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध ऑटो (BR-10PC-1905) को रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान अलग-अलग ब्रांड की कुल 69.450 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। अनुमानित कीमत करीब 28 हजार 540 रुपए बताई जा रही है। दोनों से खेप के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

**धंधे में शामिल लोगों की तलाश जारीः** आरपीएफ इंस्पेक्टर एके गिरी ने बताया शराब कहां से लाई गई थी और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी, इसकी जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान केशव कुमार मंडल और सत्यम कुमार के रूप में हुई है।

## रिश्तेदारों ने की जमकर पिटाई, पूर्व मुखिया सहित 4 लोग घायल, गंभीर हालत में 2 पटना रेफर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बुधवार को मारपीट हुई है। घटना सिंघौल थाना क्षेत्र स्थित देवा नगर की है। इस मारपीट में अमरौर किरतपुर के पूर्व मुखिया प्रवीण कुमार सिंह, प्रभाकर रमण, सूरज कुमार और दिवाकर सिंह उर्फ छोटू घायल हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। जहां पूर्व मुखिया प्रवीण कुमार सिंह व प्रभाकर रमण की स्थिति गंभीर रहने के कारण पटना रेफर कर दिया गया है। पूरी घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे बेरहमी से पिटाई की गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि प्रवीण कुमार सिंह के परिवार की 6 भाई की 18 कट्ठा जमीन देवा नगर में है। जिसमें हिस्सेदारी को लेकर प्रवीण कुमार सिंह और शंभू सिंह के बीच झगड़ा हो रहा था। शंभू सिंह जमीन छोड़ना नहीं चाह रहे थे, जबकि प्रवीण अपने हिस्सा की जमीन मांग रहे थे। इसी को लेकर आज प्रवीण सिंह पक्ष के तीन भाई अपने हिस्से की जमीन जोतने गए तो खेत पर झगड़ा हो गया। पुलिस पहुंची और दोनों पक्ष को समझा-बुझाकर वापस चली आई। इसके बाद जमीन पर से सभी लोग वापस घर आ रहे थे। तभी रास्ते में देवा नगर में ही विपिन कुमार सिंह के यहां बैठकर चर्चा होने लगी।

**लोहे के रॉड और ईंट से हमला कर दियाः** तभी एक स्कॉर्पियो पर सवार चार-पांच युवक आए और लाठी-डंडा, लोहे के रॉड और ईंट से हमला कर दिया। जिसमें चार लोग घायल हुए। वहीं विपिन कुमार सिंह की पत्नी एवं एक बच्चा बाल-बाल बच गया। फिलहाल घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। इस संबंध में दिवाकर सिंह ने बताया कि हम लोगों का देवानगर में जमीन है। लंबे समय से चाचा शंभू सिंह ही जमीन जोत करते थे। आज हम उनके घर पर जाकर कहने गए कि हमारा जमीन छोड़ दीजिए।


**भागलपुर–कटिहार–भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन**

**ग्रीष्म मौसम** के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03407/03408 **भागलपुर – कटिहार – भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहरावों, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:–

| भागलपुर – कटिहार अनारक्षित स्पेशल | | (03407) (03408) स्टेशन | कटिहार–भागलपुर अनारक्षित स्पेशल | |
|---|---|---|---|---|
| आ. | प्र. | | आ. | प्र. |
| -- | **07.00** | ↓ भागलपुर | **20.20** | -- |
| 07.41 | 07.43 | सुल्तानगंज | 18.46 | 18.48 |
| 09.10 | 09.15 | मुंगेर | 17.50 | 17.55 |
| 10.17 | 10.19 | मानसी जंक्शन | 16.27 | 16.29 |
| 11.06 | 11.08 | नवगछिया | 15.23 | 15.25 |
| **13.00** | -- | कटिहार ↑ | -- | **14.10** |

**उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में अकबरनगर, कल्याणपुर रोड, बरियारपुर, रतनपुर, सबदलपुर जंक्शन, खगड़िया जंक्शन, थाना बिहपुर जंक्शन, कुर्सेला और काढ़ागोला रोड स्टेशनों पर भी रुकेंगी। ● **आवागमन के दिन : भागलपुर से :** 03407 **दिनांक** 23.05.2026 **से** 01.06.2026 **तक (दैनिक)** = 10 **ट्रिप और कटिहार से :** 03408 **दिनांक** 23.05.2026 **से** 01.06.2026 **तक (दैनिक)** = 10 **ट्रिप।** ● **गठन:** साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) : 13, एसएलआरडी : 02 = 15 कोच। ● **कैटेगरी :** पैसेंजर।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना योजना से सुनील ने खोला मूढ़ी फैक्टरी

**अररिया।** अररिया के बैद्यनाथपुर वार्ड संख्या-5, गिदरिया निवासी सुनील कुमार साह ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME) का लाभ उठाकर अपनी जिंदगी की दिशा बदल दी है। आज वे न सिर्फ आत्मनिर्भर हैं, बल्कि गांव के 25 युवाओं को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। वर्तमान में उन्हें इस स्वरोजगार से प्रतिमाह लगभग 50 हजार रुपए की आय हो रही है। सुनील कुमार साह ने उद्योग विभाग, अररिया के माध्यम से PMFME योजना के तहत पांच लाख रुपए का ऋण प्राप्त किया। इस राशि का उपयोग कर उन्होंने अपने गांव में ही एक आधुनिक मूढ़ी फैक्टरी स्थापित की। फैक्टरी शुरू होने के बाद उनकी आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार आया।

अनुदान मिलने से वित्तीय बोझ हुआ कमः सुनील बताते हैं कि पहले वे रोजगार के लिए गांव से बाहर जाने की सोच रहे थे। केंद्र सरकार की इस योजना ने उनकी स्थिति में बदलाव लाया। उन्हें 35 प्रतिशत अनुदान मिलने से वित्तीय बोझ काफी कम हुआ, जिससे बाकी राशि चुकाना आसान हो गया। यह योजना सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई है। इसके तहत उद्यमियों को वित्तीय सहायता, तकनीकी मदद और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाता है।

### कुएं में डूबने से 7वीं के छात्र की मौत

**बांका।** बांका में गुरुवार को एक छात्र की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना बंधुआ कुरावा थाना क्षेत्र के बभनी बगीचा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की है। मृतक की पहचान सुनील मंडल का बेटा राहुल कुमार(14) के रूप में हुई है। वो सातवीं कक्षा का छात्र था। दोपहर में मध्यान्ह भोजन के बाद राहुल कुछ अन्य बच्चों के साथ विद्यालय परिसर से बाहर चला गया था। गांव के समीप एक पुराने मिट्टी के कुएं के पास खेलते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुएं में गिर गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कुएं से बाहर निकालने से पहले तोड़ा दमः आसपास मौजूद लोगों ने बच्चे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक पानी में रहने के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

काफी मशक्कत के बाद राहुल को कुएं से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने बच्चे के शव को विद्यालय परिसर में रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने विद्यालय प्रशासन पर बच्चों की निगरानी में लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि यदि बच्चों की उचित निगरानी की जाती, तो यह हादसा टाला जा सकता था।


**AFFIDAVIT**

I Ramesh Kumar S/o Chandrika Sahni Residence of correspondence Address-Kshatriya Nagar Behind Om Petrol Pump ward no **04**, Aurangabad **(**Bihar**)** pin **824101** Permanent Address village +P.O-Pirapur P.S- Jandaha District-Vaishali **(**Bihar**)** Pin **844505** do hereby and confirm that

**1.** I am the proprietor of M/S Kishan Tobacco Agency having GST No **10**CBGPK**1454**B1ZG, Aadhar no **4086 4222 2748** Pan no CBGPK**1454**B.

**2.** Now the name of My firm M/S Kishan Tobacco Agency is changed to M/S Aarav Traders with same GST, M/S Kishan Tobacco Agency is not in existence as of now same GST no **10**CBGPK**1454**B1ZG is continue with Aarav Traders.

**3.** Thus both the firms i.e M/S Kishan Tobacco Agency and M/S Aarav Traders belongs to the same proprietor not change in proprietor name Ramesh Kumar and that all assets and liabilities continue unchanged.

**4.** Although trade name M/S Kishan Tobacco Agency is changed as M/S Aarav Trader but neither ownership is changed nor transfer of business.

**5.** It is also confirmed that PAN of proprietor will remain unchanged and contractual liabilities will remain same for both trade name.

**6.** I have avail CC limit of Rs **20** lakh in the name of M/S Kishan Tobacco Agency now the limit has been reduced to **15** lakh . All the liabilities of M/S Tobacco Agency is continue with Aarav Traders.

I do hereby declare that the contents of this affidavit Para **1** to **5** are true and correct to the best of my personal knowledge and belief .

**रमेश कुमार**
**(शपथकर्ता)**

**शपथ सं. 11444** **दिनांक :4.05.2026**



**जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद**

बिहार सरकार

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत औरंगाबाद जिला में संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास औरंगाबाद में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन लिया जाना है।

उक्त छात्रावास में रिक्तियों के विरुद्ध **नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिनांक– 22.05.2026 से दिनांक– 18.06.2026 तक ऑनलाइन** के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। नामांकन हेतु इच्छुक छात्र **bcebconline.bihar.gov.in** पर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

| जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में नामांकन की शर्तें (कुल रिक्त सीट–18) | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावस में नामांकन की शर्तें (कुल रिक्त सीट–100) |
|---|---|
| 1. आवेदक अति पिछड़ा वर्ग का छात्र हो।<br>2. आवेदक बिहार राज्य का स्थायी निवासी हो।<br>3. आवेदक औरंगाबाद जिला स्थित किसी सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।<br>4. आवेदक न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण हो।<br>5. अर्हता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।<br>6. 5 प्रतिशत सीट दिव्यांग छात्रों हेतु आरक्षित रहेगी। | 1. आवेदक पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग का छात्र हो।<br>2. आवेदक बिहार राज्य का स्थायी निवासी हो।<br>3. आवेदक औरंगाबाद जिला स्थित किसी सरकारी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।<br>4. आवेदक न्यूनतम मैट्रिक उत्तीर्ण हो।<br>5. अर्हता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।<br>6. 5 प्रतिशत सीट दिव्यांग छात्रों हेतु आरक्षित रहेगी। |

**छात्रों को मिलने वाली निःशुल्क सुविधाएँ**

1. निःशुल्क आवास सुविधा।
2. सुरक्षा कर्मी, सफाई कर्मी एवं रसोइया की व्यवस्था।
3. विद्युत सुविधा, पंखा, बल्ब, साइलेंट जनरेटर, सी.सी.टी.वी. एवं Wifi सुविधा।
4. भौतिक एवं डिजिटल लाइब्रेरी, प्रतियोगी पुस्तकें, मासिक पत्रिकाएँ एवं दैनिक समाचार पत्र।
5. खेलकूद सामग्री की सुविधा।
6. शुद्ध पेयजल की सुविधा।
7. प्रति छात्र प्रति माह 15 किलोग्राम खाद्यान्न (09 किलोग्राम चावल एवं 06 किलोग्राम गेहूँ)।
8. प्रति छात्र प्रति माह ₹2000/– छात्रावास अनुदान का लाभ।

**आवेदन की प्रक्रिया**

1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे।
2. आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो (02 प्रति)।
4. वैध जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
5. औरंगाबाद जिला स्थित शिक्षण संस्थान में नामांकन संबंधी प्रमाण–पत्र।
6. आधार कार्ड की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति।
7. विगत परीक्षा के अंकपत्र की छायाप्रति।
8. बैंक पासबुक की छायाप्रति (खाता संख्या एवं IFSC कोड सहित)।
9. छात्रावास में अनुशासन पालन संबंधी शपथ–पत्र।

नोटः– त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद**

**PR. No. 003997 (Sci.&Tech. ) 2026-27**

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना संख्याः ओ–एसी–टी–37–26–27 (खुली), दिनांक** 21.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **केस संख्या : ओ–एसी–टी–37–26–27, कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के लिए पाकुड़/तिलभीटा क्वैरी से बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनों में 100000 घनमी मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **बोली प्रणाली :** दो पैकेट। **निविदा मूल्य :** रु.18,91,96,000/–, **बयाना राशि :** रु. 37,83,900/–, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 18 माह । **बंद होने की तिथि और समयः** 15.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-108/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–टीआईबी–बीजेडएल–बीपीएई–26–27, दिनांकः** 21.05.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई–टीआईबी–बीजेडएल–बीपीएई–26–27** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत उपनगरीय खंडों में बेलानगर, बेगमपुर, बारुईपाड़ा, चंदनपुर, मसाग्राम (5 स्टेशनों) पर आईपीआईएस सिस्टम का प्रतिस्थापन। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 6,36,93,250.85, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूतिः** रु. 12,73,900/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 21.05.2026 को 16.42 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 01.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 15.06.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-93/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता ने जहर खाकर की आत्महत्या

**आरा।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पासी टोला में जहर खाने से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद FSL की टीम मौके पर पहुंची और कई महत्वपूर्ण साक्ष्य इकठ्ठा किए। मृतका के कमरे से सल्फास की पुड़िया भी बरामद हुई है। मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पासी टोला वार्ड नंबर-3 निवासी शंकर प्रसाद की 36 वर्षीया पत्नी अनीता देवी है। इधर, मृतका के पति शंकर प्रसाद ने बताया कि वह पेशे हलवाई है और शादी-विवाह और पार्टियों में मिठाई बनाने का काम करते हैं। कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर नगर मिठाई बनाने के लिए गए थे। इसी बीच उनकी पत्नी अनीता देवी ने जहर खा लिया। घर पहुंचे तो उनकी मां ने कहा बहू लगातार उल्टी कर रही है और बेहोश हो जा रही है। उसने जहर खा लिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।सूचना स्थानीय थाना को दी।

**तीन बच्चों के सिर से उठा मां का साया:** सूचना पाकर स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जा रहा कि सास-बहू में घरेलू कलाह को लेकर बराबर झगड़ा होता रहता था। उसी झगड़े के कारण जहर खाने की बात सामने जा रही है। बताया जाता है कि मृतका आपकी शादी वर्ष 2013 में हुई थी। उसे 2 बेटियां वैष्णवी कुमारी, राधिका कुमारी और एक बेटा भैरव कुमार है। इस घटना के बाद परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**आरा।** भोजपुर में संदिग्ध हालत में एक युवक का शव सड़क किनारे मिला है। चेहर और शरीर पर चोट के निशान है। सड़क हादसे में मौत की आशंका है। मृतक की पहचान सरैया गांव निवासी भगत सिंह के पुत्र विद्या सिंह(20) के तौर पर हुई है। गुजरात में प्राइवेट कंपनी में काम करता था। छुट्टी पर घर आया था। घटना टाउन थाना क्षेत्र के गौसगंज की है।

**बिना बताए घर से निकला था:** मृतक की बहन रेखा देवी ने बताया कि बीते माह 27 अप्रैल को मौसी संगीता देवी की बेटी अंजली कुमारी की शादी थी। घर में मुंडन भी था। जिसको लेकर वह गुजरात से गांव आया था। बुधवार की सुबह वह घर से बिना कुछ बोले निकला था। इसी बीच देर शाम सड़क किनारे उसका शव मिला।

**परिवार के सदस्यों का बुरा हाल:** सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। परिवार में मां श्याम सुंदरी देवी, बहन रेखा, रश्मि और एक भाई सूरज है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। मां श्याम सुंदरी देवी परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### घर से निकले युवक की तीसरे दिन लाश मिली

**आरा।** आरा के टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव में घर से निकले युवक का शव तीसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव थाना क्षेत्र के सिंह कॉलोनी स्थित बांध के किनारे से बुधवार की सुबह बरामद किया गया। मृतक का शरीर क्षत-विक्षत, सड़ा एवं कीड़ा लगा हुआ पाया गया है। हालांकि मृतक की मौत कैसे हुई। यह स्पष्ट नहीं हो सका है। शव के मिलने से आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही गांव निवासी जवाहीर पासवान का 18 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार है।

**मृतक का भाई बोला- बिना बताए घर से निकला था, देर रात तक नहीं लौटा:** इधर, मृतक के भाई पवन कुमार ने बताया कि रविवार की शाम वह घर से बिना कुछ बोल ही निकला था और रात में घर वापस नहीं लौटा। जिसके बाद परिजन द्वारा शहर के कई जगहों पर उसकी खोजबीन की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसके बाद मंगलवार को मृतक के परिजन स्थानीय थाना में भी इसकी शिकायत करने गए थे। इसी बीच बुधवार सुबह बांध के पास रहने वाले स्थानीय लोगों को बदबू आई तो वहां के लोगों ने देखा कि सिंह कॉलोनी स्थित बांध किनारे एक शव पड़ा है। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उसके परिजन एवं स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर परिजन व स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंची। तब पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। लेकिन शव क्षत-विक्षत हो जाने के कारण ऑन ड्यूटी चिकित्सक की ओर से पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी तरफ मृतक के भाई पवन कुमार ने अपने भाई के गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। साथ ही उसने किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार का कोई आशंका या आआरोप नहीं लगाया है। पुलिस की ओर से बनाया गया मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई व दो बहन में पांचवें स्थान पर था। उसके परिवार में मां पनमाता देवी, चार भाई पप्पू कुमार, अप्पू कुमार,पवन कुमार, संतोष कुमार व दो बहन बेबी कुमारी एवं रीना कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की मां पनमाता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बॉयफ्रेंड ने शादी से किया इनकार, गर्लफ्रेंड ने किया सुसाइड

**आरा।** भोजपुर में मंगलवार रात युवती ने जहर खाकर सुसाइड कर ली। मां-पिता ने शादी के लिए रिश्ता तय किया था। युवती अपने बॉयफ्रेंड से शादी करना चाहती थी, पर बॉयफ्रेंड ने कहा कि मैं तुमसे शादी नहीं करूंगा। जिसके बाद युवती काफी तनाव में आ गई। गुस्से में आकर लड़की ने जहर खा लिया। परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर गए थे, पर जान नहीं बची। मृतका कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर नगर वार्ड नंबर 9 निवासी सुनील चौधरी की बेटी अंजली कुमारी (19) है। जिसका एक साल से अफेयर चल रहा था।

**शादी समारोह से शुरू हुई लव स्टोरी:** मृतका की बहन गुड़िया कुमारी ने बताया कि एक साल पहले नानी घर में शादी थी। वहां अरलव का एक लड़का आया था। उसी समय अंजली उससे मिली थी। दोनों ने एक-दूसरे को पसंद कर लिया था। दोनों अक्सर बातें किया करते थे। इसी दौरान अफेयर शुरू हो गया था।

**मां-पिता लव मैरिज के लिए राजी हो गए थे:** बहन गुड़िया कहती है कि अंजली की शादी मां-पिता ने कहीं और तय कर दी। उन्हें नहीं पता था कि अंजली का किसी लड़के से अफेयर चल रहा है। अंजली ने घर में कह दिया था कि मैं जिससे प्यार करती हूं उसी से शादी करूंगी। मां-पिता ने भी कह दिया था कि तुम जिससे शादी करोगी हमलोग तुम्हारी उससे शादी करा देंगे। जिसके अंजली ने अपने बॉयफ्रेंड से शादी की बात कही, पर उसने मना कर दिया।

**2 भाई-बहन में छोटी थी:** बताया जाता है कि मृतका अपने 2 भाई और दो बहन में छोटी थी। उसके परिवार में मां मधु देवी और 2 भाई पंकज कुमार, आकाश कुमार और एक बहन गुड़िया कुमारी है। घटना के बाद मृतका के घर में मातम है। घटना के बाद मृतका की मां मधु देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### साइकिल सवार गार्ड को रौंदा, मौत

**आरा।** आरा में स्कॉर्पियो ने साइकिल सवार गार्ड को रौंद दिया। वे नाइट ड्यूटी के लिए जा रहे थे। तभी हादसा हुआ, मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। आक्रोशित ग्रामीण और परिजन ने आरा-पटना मुख्य मार्ग को धनुपरा गांव के पास 3 घंटे जाम कर दिया और आगजनी की। लोग मुआवजे की मांग कर रहे थे। जाम के दौरान वाहनों की लंबी लाइन लग गई। घटना टाउन थाना क्षेत्र धनुपरा स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास की है।

**पुलिस के आने के बाद हटा जाम:** मृतक टाउन थाना क्षेत्र के रघु टोला निवासी योगेश्वर राय के 55 वर्षीय बेटे दरोगा यादव हैं। घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई सुरेंद्र राय ने बताया कि वह रघु टोला स्थित फोर लेन के पास धर्म कांटा पर नाइट गार्ड की ड्यूटी करते है। मंगलवार की देर शाम वह साइकिल से ड्यूटी जा रहे थे। इसी दौरान धनुपरा स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अज्ञात स्कॉर्पियो ने उन्हें रौंद दिया। जाम की सूचना बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराकर जाम को हटवाया। मृतक के घर में पत्नी सोनी देवी और एक बेटी चांदमुनी देवी है।

# सुवेंदु अधिकारी पीए हत्याकांड बक्सर जेल के कैदी से पूछताछ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ हत्याकांड की जांच एक बार फिर बिहार की ओर मुड़ गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने बक्सर सेंट्रल जेल में बंद कैदी से पूछताछ की। CBI की दिल्ली टीम गुरुवार को बक्सर सेंट्रल जेल पहुंची और वहां बंद एक आरोपी को न्यायालय से रिमांड पर लेकर दिल्ली रवाना हो गई। इस कार्रवाई के बाद हत्याकांड के तार बिहार और उत्तर प्रदेश से जुड़े होने की बात सामने आई है। रिमांड पर लिया गया आरोपी संजय राय, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के जमानियां थाना क्षेत्र स्थित मतसा गांव का निवासी है। जो कुछ दिनों से शराब तस्करी के केस में बक्सर सेंट्रल जेल में बंद था। सूत्रों की मानें तो जांच के दौरान CBI को ऐसे कई अहम साक्ष्य मिले हैं, जिनसे चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में उसकी संलिप्तता का संदेह है। बता दें कि बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



**शराब के साथ बिहार पुलिस ने किया था गिरफ्तार:** आरोपी संजय राय को 11 मई को राजपुर पुलिस ने यूपी की सीमा से लगे सायर घाट से गिरफ्तार किया था। रूटीन जांच के तहत उसकी गिरफ्तारी हुई थी। जांच के दौरान पुलिस ने उसके पास से पांच लीटर शराब बरामद की थी। पुलिस के अनुसार संजय राय के खिलाफ अन्य कोई आपराधिक मामला दर्ज होने की सूचना नहीं है।

**जानबूझकर गिरफ्तार होने का शक:** अनुमान लगाया जा रहा है कि संजय राय ने जान बूझकर खुद की गिरफ्तारी करवाई। वो शराब के साथ बिहार पहुंचा और रूटीन जांच के दौरान पकड़ा गया। दरअसल, वो अपने आप को गिरफ्तार करवाया कर सेंट्रल जेल में सुरक्षित होना चाह रहा था।

**चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में अहम कड़ी:** जमानियां थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी विनय राय उर्फ पमपम की गिरफ्तारी के बाद CBI अब उसके पूरे नेटवर्क पर ध्यान केंद्रित कर रही है। संजय राय एजेंसी की रडार पर था। उसकी तलाश में गाजीपुर, वाराणसी, दिल्ली और बिहार सहित कई संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की गई थी। जांच एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार, संजय राय की गिरफ्तारी के लिए गहन अभियान भी चलाया गया। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी को मोबाइल कॉल डिटेल, आपराधिक नेटवर्क और लेन-देन से जुड़े कुछ ऐसे सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर संजय राय से पूछताछ को अहम माना जा रहा है। CBI ने अदालत में रिमांड की अर्जी दाखिल की थी, जिसे स्वीकृति मिलने के बाद टीम आरोपी को अपने साथ ले गई।

**बक्सर से अबतक 3 लोग गिरफ्तार:** इस मामले में बक्सर का कनेक्शन पहले भी सामने आ चुका है। कुछ दिन पहले बिहार एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में बक्सर से दो युवक मयंक मिश्रा और विक्की मौर्य को गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने आरोपियों को 24 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

## बधार में मिला पेंटर का शव



♦ दूसरे दिन हुई पहचान, घर से गांव के युवक के साथ निकला था, पिला-खिलाकर मारने का आरोप

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम बधार में मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई है। मृतक रंजीत कुमार सिंह(30) जगदीशपुर वार्ड नंबर 18 का रहने वाला था। पेशे से पेंटर था। नगर भारत गैस एजेंसी के पास से शव मिला था। हाथ-पैर पर जले का निशान मिला था। मृतक के परिजनों ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे घर से गांव के ही ललटू नामक युवक के साथ निकाला था। देर रात स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से इस घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद परिवार के लोग आरा सदर अस्पताल पहुंचे। शव को देख उसकी पहचान की। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

**घर में मचा कोहराम:** परिजन में ललटू पर पिला-खिलाकर मारने की आशंका जताई है। हालांकि गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार के विवाद और दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। मृतक अपने तीन भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिवार में पत्नी श्वेता कुशवाहा और दो वर्ष की पुत्री स्वीटी कुमारी है। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मंत्री की एडिटेड फोटो पोस्ट करने पर केस दर्ज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** आरा में सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की एडिटेड और आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फेसबुक पर 'Bhai Tyagi Yadav' नामक प्रोफाइल आईडी से केंद्रीय मंत्री की तस्वीर को एडिट कर जातिसूचक शब्दों के साथ पोस्ट किया गया था। पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और सोशल मीडिया कोषांग ने तत्काल इसकी जांच शुरू कर दी।

**आरोपी के खिलाफ कार्रवाई तेज:** पुलिस अधीक्षक कार्यालय भोजपुर (आरा) की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि संबंधित पोस्ट के माध्यम से केंद्रीय मंत्री की छवि खराब करने के साथ-साथ समाज में जातीय वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया गया। मामले की जांच के दौरान फेसबुक आईडी का सत्यापन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है। इस मामले में साइबर थाना कांड संख्या 38/26 दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी:** भोजपुर पुलिस ने साफ कहा है कि किसी भी व्यक्ति की तस्वीर का दुरुपयोग कर सोशल मीडिया पर भ्रामक, फर्जी, आपत्तिजनक या जातिसूचक सामग्री पोस्ट करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। समाज में नफरत, भ्रम या तनाव फैलाने वाले पोस्ट करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

**सख्त कार्रवाई की चेतावनी:** भोजपुर पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल करें। किसी भी व्यक्ति, जाति या धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी, एडिटेड फोटो या भ्रामक पोस्ट साझा करने से बचें। अन्यथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी

## ट्रेन से गिरकर पिता-बेटे की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर आज जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर यूपी निवासी पिता-बेटेकी मौत हो गई। बेटे की घटनास्थल पर व पिता ने इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में दम तोड़ दिया। मृतकों में उत्तर प्रदेश के रामपुर जिला के टांडा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी 35 साल के अजीम और 4 साल का उसका बेटा डानयाल शामिल है।



**सामान खरीदने के लिए उतरा था:** इधर, मृतक के जीजा मरगूब ने बताया कि उनका साला अजीम अपनी पत्नी नाजिया परवीन व दो बेटे डानयाल व छोटू के साथ उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जंक्शन से गुरुवार को जनसाधारण एक्सप्रेस ट्रेन से पटना जा रहा था। जाने के क्रम में शुक्रवार की सुबह जब ट्रेन आरा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर रुकी तो वह कुछ सामान खरीदने के लिए अपने बेटे के साथ उतर गया। इस दौरान ट्रेन खुल गई। तभी चढ़ने के दौरान दोनों ट्रेन से गिर पड़े। जिससे उसके बेटे डानयाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तब स्थानीय लोगों व जीआरपी पुलिस के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान इमरजेंसी वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। तब रेल पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। उधर ट्रेन खुल जाने के कारण उसकी पत्नी नाजिया परवीन अपने छोटे बेटे छोटू के साथ पटना पहुंची। उसके बाद उसे इस घटना की जानकारी मिली। मृतक अजीम अपने छह बहन व दो भाई में दूसरे स्थान पर था। जबकि उसका बेटा डानयाल अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां नाजिया परवीन और एक छोटा भाई छोटू है।

## मर्डर टू अटेम्प्ट मामले में मुख्य आरोपी ने किया सरेंडर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र में हुए चर्चित फायरिंग और हत्या के प्रयास मामले में पुलिस दबिश का असर अब साफ दिखने लगा है। लंबे समय से फरार चल रहे नामजद आरोपी ने आखिरकार गुरुवार को आरा कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जिसकी पहचान श्री टोला निवासी जय प्रकाश यादव के तौर पर हुई है। घटना 11 दिसंबर 2025 की शाम की है। जब श्रीटोला निवासी रघुरंजन कुमार अपने भाई रिशु रंजन और दोस्तो आकाश कुमार, आशीष कुमार के साथ प्राइवेट बस स्टैंड के पास पानी-पुरी खाने गया था। आरोप है कि इसी दौरान पवन कुमार उर्फ ढेलु ने फोन कर उसे बस स्टैंड के अंदर बुलाया, जहां पहले से मौजूद युवकों के साथ विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते गाली-गलौज मारपीट और फिर फायरिंग में बदल गई। गोली



लगने से आशीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि रॉड से हमले में रिशु रंजन जख्मी हो गया था। इस मामले में रघुरंजन कुमार के बयान पर जय प्रकाश यादव समेत सात लोगों के खिलाफ नवादा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**मुख्य आरोपी का कोर्ट में सरेंडर:** नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि इस मामले में पूर्व में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि अब मुख्य फरार आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। पुलिस पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

**जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज किया:** घायल रघुरंजन ने बताया कि घटना की शाम करीब 6:15 बजे वह अपने भाई रिशु रंजन और दोस्तों के साथ बस स्टैंड के पास गोलगप्पा खा रहा था। इसी दौरान पवन उर्फ ढेलू के फोन पर बुलावे के बाद वह बस स्टैंड के अंदर पहुंचा, जहां सभी नामजद आरोपी पहले खड़े थे। पवन ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा कि इन्हीं लोगों के कारण शराब का धंधा बंद हुआ है। विरोध करने पर स्थिति बिगड़ गई और इसी दौरान राहुल यादव ने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी, जिसमें आशीष कुमार गोली लगने से घायल हो गया। वहीं भोला, प्रकाश और अंशु ने लोहे के रॉड से हमला कर रघुरंजन और रिशु रंजन को घायल कर दिया। रघुरंजन के अनुसार, नौ दिसंबर को उसके दादा के श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान भी आरोपी शराब बेच रहे थे, जिसका विरोध करने पर विवाद बढ़ा था।

## दो ट्रकों की टक्कर में एक की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** आरा-छपरा फोरलेन पर जिले के बबुरा थाना क्षेत्र के बबुरा पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित ट्रक ने दूसरे ट्रक में टक्कर मार दी। दूसरा ट्रक आगे चल रहा था। हादसे में छपरा निवासी चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक सारण (छपरा) जिला के एकमा थाना क्षेत्र के एकम गांव निवासी स्व. महावीर राय के 60 वर्षीय पुत्र चंद्रिका राय हैं। वह पेशे से चालक थे।

**पुलिस ने फोन कर परिजन को दी जानकारी:** मृतक के दामाद मुकेश यादव ने बताया कि वह ट्रक चालक थे और बराबर घर से बाहर रहते थे। वह ट्रक लेकर बालू लोड करने कोईलवर सोन नदी बालू घाट आ रहे थे। उसी बीच बबुरा पेट्रोल पंप के पास उनका ट्रक दूसरे ट्रक से टकरा गया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने उनके मोबाइल से फोन कर परिजन को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे। तब पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। बताया जाता है कि मृतक अपने मां-बाप की इकलौते संतान थे। उनके परिवार में पत्नी ललिता देवी व 3 बेटियां आशा देवी, उषा देवी और प्रतिमा देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में मातम है। मृतक की पत्नी ललिता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सती माई स्थान के पास युवक का शव मिला

♦ शरीर पर चोट और जलने के निशान, हत्या की आशंका, जांच के लिए एफएसएल की टीम पहुंची

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में सती माई स्थान के पास पइन किनारे एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। सूचना पर जगदीशपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल और अपर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना शिवरतन नगर की है। चोट के अलावा शरीर के कुछ हिस्सों पर जलने के भी निशान मिले हैं, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को सुनसान जगह पर फेंका गया है, हालांकि पुलिस फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।



**जांच के लिए FSL की टीम पहुंची:** मामले गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर कई अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार युवक ने जिंस और शर्ट पहन रखी थी। शव की पहचान कराने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। युवक की पहचान कराने का प्रयास जारी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि मौत किन परिस्थितियों में हुई और उसके पीछे वास्तविक कारण क्या है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद मामले का खुलासा होने की संभावना है।

## पिंटू हत्याकांड के 2 अपराधी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर पुलिस ने जिले के चर्चित बीडीसी पिंटू सिंह हत्याकांड में सात साल से फरार चल रहे दो इनामी अपराधियों को कर्नाटक से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मल्लाह चकिया और इटाढ़ी थाना क्षेत्र के पसहरा गांव निवासी विकास कुमार उर्फ विकास यादव और मुलायम यादव के रूप में हुई है। दोनों जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल थे और इन पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित था।



**कर्नाटक में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया:** पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने बताया कि दोनों आरोपी वर्ष 2019 में हुए बीडीसी पिंटू सिंह हत्याकांड के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। पुलिस उनकी तलाश में जुटी थी। तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने कर्नाटक में छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया। यह घटना 4 जुलाई 2019 की सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई थी। पसहरा निवासी बीडीसी पिंटू सिंह गांव के मुन्ना सिंह के साथ बाइक से बक्सर जा रहे थे। पिंटू सिंह का सेंट्रल जेल में ठेका कार्य चल रहा था। भभुअर और महदह गांव के बीच पहले से घात लगाए दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। अपराधियों ने पिंटू सिंह को गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

**मुलायम यादव लगातार फरार चल रहे थे:** पुलिस ने इस मामले में पहले कुछ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन विकास कुमार और मुलायम यादव लगातार फरार चल रहे थे। दोनों की गिरफ्तारी के लिए न्यायालय से वारंट जारी था और पुलिस ने उन पर इनाम भी घोषित कर रखा था। एसपी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी और इसी अदावत के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में जिला आसूचना इकाई, डीआईयू तथा मुफस्सिल थाना पुलिस की टीम शामिल रही। बक्सर पुलिस ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और फरार अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हत्या के प्रयास मामले का आरोपित गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**मसौढ़ी:** भगवानगंज थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को मजबूती मिली है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के काजीचक गांव निवासी परशुराम यादव के पुत्र गुलशन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित के खिलाफ पहले से हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की गई तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। थाना पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा।

### मसौढ़ी में बदमाशों की हवाई फायरिंग से दहशत, बाइक सवार युवकों ने इलाके में मचाया आतंक

**मसौढ़ी:** नगर मुख्यालय के मसौढ़ी थाना क्षेत्र में इन दिनों बदमाशों की गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार की सुबह थाना से सटे उत्तर सतीस्थान मोहल्ले में बदमाशों द्वारा की गई हवाई फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले दो युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे दोनों पक्षों ने अपने-अपने समर्थकों और परिचित युवकों को बुला लिया। इसके बाद दोनों गुटों के बीच तनाव बढ़ गया और देखते ही देखते हवाई फायरिंग शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक पर सवार होकर पहुंचे बदमाशों ने इलाके में दो राउंड हवाई फायरिंग की। अचानक गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागकर खुद को बचाया। घटना के बाद कुछ देर तक पूरे इलाके में भय और तनाव का माहौल बना रहा। सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि फायरिंग करने वाले युवकों की पहचान की जा सके। हालांकि खबर लिखे जाने तक फायरिंग करने वाले बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपितों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूल में मिड-डे-मिल से बच्चे बीमार, ग्रामीण बोले- खाने में जहरीले कीड़े और छिपकली मिली थी

**हाजीपुर।** वैशाली में महुआ थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नीलकंठपुर (अब्दुलपुर) में मध्याह्न भोजन खाने के बाद दर्जनों बच्चे बीमार पड़ गए। कई बच्चों के बेहोश होने की भी खबर है। उन्हें तत्काल अनुमंडल अस्पताल और आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। अस्पताल में बीमार बच्चों के पहुंचने से गहमागहमी का माहौल बन गया। बच्चों को लगातार उपचार के लिए भर्ती किया जा रहा है। बच्चे के बीमार पड़ने के कारणों को लेकर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। एकता शक्ति फाउंडेशन के प्रभारी ने बच्चों के गर्मी से व्याकुल होने और अंडे व फल को लेकर कुछ अभिभावकों द्वारा राजनीति किए जाने की बात कही है। वहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि मध्याह्न भोजन में विषैले कीड़े थे। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बीडीओ से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों के मध्याह्न भोजन में छिपकली निकली थी। जब एक बच्चे ने यह बात शिक्षक को बताई, तो शिक्षक ने उसकी पिटाई कर दी। इसी घटना से आक्रोशित होकर लोगों ने सड़क जाम कर दी। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि जब भी स्कूल में मध्याह्न भोजन आता है, तो शिक्षक खुद नहीं खाते और बच्चों को खिलाते हैं। ग्रामीणों ने सभी संबंधित शिक्षकों के वेतन बंद करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। शक्ति एकता फाउंडेशन के मेस इंचार्ज शिव शंकर कुमार ने बताया कि खाने में किसी प्रकार के कीड़े नहीं निकले हैं। उन्होंने कहा कि एक बच्चा खाना खाने के बाद छुट्टी लेकर स्कूल से अपने घर चला गया था। उसके परिजनों ने जब उससे पूछताछ की तो उसने पेट दर्द होने का हवाला दिया। इसके बाद परिजन तुरंत बच्चे को लेकर स्कूल पहुंचे, जहां शिक्षकों ने बताया कि बच्चा छुट्टी लेकर घर गया था। इसके बाद शिक्षक और बच्चों के परिजनों में बहस छिड़ गई और आसपास के दर्जनों बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंच गए।

### आइसक्रीम फैक्ट्री चोरी मामले में 3 आरोपी अरेस्ट, हाजीपुर पुलिस ने 29,400 रुपये बरामद किए

**हाजीपुर।** हाजीपुर गंगा ब्रिज थाना पुलिस ने मगुराही रोड हिलालपुर स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री से चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के 29,400 रुपये भी बरामद किए हैं। यह चोरी बीते मंगलवार की रात हुई थी, जिसमें कुल 3,97,150 रुपये की चोरी हुई थी। सदर 1 एसडीपीओ सुबोध कुमार ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गंगाब्रिज थाना क्षेत्र के मगुराही रोड हिलालपुर चौक स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री में काम करने वाले चार लोगों ने कैश रूम का ताला तोड़कर 3,97,150 रुपये चुरा लिए थे। इस संबंध में गंगाब्रिज थाना में कांड संख्या 138/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 1 के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने मानवीय और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए तीन आरोपियों को चोरी के 29,400 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान, गिरफ्तार आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। आइसक्रीम फैक्ट्री के मालिक, सादुल्लापुर निवासी शत्रुघ्न चौधरी ने अनीश कुमार, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार और विकास कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। चौधरी ने आरोप लगाया कि इन नामजद व्यक्तियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर कैश रूम का गेट तोड़कर लगभग 30,000 रुपये के सिक्के और 3,67,150 रुपये नकद, कुल 3,97,150 रुपये चुरा लिए। चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी।

### पाकिस्तान तस्कर के संपर्क में था मुजफ्फरपुर का नाबालिग

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के रतनपुर गांव के रहने वाला नाबालिग (17) का संपर्क पाकिस्तानी तस्कर शहजाद भट्टी से था। बिहार ATS ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ा है। ATS की टीम नाबालिग से पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसियों के अनुसार, आरोपी नाबालिग का संपर्क पाकिस्तान के कुख्यात हथियार तस्कर शहजाद भट्टी से है। उसके नेटवर्क से जुड़कर काम करता था। एजेंसी विदेशी फंडिंग और बड़े नेटवर्क की जांच कर रही है। ATS को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर तकनीकी और डिजिटल सर्विलांस की मदद से जांच की तो मामला सही पाया। इसके बाद ATS की टीम ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को पकड़ा है। आरोपी नाबालिग के पास से बरामद डिजिटल सबूतों से देश की सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने की साजिश का खुलासा हुआ है। ATS अधिकारियों के अनुसार, आरोपी नाबालिग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप के जरिए पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में था। ATS की तकनीकी टीम ने आरोपी के मोबाइल फोन की जांच की, जिसमें डिलीट किए गए डेटा, चैट बैकअप और कई डिजिटल फाइलें रिकवर की हैं। मोबाइल से देश विरोधी और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी शहजाद भट्टी और उसके सहयोगी राणा हुनैन से लगातार संपर्क में था। ATS की जांच में पता चला है कि आरोपी ने भारत की कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील जगहों की फोटो-वीडियो और लोकेशन पाकिस्तानी हैंडलर्स को भेजी थी। ATS आरोपी के बैंक खातों, वित्तीय लेन-देन, कॉल डिटेल और रिकॉर्ड, सोशल मीडिया गतिविधियों और यात्रा इतिहास की जांच कर रही है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि इस नेटवर्क के जरिए विदेशी फंडिंग भी की जा रही थी। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि इस मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# बिहार विधान सभा कर्मियों के लिए पिंक ग्रीन और इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने वैश्विक ऊर्जा संकट और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती खपत को देखते हुए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ी पहल की है। इसी को लेकर उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में दामोदर रावत, परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बिहार विधान सभा सचिवालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के आवासीय क्षेत्रों से कार्यालय तक आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए पिंक, ग्रीन यानी सीएनजी और इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन पर विस्तार से चर्चा की गई। परिवहन विभाग की ओर से बताया गया कि सचिवालय कर्मियों के लिए पहले से ही कई रूटों पर इलेक्ट्रिक और पिंक बसों का संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ विधान सभा सचिवालय के कर्मचारी भी उठा सकते हैं। बैठक के दौरान विभिन्न रूटों पर बस सेवा शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके तहत एम्स पटना से फुलवारीशरीफ, अनीसाबाद, चितकोहरा, कच्ची तालाब, गर्दनीबाग और मीठापुर होते हुए बिहार विधान मंडल सचिवालय तक बसें चलेंगी। वहीं सगुना मोड़ से आरपीएस मोड़, गोला रोड, जगदेव पथ, आशियाना मोड़, रामनगरी, राजीव नगर थाना और शास्त्री नगर होते हुए सचिवालय तक विशेष बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा धनकी मोड़ से कुम्हरार, भूतनाथ मोड़, एनएमसीएच, राजेंद्र नगर टर्मिनल, कंकड़बाग कॉलोनी मोड़, करबिगहिया और आर ब्लॉक होते हुए बिहार विधान मंडल, निर्वाचन आयोग और विकास भवन तक बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने इन सभी प्रस्तावों पर तत्काल सहमति दे दी। निर्णय लिया गया कि एम्स पटना रूट पर एक इलेक्ट्रिक, एक सीएनजी और एक पिंक बस चलाई जाएगी। सगुना मोड़ रूट पर एक इलेक्ट्रिक बस तथा धनकी मोड़ रूट पर एक इलेक्ट्रिक, एक सीएनजी और एक पिंक बस का परिचालन किया जाएगा। यह सेवा 25 मई 2026 से शुरू होगी। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार अपने सरकारी आवास 3, सर्कुलर रोड से सुबह 8 बजे इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अधिकारियों का कहना है कि इस पहल से निजी वाहनों का उपयोग कम होगा, पेट्रोल-डीजल की बचत होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक में नरेन्द्र नारायण यादव, अतुल वर्मा सहित विधान सभा सचिवालय और परिवहन विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'महिला रोजगार योजना की दूसरी किश्त इसी महीने जारी होगी'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ मंत्री श्रवण कुमार ने किया ऐलान, 5 किस्तों में मिलेंगे 2.10 लाख रुपए

**पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार देश का पहला राज्य बना, जहां महिलाओं के लिए इस तरह की रोजगार योजना शुरू की गई। उन्होंने कहा कि, महिलाओं को ठगा नहीं गया है, बल्कि उन्हें स्वरोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई है। कई महिलाओं ने इससे रोजगार भी शुरू कर दिया है।

मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि, 'महिलाओं को 2 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि देने की प्रक्रिया चल रही है और इसके लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसी महीने अगली राशि जारी कर दी जाएगी।' मंत्री ने योजना की राशि वितरण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि, 'महिलाओं को कुल 2 लाख 10 हजार रुपए पांच किस्तों में दिए जाएंगे। पहले किश्त 10000 का गया दूसरा किस्त 20000 का जाएगा। तीसरा किश्त 40 हजार रुपए का जाएगा। चौथा किसके 60000 का और पांचवा किस्त 80000 हजार रुपए का जाएगा। उन्होंने कहा कि यह राशि जीविका दीदियों को रोजगार शुरू करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दी जा रही है।

# सीएम आवास के पास मिली शराब की खाली 10 बोतलें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



❑ सभी महंगे ब्रांड, सचिवालय थाना पुलिस ने हटाया, रोहिणी ने कहा- ये कैसी शराबबंदी है

**पटना।** बिहार में शराबबंदी के बीच मुख्यमंत्री आवास के पास शराब की खाली 10 बोतलें मिली हैं। एक बोतल जमीन पर पड़ी थी। बाकी पेपर में रेप कर के एक कपड़े के थैले में रखी थी। शराब की सभी बोतलें महंगे ब्रांड की हैं। एक बोतल की कीमत का मार्केट प्राइज 4 हजार से 5 हजार के बीच है। शराब की बोतल मिलने की सूचना पर सचिवालय थाना प्रभारी गौतम कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी खाली बोतलों को हटवाया। उन्होंने कहा, मामले की जांच की जा रही है। इस मामले पर बिहार पुलिस मुख्यालय में ADG लॉ एंड ऑर्डर सुधांशु कुमार ने कहा कि पुलिस इस मामले में कड़ी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस को जो जानकारी मिली है, उस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

वहीं रोहिणी आचार्य ने X पर सवाल करते हुए लिखा है, 'कहीं ऐसा तो नहीं कि अवैध शराब के कारोबारियों की पहुंच मुख्यमंत्री आवास तक है।' रोहिणी आचार्य पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार कहा, 'शराबबंदी पर सवाल उठाने से पहले अपने घर का हिसाब तो देख लीजिए।'

# तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट की स्मृति में 44वां अंतरराष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना की ओर से "आधुनिको भव, संस्कृतं वद" अभियान के तहत आयोजित तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट स्मृति अंतरजालीय अंतरराष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर का भव्य समापन संस्कृतमय वातावरण में हुआ। यह संस्था द्वारा आयोजित लगातार 44वां संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर था, जिसमें देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों से प्राचार्य, आचार्य एवं प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि संस्कृत भाषा को जन-जन तक पहुंचाकर ही तर्कसंग्रहकार अन्नमभट्ट को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति, दर्शन और ज्ञान परंपरा की मूल आधारशिला बताते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह का उद्घाटन अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्व गृह सचिव डॉ. अनिल कुमार सिंह ने किया। उन्होंने अन्नमभट्ट के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि न्याय और वैशेषिक दर्शन को सरल रूप में समझने के लिए "तर्कसंग्रह" ग्रंथ का अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अमरनाथ उपाध्याय ने कहा कि संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविरों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी जरूरी है, क्योंकि भारतीय संस्कृति और परंपरा की वास्तविक समझ संस्कृत भाषा के अध्ययन से ही संभव है। अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में तर्कसंग्रह और संस्कृत भाषा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ. लीना चौहान, संरक्षक डॉ. अनिल कुमार चौबे, जगत नारायण लाल महाविद्यालय खगौल की संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. अवंतिका कुमारी, एमएलटी महाविद्यालय सहरसा की संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. दीप्ति कुमारी, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की संस्कृत सहायक आचार्या डॉ. नीरा कुमारी, देवेश प्रकाश, तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह, डॉ. विश्वजीत रुद्रपाल, डॉ. डिम्पल, दयानी शारदेय, अदिति चोला और वंदना पटेरिया सहित कई वक्ताओं ने संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर अन्नमभट्ट स्मृति संस्कृत संभाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डॉ. दीप्ति कुमारी और देवेश प्रकाश को प्रथम पुरस्कार, डॉ. विश्वजीत रुद्रपाल और तारा विश्वकर्मा को द्वितीय पुरस्कार तथा वंदना पटेरिया और अदिति चोला को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं बीजेन्द्र सिंह, दयानी शारदेय और डॉ. डिम्पल को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों का स्वागत प्रो. रागिनी वर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. लीना चौहान ने प्रस्तुत किया। समापन ऐक्य मंत्र के साथ हुआ, जिसे अदिति चोला ने प्रस्तुत किया।

# बाढ़ में गंगा किनारे अवैध मिट्टी खनन पर छापेमारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ 15 फीट गहरे गड्ढे मिले, माफिया फरार, थाना से कुछ सौ मीटर दूर चल रहा था खेल

**पटना।** पटना के बाढ़ अनुमंडल के ढीबर गांव के समीप गंगा नदी में अवैध मिट्टी खनन का मामला सामने आया है। एनटीपीसी थाना क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार की सूचना मिलने पर एसडीपीओ रामकृष्णा ने देर रात छापेमारी की। हालांकि, कार्रवाई से पहले ही खनन माफिया मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, जिस स्थान पर मिट्टी की कटाई की जा रही थी, वहीं से एनटीपीसी प्लांट को पानी की आपूर्ति होती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिछले तीन दिनों से लगातार रातभर गंगा किनारे मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। इस मामले में एनटीपीसी थाना की गश्ती व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

**खेतों में मिले 15 फीट गहरे गड्ढे:** छापेमारी के दौरान पुलिस टीम को किसानों के खेतों में करीब 15 फीट गहरे गड्ढे मिले। एसडीपीओ ने इसकी सूचना तुरंत खनन विभाग को दी। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि एनटीपीसी डैम के नजदीक इस तरह की खुदाई भविष्य में बड़े हादसे का कारण बन सकती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पूर्व में भी बारिश के दौरान ऐसे गहरे गड्ढों में पानी भरने से कई लोगों की डूबकर मौत हो चुकी है। हालात ऐसे हैं कि अब किसान रातभर जागकर अपने खेतों की निगरानी कर रहे हैं।

**थाना से कुछ सौ मीटर दूर चल रहा था खेल- ग्रामीण:** ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध खनन एनटीपीसी थाने से महज कुछ सौ मीटर की दूरी पर हो रहा था, लेकिन पहले कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी के बाद एसडीपीओ रामकृष्णा ने खुद मोर्चा संभालते हुए देर रात छापेमारी की। एक स्थानीय व्यक्ति ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जिस जमीन से मिट्टी काटी जा रही है, उसे एनटीपीसी ने अधिग्रहित कर रखा है। हालांकि, मुआवजा नहीं मिलने के कारण किसान अब भी वहां खेती करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, माफिया एक ट्रिप मिट्टी 800 रुपये में बेचते हैं। इसमें 300 रुपये ट्रैक्टर मालिक को और 500 रुपये माफिया को मिलते हैं। बताया जा रहा है कि करीब 20 ट्रैक्टर रोजाना चलते हैं और एक ट्रैक्टर लगभग 20 ट्रिप मिट्टी ढोता है। इस हिसाब से प्रतिदिन करीब 400 ट्रिप मिट्टी की बिक्री से लगभग 2 लाख रुपये की कमाई हो रही थी।

एसडीपीओ रामकृष्णा ने बताया कि, 'सूचना मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई की गई। मौके पर खनन करते हुए कोई नहीं मिला, लेकिन मिट्टी कटाई के स्पष्ट निशान पाए गए हैं।' उन्होंने कहा कि, 'इस तरह की गतिविधियों से पर्यावरण समेत कई गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं। अब पुलिस स्वयं इस इलाके की निगरानी करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि अनुमंडल क्षेत्र में कहीं भी अवैध मिट्टी कटाई की सूचना तुरंत दें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।' एसडीपीओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों से हटकर कोई भी अवैध गतिविधि पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 25 मई से महंगा होगा सुधा दूध COMFED ने बढ़ाए दाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ दूध उत्पादों की कीमतों में भी होगी बढ़ोतरी, पशुपालकों को मिलेगा अधिक भुगतान

**पटना।** बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (COMFED) ने सुधा ब्रांड के दूध और दूध उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। नई दरें आगामी 25 मई 2026 से लागू होंगी।

कॉम्फेड द्वारा जारी जानकारी के अनुसार दूध के दाम में यह वृद्धि पशुपालकों से खरीदे जाने वाले दूध के क्रय मूल्य में बढ़ोतरी के कारण की गई है। इसके साथ ही कच्चे माल, पेट्रोलियम पदार्थ, पैकेजिंग सामग्री, परिवहन व्यय तथा अन्य उत्पादन लागत में लगातार हो रही वृद्धि को भी इसकी मुख्य वजह बताया गया है।

कॉम्फेड ने पशुपालक किसानों के दूध क्रय मूल्य में 2 रुपये से लेकर 3 रुपये 10 पैसे तक की वृद्धि की है, ताकि दुग्ध उत्पादकों को बेहतर मूल्य मिल सके।

वहीं खुदरा विक्रेताओं के मार्जिन में भी 20 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। बताया जा रहा है कि दूध के साथ-साथ सुधा ब्रांड के अन्य दुग्ध उत्पादों की कीमतों में भी संशोधन किया जाएगा। नई कीमतें लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को दूध और उससे जुड़े उत्पादों के लिए अधिक राशि चुकानी पड़ सकती है।

# किशनगंज, अररिया समेत 4 जिलों में झमाझम बारिश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना।** बिहार के 14 जिलों में आज हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इन जिलों में लोगों से दोपहर के वक्त घरों में ही रहने की अपील की है। शेखपुरा, सासाराम में तापमान 40°C के पार है। अररिया में मौसम बदला है। 12 बजे बाद मूसलाधार बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आज यहां बारिश का अलर्ट किया किया था। आकाशीय बिजली से एक शख्स की भी मौत हुई है। किशनगंज में भी बारिश हुई है। सुपौल में भी मौसम बदला और बारिश हुई। इसके अलावा जहानाबाद में भी अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। तेज धूप से बिहार के कई शहरों में सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। जमुई के स्कूल में गर्मी से छात्राएं बेहोश हुई हैं। वहीं, गयाजी के टिकारी अनुमंडल क्षेत्र के मखपा गांव स्थित कस्तूरबा विद्यालय में छह छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। नालंदा, गयाजी और जहानाबाद में 5वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए। जबकि क्लास 6 से आठवीं तक सुबह 10:30 और 11 बजे तक ही पढ़ाई होगी। पटना में भी 26 मई तक क्लास 5वीं तक के सभी स्कूल बंद करने के आदेश दिए गए हैं।

औरंगाबाद में भीषण गर्मी के चलते क्लास 8वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए हैं। 9वीं से 12वीं तक सुबह 11.30 तक क्लास का संचालन होगा। जिले में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

# मंत्री नंदकिशोर राम बोले-तेजस्वी विद्वान आदमी हैं, कहा- फ्रेम में बने रहने के लिए उनका बोलते रहना जरूरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ पशु विज्ञान यूनिवर्सिटी कॉन्वोकेशन में पहुंचे थे

**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री ने तेजस्वी यादव को विद्वान आदमी कहा। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम ने तेजस्वी यादव के लॉ एंड ऑर्डर को लेकर सवाल उठाने पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि वह नेता प्रतिपक्ष हैं, विद्वान आदमी हैं, लाजमी है कि बोलते रहना है। आखिर उनके फ्रेम में कैसे लोग आएगा। बिहार में लॉ एंड ऑर्डर उनकी समझ में बिगड़ा हुआ है, लेकिन हमारी समझ में नहीं। वहीं, राहुल गांधी का पीएम मोदी पर दिए गए टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कब क्या कहेंगे यह उनकी अपनी समझ है। विपक्ष द्वारा बिहार सरकार का खजाना खाली होने के बात पर मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में बोलने की आजादी है, जिन्हें जो समझ है वह बोल रहे हैं।

**बिहार में अकादमिक ट्रेडीशन काफी अच्छा है:** दरअसल, आज अधिवेशन भवन में बिहार पशु विज्ञान यूनिवर्सिटी में आज चौथे कॉन्वोकेशन का आयोजन किया गया था। इस दौरान बिहार के राज्यपाल भी मौजूद रहे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन ने कहा कि बिहार में अकादमिक ट्रेडीशन काफी अच्छा बना हुआ है। मैं जब से राज्यपाल बनकर आया हूं, तब से मैं यह चौथा कॉन्वोकेशन अटेंड कर रहा हूं। मैं सभी को बहुत बधाई देता हूं। यह एनिमल साइंस का जो डोमेन है वह काफी महत्वपूर्ण है। बिहार अभी भी काफी हद तक रूरल बेस्ड है। इसकी जितनी एनालिसिस और रिसर्च हो, उतनी कम है। किसी भी चीज में आज के समय मॉडर्नाइजेशन जरूरी है। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर हम चीजों को बेहतर बना सकते हैं।

**मूल्य नियंत्रण के लिए सरकार काम करेगी:** वहीं, 2 रुपये दूध के दाम बढ़ने पर मंत्री ने पत्रकार से कहा कि यह बात आपके द्वारा मेरे संज्ञान में दी जा रही है। मूल्य नियंत्रण के लिए सरकार काम करेगी और हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर मूल्य क्यों बढ़ा है। महंगाई बढ़ने पर उन्होंने कहा कि यह वैश्विक समस्या है दुनिया के सभी देश इससे परेशान है। कुछ परेशानियां अभी रहेगी। कुछ बढ़ भी सकती हैं और घट भी सकती हैं। आप सभी को यह बातें बोझ लग रही होगी, लेकिन यह वही बिहार है, जिसे एनडीए गठबंधन को बिखरा हुआ, सिसकता हुआ मिला था। मगर अब बिहार के हालात बदल रहे हैं। अगर कुछ व्यवस्था सुधरती है, तो कुछ परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है।

# गरीब परिवारों के सशक्तिकरण में झारखंड मॉडल बना देश के लिए उदाहरण : दीपिका

**एजेंसी। रांची**

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य में अति गरीब-वंचित परिवारों के सशक्तिकरण करने के लिए एक नई समावेशी योजना की शुरुआत किया जा रहा है। झारखंड ने समावेशी विकास के क्षेत्र में जो मॉडल तैयार किया है, वह अब पूरे देश के लिए उदाहरण बन चुका है। मंत्री शुक्रवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) और द नज इंस्टीट्यूट की ओर से प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड समावेशी आजीविका योजना (जेएच-एसएवाई) का औपचारिक शुभारंभ करते हुए बोल रही थी। मंत्री ने कहा कि यूपीएजे परियोजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डे-एनआरएलएम) के अंतर्गत ग्रेजुएशन अप्रोच का देश का पहला पायलट प्रोजेक्ट था। इसे झारखंड में विशेष रूप से अति-गरीब और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) समुदायों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस परियोजना के माध्यम से पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा एवं पलामू जिलों के चार प्रखंडों में 4,000 अति-गरीब परिवारों तक महिला सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से पहुंच बनाई गई। उन्होंने कहा कि झारखंड में इस योजना की सफलता ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। राज्य में मिले सकारात्मक परिणामों के बाद भारत सरकार ने इस मॉडल को स्वीकार करते हुए इसे देशभर में लागू करने का निर्णय लिया है। वर्ष 2025 में इसे जेएच-एसएवाई के अंतर्गत एक उप-योजना के रूप



में पूरे देश में शुरू किया गया। मंत्री ने कहा कि झारखंड को इस योजना के प्रथम और द्वितीय चरण में कुल 41,000 अति-गरीब परिवारों को शामिल करने की जिम्मेदारी मिली है, जो राज्य के लिए गर्व और उपलब्धि का विषय है। अगले चरण में छह जिलों के 16 हजार परिवारों तथा उसके बाद 25 हजार परिवारों को योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। पहले ऐसे अनेक परिवार थे जो भूख, अभाव और असुरक्षा से संघर्ष कर रहे थे, लेकिन अब सरकार की नीतियों और योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में स्थायी बदलाव दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर विभिन्न जिलों के लिए झारखंड समावेशी आजीविका योजना के अंतर्गत स्वीकृति राशि का चेक वितरित किया गया। जिसके तहत पूर्वी सिंहभूम में 4,800 परिवारों के लिए 13 करोड़ 92 लाख रुपये, पलामू में 3,800 परिवारों के लिए 11 करोड़ 2 लाख रुपये, गोड्डा में 3,300 परिवार के लिए 09 करोड़ 57 लाख रुपये, सिमडेगा में 1,000 परिवार के लिए 02 करोड़ 90 लाख रुपये, सरायकेला-खरसावां में 2,100 परिवार के लिए 06 करोड़ 90 लाख रुपये चेक का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के सीईओ अरुण कुमार सिंह, द नज इंस्टीट्यूट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर जॉन पाल सहित जेएसएलपीएस के पदाधिकारी, सामुदायिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एवं विभिन्न जिलों से आए लाभुक परिवार मौजूद थे।

# टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**एजेंसी। रांची**

रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित चेशायर होम रोड पर शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक टेंट हाउस के गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और वहां रखा सामान जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह अचानक गोदाम से तेज धुआं और आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। आग फैलते देख आसपास के लोग दहशत में आ गए और इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत और कई घंटों की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि



गोदाम में शादी-विवाह, सामाजिक समारोह और अन्य आयोजनों में उपयोग होने वाले टेंट, पंडाल के कपड़े, सजावटी सामग्री, कुर्सियां, मेज और अन्य उपकरण रखे गए थे। आग की वजह से पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार अगलगी में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। सदर थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि आग सुबह लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तुरंत फायर ब्रिगेड को जानकारी दी गई। दमकल की छह गाड़ियों ने लगातार प्रयास कर आग पर नियंत्रण पाया। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नवीन केडिया ने एसीबी कोर्ट से इंग्लैंड जाने की मांगी अनुमति

**रांची**। झारखंड शराब घोटाले के आरोपित नवीन केडिया ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) कोर्ट से इंग्लैंड जाने की इजाजत मांगी है। जिस पर सोमवार (25 मई) को कोर्ट में सुनवाई होगी। नवीन केडिया ने लंदन में अपने बेटे के ग्रेजुएशन सेरेमनी में शामिल होने, हेल्थ चेकअप कराने सहित कई बातों का जिक्र किया है। उसने एसीबी की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर एक जून से 23 जुलाई तक के लिए इंग्लैंड जाने की इजाजत मांगी है। उल्लेखनीय है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने नवीन केडिया को जमानत दे दी थी, जिसके बाद वे जेल से बाहर है। जमानत की शर्त के अनुसार, उन्होंने अपना पासपोर्ट एसीबी कोर्ट में जमा करा दिया है। नवीन केडिया ने विदेश यात्रा के लिए पासपोर्ट वापस लौटने का आग्रह किया है। एसीबी ने 11 मार्च को नवीन केडिया को गिरफ्तार किया था। वह छत्तीसगढ़ के दुर्ग का निवासी हैं। उन पर झारखंड में निम्न गुणवत्ता वाली देसी शराब की आपूर्ति करने का आरोप है। मामले में एसीबी ने आईएएस विनय चौबे सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें से अधिकांश लोगों को जमानत मिल चुकी है।

### टोन्टो के नक्सल प्रभावित बुन्डु गांव में महिलाओं ने छेड़ी नशा मुक्ति की मुहिम

**पश्चिमी सिंहभूम**। जनपद के नक्सल प्रभावित टोन्टो प्रखंड के बुन्डु गांव में शुक्रवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की महिला समिति की ओर से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व महिला समिति की अध्यक्ष सुखमती पुरती ने किया। अभियान के दौरान महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर लोगों को शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। महिलाओं ने 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' और 'स्वस्थ परिवार, खुशहाल गांव' जैसे संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। समिति की सदस्यों ने कहा कि नशे की वजह से परिवारों में विवाद बढ़ रहे हैं,आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है और युवा पीढ़ी गलत रास्ते की ओर जा रही है। ऐसे में गांव स्तर पर सामूहिक पहल बेहद जरूरी हो गई है। महिला समिति की अध्यक्ष सुखमती पुरती ने कहा कि नशे की लत केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि लोग शराब और नशीले पदार्थों से दूरी बनाकर बच्चों की शिक्षा,परिवार की खुशहाली और गांव के विकास पर ध्यान दें। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं अब सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठा रही हैं और गांव को नशामुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा। अभियान में शामिल महिलाओं ने संकल्प लिया कि गांव में किसी भी प्रकार के नशे के कारोबार या सेवन को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों को समझाया गया कि नशा छोड़कर मेहनत,शिक्षा और रोजगार की ओर बढ़ने से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। इस मौके पर रानदाय पुरती,बुरसु अंगारिया,बेला पूर्ति,मुगी पुरती,दुगी पुरती, लक्ष्मी पुरती,लेम्बो अंगरिया समेत कई ग्रामीण महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

# चारा घोटाला मामले में लालू यादव को सिंगापुर जाने की मिली अनुमति, अदालत ने पासपोर्ट जारी करने का दिया आदेश

**एजेंसी। रांची**

चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव को सिंगापुर जाने की अनुमति मिल गई है। रांची की अपर न्यायायुक्त अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने शुक्रवार को उनका पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया। अदालत के इस फैसले के बाद लालू यादव जून के पहले सप्ताह में स्वास्थ्य जांच के लिए सिंगापुर जा सकेंगे। दरअसल, किडनी ट्रांसप्लांट के बाद नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सिंगापुर के चिकित्सकों ने लालू यादव को बुलाया है। डॉक्टरों ने उन्हें एक जून के बाद रूटीन चेकअप के लिए आने की सलाह दी थी। इसी कारण उन्होंने अदालत में पासपोर्ट रिलीज करने की याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 में सिंगापुर स्थित माउंट एलिज़ाबेथ अस्पताल में लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। ट्रांसप्लांट के बाद



से वे नियमित रूप से चिकित्सकीय निगरानी में हैं और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहे हैं। लालू यादव बहुचर्चित चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता हैं। डोरंडा, चाईबासा, देवघर और दुमका कोषागार से अवैध निकासी से जुड़े मामलों में उन्हें दोषी ठहराया गया था। चारा घोटाला का मामला वर्ष 1990 से 1996 के बीच का है, जिसमें सरकारी कोषागारों से फर्जी बिल और दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध निकासी की गई थी। जांच एजेंसियों के अनुसार, केवल डोरंडा कोषागार से ही करीब 139 करोड़ रुपये की अवैध निकासी हुई थी।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बिजली की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री सोरेन को लिखा पत्र

**एजेंसी। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शुक्रवार को लगातार खराब हो रही बिजली आपूर्ति को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि झारखंड में लगातार खराब होती बिजली व्यवस्था,अनियमित विद्युत आपूर्ति, लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रांसफॉर्मर खराब होने तथा उपभोक्ता सेवाओं में भारी गिरावट को लेकर राज्य की जनता अत्यंत परेशान है। एक ओर राज्य प्रचंड गर्मी की चपेट में है,दूसरी ओर बिजली की दयनीय स्थिति लोगों की परेशानी को और बढ़ा रही है। ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि घंटों बिजली कटौती के कारण आम जनजीवन,शिक्षा,कृषि,व्यापार तथा उद्योग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। यह स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक इसलिए है क्योंकि वर्ष 2014 से 2019 के दौरान हमारी सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार एवं आधारभूत संरचना निर्माण का व्यापक कार्य किया था। उस समय झारखंड को 'पावर हब' बनाने का लक्ष्य लेकर अनेक दूरगामी परियोजनाएँ शुरू की गई थीं। उन्होंने हेमंत सोरेने सरकार को याद दिलाया कि हमारी सरकार के दौरान वर्ष 2014 में केवल 38 लाख घरों में ही बिजली पहुंची थी,हमारी सरकार ने 68 लाख परिवारों तक बिजली पहुंचाई। 4027 किमी नये ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का काम पूरा किया गया। 1,41,976 किमी लंबी विद्युत वितरण लाइन बिछाई गयी। 132 केवी एवं 220 केवी नेटवर्क का विस्तार किया गया। अनेक नए ग्रिड सब-स्टेशन एवं पावर सब-स्टेशन का निर्माण एवं आधुनिकीकरण किया गया, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति मजबूत हुई। शहरी क्षेत्रों में आर- एपीडीआरपी योजना के माध्यम से अंडरग्राउंड केबलिंग, नए ट्रांसफॉर्मर एवं वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया। बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 600 से अधिक लाइनमैन की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने



बताया कि सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक पतरातू थर्मल पावर स्टेशन (पीटीपीएस) के पुनरुद्धार के लिए एनटीपीसी के साथ संयुक्त उद्यम के तहत लगभग 4000 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) का गठन किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य केवल बिजली उत्पादन बढ़ाना नहीं था,बल्कि झारखंड को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना,उद्योगों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराना तथा बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना भी था। इसमें 800 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य 2022 तक रखा गया था। हमारी सरकार के जाने के बाद अनदेखी के कारण समय पर काम पूरा नहीं हुआ। इस साल मार्च में यहां 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हुआ। जल्द ही दूसरी यूनिट से भी उत्पादन शुरू होने वाला है। इसके अलावा एनटीपीसी नार्थ कर्णपुरा से उत्पादन के लिए पुनरुद्धार किया गया, जिससे बिजली उत्पादन 2023 में शुरू हुआ। आज हम बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में हैं। इसके बावजूद राज्य में बिजली की लचर व्यवस्था का होना दुखद है। उन्होंने कहा कि आप(मुख्यमंत्री सोरेन) राज्य के ऊर्जा मंत्री भी हैं। दुर्भाग्यवश वर्तमान समय में बिजली व्यवस्था पुनः अव्यवस्थित होती दिखाई दे रही है। जनता यह महसूस कर रही है कि पूर्व में बनाई गई आधारभूत संरचनाओं का समुचित रखरखाव एवं विस्तार नहीं हो पा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पत्र के जरिए आग्रह किया है कि ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा कर निम्नलिखित विषयों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# रांची जेल में महिला कैदी से यौन शोषण मामला : उच्च न्यायालय ने डीजीपी से दो सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी। रांची**

रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार जेल) में महिला कैदी के साथ कथित यौन शोषण मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। अगली सुनवाई 8 जून को होगी। सुनवाई के दौरान शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि मामले की जांच को लेकर सरकार के गृह विभाग ने तीन सदस्य की कमेटी बनाई है। इस कमेटी में निदेशक प्रशासन मनोज कुमार, सहायक कारा निरीक्षक तुषार रंजन गुप्ता और कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं निरीक्षणालय के प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमोली सिंह शामिल हैं। वहीं डालसा, रांची की जांच टीम के आलोक में जुडिशल मजिस्ट्रेट, रांची श्रुति सोरेन की ओर से जुडिशियल इंक्वारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति पीके श्रीवास्तव की वेकेशन बेंच में शुक्रवार को मामले की सुनवाई हुई। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और मीडिया की ओर से मामला प्रकाश में लाए जाने के बाद झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) ने जांच टीम गठित की थी। टीम ने जेल जाकर जांच की और पीड़िता, जेल पीएलवी और जेल चिकित्सक के बयान दर्ज किए। जांच रिपोर्ट झालसा को भेज दी गई थी।

# झारखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप, पलामू में पारा 45 डिग्री के पार, हीट वेव का अलर्ट

**रांची**। झारखंड में भीषण गर्मी और लू का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। राज्य के कई जिलों में तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में 25 और 26 मई को हीट वेव चलने की आशंका जताते हुए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान पलामू जिले में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा। इसके अलावा गढ़वा और चतरा में भी तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। लगातार बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी रांची में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। यहां अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि दोपहर बाद आंशिक बादल छाने से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने 24 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, इन इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में भी तापमान काफी ऊंचा दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री और न्यूनतम 29.6 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री और न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, राज्य में सबसे कम तापमान गुमला जिले में 22.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

झारखण्ड सरकार
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा**
ई–मेल–dfogarhwa.fisheries@gmail.com
प्रखण्ड/पंचायत स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के लिए आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा गढ़वा जिले के पंचायत/प्रखण्ड स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114, दिनांक 18.01.1992 के आलोक में गढ़वा जिला अन्तर्गत मेराल, डण्डई, भण्डरिया, गढ़वा, बरगड़, नगर उंटारी, काण्डी एवं रमना अंचल के सुरक्षित जमा निर्धारण की गई राजस्व तालाब/जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2028–29 तक के लिए किया जाना है। उक्त अंचल से संबंधित पंचायत/प्रखण्ड स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति लि0 राजस्व तालाब/जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती लेने हेतु निम्नलिखित दस्तावेज के साथ अपना प्रस्ताव दिनांक 08.06.2026 तक जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में जमा करें।

दस्तावेजों की सूची।

1. विगत वर्ष में समिति के द्वारा सदस्यों के साथ की गई जलकरों की वितरण।
2. राजस्व जमा प्रतिवेदन/राजस्व बकाया रहित प्रमाण पत्र। (रसीद की छायाप्रति संलग्न करें।)
3. कार्यकारिणी समिति की आम सभा की कार्यवाही की छायाप्रति। (पारित प्रस्तावित जलकरों की सूची सहित)
4. अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन (2025–26)
5. विशेष आम सभा/निर्वाचन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
6. सदस्यता सूची की सत्यापित छायाप्रति। (सहायक निबंधक/संबंधित प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा)
7. सहायक निबंधक, सहयोग समितियॉ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
8. कार्यकारिणी का प्रस्ताव।
9. समिति के बैंक खाता का प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति।

नोट :–राजस्व तालाब/जलकरों की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गढ़वा

PR 380466 Fish(26-27)D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

तरहसी थाना काण्ड संख्या–48/2026, दिनांक–23.03.2026, धारा–64(1)/62/ 126(2)/115(2)/117(2)/352/351(2)/3(5) बी0एन0एस0 एवं 08 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त कौशल पाण्डेय उर्फ घुटुर पाण्डेय, पिता–जनेश्वर पाण्डेय, ग्राम–अरका सुग्गी, थाना–तरहसी, जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक, पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज, पलामू :– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसी, पलामू :– 9430774070

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 380550 (District)26-27*D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**e-Tender Notice**

Shorte-Tender in two parts i.e. Technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentionedwork:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | e-Tender fee , RS (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (RS) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 224/PR/JUSNL/ 2026-27 | "Re-sagging of conductors at various location of 132 KV D/C Rihand-Garhwa Road Transmission line under jurisdiction of Transmission Sub Division Garhwa Road". | 5,900.00 | 33,800.00 |
| Availability of Tender Documents on e -Tender website | | | From 26.05.2026 at 04.00 PM to 16.06.2026 at 12.00 PM | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | 26.05.2026 at 04.00 PM | |
| End date and time of upload of BID | | | 16.06.2026 at 12.00 PM | |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | | | 17.06.2026 at 12:00PM | |
| BID Opening date for Price Part (Part-II) | | | Will be communicated later on | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near SinchaiVibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand | |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in.Any details/clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact Mob. No. 8271433009for any enquiry. The bids will be received through electronic tendering mode only.
2. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
3. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender then the next working day will be considered.
4. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकातों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 380471 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(26-27).D

*Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited*
**Electric Supply Area, Medininagar**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:-gm_mdnjseb@yahoo.in**
**Telephone:-06562-295539**

**2nd e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons e-tender Notice No.26/PR/JBVNL /2026-27 (Regarding Proposal for Vendor empanelment for all kinds of electrical works) under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 30.05.2026 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | Up to 30.05.2026 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of Opening of tender (Technical and commercial Part | 01.06.2026 at 15:30 Hrs. |

4.Tender Notice is also available on our website : www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification please contact: 9835574043. EEE (Tec)
6. Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 377375)

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medeninagar

PR 380505 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 26-27 (D)

## हैदराबाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा में बड़ी चूक, पासपोर्ट जब्त होने के बाद भी एलओसी आरोपी मुंबई भागा

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सुरक्षा और सतर्कता में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। जहां गुजरात पुलिस के 'लुक आउट सर्कुलर' का सामना कर रहा




धोखाधड़ी का एक आरोपी धवल दोषी, इमिग्रेशन अधिकारियों की हिरासत से चकमा देकर भागने में सफल रहा। दरअसल, आरोपी अपनी पत्नी प्रियंका दोषी और बेटी के साथ बैंकॉक जाने की फिराक में था, तभी डिपार्चर काउंटर पर रात करीब 2 बजे डिपार्चर काउंटर पर एलओसी अलर्ट मिलने के बाद रोक लिया गया। इमिग्रेशन अधिकारियों ने उसका पासपोर्ट और बोर्डिंग पास जब्त कर लिया और परिवार से इमिग्रेशन एरिया के पास ही बैठे रहने को कहा। इसके बाद, आरोपी की पत्नी ने बेटी की 'मेडिकल इमरजेंसी' का बहाना बनाया। पुलिस के अनुसार, प्रियंका बाद में एयरलाइन स्टाफ के पास गई और दावा किया कि उनकी बेटी को कोई मेडिकल इमरजेंसी हो गई है। उसने अपना चेक-इन किया हुआ सामान वापस मांगा, लेकिन यह नहीं बताया कि इमिग्रेशन अधिकारियों ने उनके परिवार को रोक रखा है। इस दौरान एयरलाइन स्टाफ ने परिवार और उनके सामान को डोमेस्टिक डिपार्चर की ओर पहुंचाया, जिसके बाद दोषी सुबह करीब 5.50 बजे मुंबई जाने वाली फ्लाइट में सवार होकर रफूचक्कर हो गए।

## बेंगलुरु-दिल्ली एअर इंडिया की फ्लाइट में लगी आग, दिल्ली में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एअर इंडिया की बेंगलुरु से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट में गुरुवार शाम इंजन में आग लगने की आशंका के बाद हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक, स्थिति को देखते हुए




विमान की दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी परिस्थितियों में लैंडिंग कराई गई। राहत की बात यह रही कि फ्लाइट में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। सूत्रों के अनुसार, उड़ान के दौरान इंजन में तकनीकी गड़बड़ी या आग लगने की आशंका सामने आई थी। इसके बाद पायलट ने तुरंत एहतियाती कदम उठाते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया और विमान को सुरक्षित तरीके से दिल्ली में उतारा गया। इससे पहले दिल्ली से बेंगलुरु जा रहे एअर इंडिया की विमान संख्या एआइ2651 को गुरुवार को लैंडिंग के दौरान टेलस्ट्राइक का सामना करना पड़ा। इस दौरान विमान का पिछला हिस्सा जमीन को छू गया। हालांकि, विमान सुरक्षित रूप से उतर गया और सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं। विमान में 181 यात्री सवार थे। टेलस्ट्राइक तब होता है, जब टेक-आफ या लैंडिंग के दौरान विमान का पिछला हिस्सा जमीन को छूता है।

स्टिल्ट के साथ बने चार मंजिला 1137 मकानों में नक्शे के उल्लंघन पाए गए हैं

# स्टिल्ट पार्किंग नियमों की अनदेखी, 1137 मकानों पर कार्रवाई की तलवार

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** साइबर सिटी की पाश कालोनियों में स्टिल्ट पार्किंग का दुरुपयोग अब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (डीटीपीई) की जांच के घेरे में आ गया है। 19 लाइसेंस कालोनियों में स्टिल्ट के साथ बने चार मंजिला 1137 मकानों में नक्शे के उल्लंघन पाए गए हैं। इनमें से 968 भवन मालिकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जबकि 18 मकानों को सील भी किया जा चुका है। विभाग इस संबंध में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करेगा।

डीटीपीई की रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक उल्लंघन डीएलएफ फेज-दो में सामने आए हैं, जहां 453 मकानों में नियमों के विपरीत निर्माण मिला। इसके अलावा डीएलएफ फेज-तीन में 188, डीएलएफ फेज-एक में 169, सुशांत लोक-दो में 122, डीएलएफ फेज-चार में 61, डीएलएफ फेज-पांच में 53 और सुशांत लोक-तीन में 37 मकानों में स्टिल्ट नियमों का




उल्लंघन पाया गया। वहीं सुशांत लोक-एक में 24, पालम विहार में 12 तथा अन्य कई कालोनियों में भी अनियमितताएं सामने आई हैं। मामले की अगली सुनवाई 12 मई को निर्धारित है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक कई मकानों में स्टिल्ट पार्किंग को कमरों में तब्दील कर दिया गया है। कुछ जगहों पर शोरूम, पीजी और गेस्ट हाउस संचालित किए जा रहे हैं। कई भवनों में रिसेप्शन एरिया तक बना दिए गए हैं, जिससे वाहनों की पार्किंग सड़क पर होने लगी है और कालोनियों में ट्रैफिक व पार्किंग संकट बढ़ा है।

गौरतलब है कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने गुरुग्राम में स्टिल्ट के साथ चार मंजिला निर्माण पर फिलहाल रोक लगा रखी है। विभिन्न याचिकाओं में आरोप लगाया गया था कि शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत किए बिना चार मंजिला नीति लागू कर दी गई, जिससे बिजली, पानी, सीवर और पार्किंग व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया। अदालत ने सरकार से स्टिल्ट पार्किंग में हुए अवैध निर्माणों और सड़कों पर अतिक्रमण हटाने को लेकर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी।

कई मकानों में स्टिल्ट पार्किंग को कमरों में तब्दील कर दिया गया है। कुछ जगहों पर शोरूम, पीजी और गेस्ट हाउस संचालित किए जा रहे हैं। कई भवनों में रिसेप्शन एरिया तक बना दिए गए हैं, जिससे वाहनों की पार्किंग सड़क पर होने लगी है और कॉलोनियों में ट्रैफिक व पार्किंग संकट बढ़ा है। इसी के चलते लाइसेंस कालोनियों में नोटिस दिए गए हैं।

## बांद्रा में रेलवे ने 85 फीसदी झुग्गी-झोंपड़ियों को हटाया

**मुंबई, एजेंसी।** बांद्रा ईस्ट के गरीब नगर इलाके में पश्चिम रेलवे की अवैध अतिक्रमण हटाने की बड़ी मुहिम में 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा हिंसक विरोध किया गया, जिसमें पुलिस पर पथराव हुआ और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। मंगलवार को करीब 150 लोगों की भीड़ ने पुलिस और डिमोलिशन टीम पर पत्थर फेंके तथा सीमेंट के ब्लॉक फेंककर बुलडोजर रोकने की कोशिश की। पुलिस को स्थिति काबू में लाने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पब्लिक प्रॉसीक्यूटर ने बांद्रा कोर्ट में कहा कि यह हिंसा कोई सहज विरोध नहीं, बल्कि पूर्व-नियोजित साजिश थी। उन्होंने आरोपियों पर गंभीर धाराएं (जिसमें सेक्शन 109 – हत्या का प्रयास भी शामिल) लगाई हैं और कस्टोडियल पूछताछ की मांग की है। इस ड्राइव में बांद्रा स्टेशन के पूर्वी तरफ स्थित करीब 500 अवैध संरचनाएं हटाई जा रही हैं। अब तक लगभग 5,000 वर्ग मीटर जमीन रेलवे ने कब्जे में ले ली है। यह जमीन 5वीं और 6वीं रेल लाइन के विस्तार तथा बांद्रा टर्मिनस के विकास के लिए जरूरी है। प्रतिवादियों के वकील ने दावा किया कि एक स्थानीय मस्जिद को बिना उचित दस्तावेज के गिराया गया। उन्होंने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट के मूल आदेश में धार्मिक स्थलों का जिक्र नहीं था। वहीं, प्रभावित परिवारों ने ईद (27 मई) से ठीक पहले डिमोलिशन किए जाने पर नाराजगी जताई है। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर पश्चिम रेलवे इस अभियान को चला रहा है।

# लखनऊ में बिजली संकट ! लोगों ने किया सड़कों पर चक्का जाम

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी में लखनऊ में भीषण बिजली संकट को लेकर हाहाकार मच गया है। अघोषित कटौती से परेशान आक्रोशित लोगों ने बुद्धेश्वर चौराहे, मोहान रोड और रायबरेली रोड पर उतरकर मुख्य मार्गों को पूरी तरह जाम कर दिया। गुस्साई भीड़ ने उपकेंद्रों पर हंगामा किया। वहीं सआदतगंज के ओल्ड नूरबाड़ी उपकेंद्र और राजाजीपुरम में भी बिजली सप्लाई पूरी तरह ठप होने पर आधी रात को लोगों ने लेसा अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कई जगह पथराव भी हुए।

यूपी के लखनऊ में रायबरेली रोड पर भीषण बिजली संकट से त्रस्त लोगों का सब्र गुरुवार को आखिरकार टूट गया। उतरेठिया और अंबेडकर उपकेंद्र की बदहाल व्यवस्था के विरोध में बलदेव विहार, मवैया, देवीखेड़ा समेत आसपास के दर्जनों इलाकों के सैकड़ों आक्रोशित लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने रायबरेली रोड स्थित शहीद पथ अंडरपास के नीचे मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया।

सड़क जाम होने के कारण करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग हटा रहे इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह को पीछे धकेलने का भी प्रयास किया। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने जैसे-तैसे रास्ता खाली कराया।

प्रदर्शन कर रहे क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि उतरेठिया और अंबेडकर उपकेंद्र से जुड़े नीलमथा, तेलीबाग, बलदेव विहार और



उतरेठिया सहित 60 कॉलोनियों में पिछले पांच दिनों से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उपभोक्ताओं ने बताया कि कहीं एबी केबल जल रही हैं, तो कहीं भारी लोड के कारण ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। कई मोहल्लों में पांच दिनों से नियमित आपूर्ति नहीं मिली है। कुछ देर के लिए बिजली आती है तो फिर आपूर्ति बंद हो जाती है।

जनता का गुस्सा इस बात को लेकर ज्यादा था कि बार-बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद उपकेंद्रों पर कोई कर्मचारी नहीं मिलता। बुधवार की रात भी नाराज उपभोक्ताओं ने उतरेठिया और अंबेडकर उपकेंद्र के कई फीडर बंद करा दिए थे और रात भर उपकेंद्रों पर डटे रहे, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं निकला। गुरुवार को सड़क जाम हटने के बाद सैकड़ों लोग उतरेठिया पावर हाउस पहुंच गए। वहां जेई समेत कई कर्मचारी नदारद थे और फीडर बंद पड़े थे। कर्मचारियों को बुलाकर सभी फीडर चालू कराए, तब जाकर स्थिति सामान्य हुई। हालांकि, कर्मचारियों का दावा था कि कुछ लोग जबरन बिजली बंद कराने का दबाव बना रहे थे, जबकि जनता का कहना था कि बिना फाल्ट के भी फीडर बंद रखे गए थे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मोहनलालखेड़ा में गुरुवार भोर चार बजे ओवरलोड के कारण 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया, जिससे दो सौ कनेक्शनों की बत्ती गुल हो गई। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी शाम तक इसे बदला नहीं जा सका। इलाके में अंधेरा रहा।

## महाराष्ट्र का ओपन मेरिट रूल: एनसीपी ने आरक्षण विरोधी करार दिया , दलित-पिछड़े होंगे प्रभावित

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार पर शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी एसपी) ने आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाया है। एनसीपी ने फडणवीस सरकार पर एक ऐसे असंवैधानिक नियम लाने का आरोप लगाया है, जो कथित तौर पर पिछड़े वर्गों, आदिवासी समुदायों, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में उनके उचित अवसरों से वंचित कर देगा। एनसीपी का आरोप है कि फडणवीस सरकार आरक्षण और संविधान विरोधी है, इसीलिए ऐसे नियम लाई है।



एनसीपी (शरद गुट) के प्रवक्ता महेश तापसे ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में पिछड़े वर्गों एवं आदिवासियों के लिए शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान होने के बावजूद, राज्य सरकार ने एक 'अजीब नियम' बनाया है, जिसके तहत आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को आरक्षण से संबंधित किसी भी छूट का लाभ उठाने पर 'ओपन मेरिट' श्रेणी में नहीं माना जाएगा, भले ही उन्होंने सामान्य श्रेणी के कट-ऑफ से अधिक अंक प्राप्त किए हों। यह पूरी तरह से असंवैधानिक

उन्होंने कहा, ''भले ही ऐसे छात्र या उम्मीदवार योग्यता के आधार पर अंक प्राप्त कर 'ओपन मेरिट' में अर्हता प्राप्त कर लें, फिर भी उन्हें आरक्षित वर्ग के कोटे के तहत ही प्रवेश या नौकरी लेने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्हें 'ओपन मेरिट' की योग्यता का लाभ नहीं मिलेगा। यह पूरी तरह से असंवैधानिक निर्णय है।''

तापसे ने जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस पारदीवाला द्वारा दिए गए उच्चतम न्यायालय के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि आरक्षित श्रेणियों के मेधावी छात्र जिनके अंक 'ओपन मेरिट' के कट-ऑफ से ऊपर हैं, उन्हें सामान्य मेधावी उम्मीदवारों के रूप में माना जाना चाहिए, भले ही उन्होंने आरक्षण का लाभ उठाया हो। पिछड़े वर्गों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और अन्य वंचित वर्गों को शिक्षा और रोजगार के अवसरों से वंचित करने की साजिश का आरोप लगाते हुए, तापसे ने भारतीय जनता पार्टी पर आरक्षण विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप लगाया।

महाराष्ट्र सरकार ने 14 मई को अपनी मंत्रिमंडल बैठक में एक प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसके अनुसार आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रयासों की संख्या में छूट का लाभ उठाने वाले आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवार केवल आरक्षित श्रेणी के पदों के लिए ही पात्र होंगे, न कि 'ओपन मेरिट' की सीटों के लिये।

## 'ऑपरेशन मिलाप' के तहत मात्र 14 दिन में खोजे गए 701 लापता लोग, देशभर में चर्चा

**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप नामक एक राज्यव्यापी खोज अभियान में महिलाओं और बच्चों सहित 701 लापता लोगों का पता महज 14 दिनों के भीतर लगा लिया। यह अभियान गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) केएलएन राव के नेतृत्व में शुरुआत किया गया था। एक विज्ञप्ति के अनुसार, मई के पहले सप्ताह में शुरू किए गए इस विशेष अभियान में गुजरात के सभी पुलिस आयुक्तों और जिला पुलिस अधीक्षकों को लंबे समय से लंबित लापता व्यक्तियों के मामलों को फिर से खोलने, उनकी समीक्षा करने और उन पर तेजी से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। गुजरात पुलिस के अनुसार, 2007 से अब तक राज्यभर में 24,767 से अधिक लोग लापता हो चुके हैं। पुलिस ने लापता व्यक्तियों का पता लगाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है।

## नीट पेपर लीक: पुणे से लेकर लातूर तक सीबीआई की ताबड़तोड़ पूछताछ, शिकंजे में डॉक्टर-टीचर और पार्लर मालिक

**पुणे, एजेंसी।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। गुरुवार को एजुकेशनल कंसल्टेंसी संचालक शुभम खैरनार, निलंबित जूनियर कॉलेज शिक्षिका मनीषा मंधारे, ब्यूटी पार्लर मालकिन मनीषा वाघमारे और लातूर के एक बाल रोग विशेषज्ञ इस मामले के केंद्र में आ गए।

सीबीआई अब मामले से जुड़े पैसों के मनी ट्रेल, डिजिटल फुटप्रिंट्स और संदिग्ध लाभार्थियों की बढ़ती सूची की पड़ताल कर रही है।सीबीआई पूछताछ के लिए खैरनार को पुणे लेकर आई है। वहीं, 3 मई को हुई मेडिकल प्रवेश परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक करने और उसे आगे फैलाने में कथित भूमिका को लेकर मंधारे और वाघमारे से भी फिर से पूछताछ की गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने संसदीय समिति को बताया कि उसका मानना है कि उनके सिस्टम के जरिए पेपर के साथ कोई समझौता नहीं हुआ है,



लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस मामले में सीबीआई अंतिम निष्कर्ष देगी। गौरतलब है कि 22 लाख से अधिक छात्रों ने नीट-यूजी परीक्षा दी थी, जिसे बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को एनटीए ने रद कर दिया था। सीबीआई लातूर के एक बाल रोग विशेषज्ञ की भूमिका की भी जांच कर रही है। इस डॉक्टर पर लातूर के सेवानिवृत्त केमिस्ट्री लेक्चरर, प्रह्लाद विट्ठलराव कुलकर्णी के माध्यम से अपने बच्चे के लिए लीक पेपर हासिल करने का संदेह है। जांचकर्ताओं ने कुलकर्णी को ही इस लीक का मुख्य स्रोत बताया है। सीबीआई के अधिकारी ने कहा कि हम मामले में उसकी संलिप्तता स्थापित करने के लिए उससे पूछताछ कर रहे हैं।

## नोएडा में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, नौतपा से पहले ही पारा 44 डिग्री पार

**नोएडा, एजेंसी।** शहर में गर्मी अब लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। सूरज की तेज तपिश और गर्म हवाओं ने लोगों का दिन में घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। नौतपा शुरू होने से पहले ही शहर भीषण गर्मी और हीटवेव की चपेट में आ गया है। बृहस्पतिवार को नोएडा का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए भी हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 25 मई से शुरू होने वाले नौतपा के दौरान तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। आने वाले दिनों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंचने की आशंका है। सुबह से ही तेज धूप और दोपहर में चल रही गर्म हवाओं के कारण सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं। लोग जरूरी काम होने पर ही बाहर निकल रहे हैं।

गर्मी के साथ खराब हवा ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बृहस्पतिवार को नोएडा का औसत एक्यूआइ 272 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में रहा। सेक्टर-116 में एक्यूआइ 298 और सेक्टर-1 में 291 रिकार्ड किया गया। वहीं ग्रेटर नोएडा का एक्यूआइ 314 पहुंच गया, जो बेहद खराब श्रेणी में माना जाता है। नॉलेज पार्क-5 में एक्यूआइ 294 दर्ज किया गया। गर्म हवाओं और प्रदूषण के कारण सांस और एलर्जी, पेट, डी हाइड्रेशन से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। भीषण गर्मी का असर अब अस्पतालों में भी साफ दिखाई दे रहा है। सरकारी और निजी



अस्पतालों की ओपीडी में डायरिया, डिहाइड्रेशन, उल्टी, चक्कर, कमजोरी और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डाक्टरों के मुताबिक बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, ओआरएस और तरल पदार्थ लेने, हल्का भोजन करने और दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप से बचने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही बाहर निकलते समय सिर और चेहरे को ढकने की अपील की गई है। वर्तमान में ओपीडी में आने वाले लगभग 35-40 प्रतिशत मरीज अत्यधिक गर्मी और शरीर में पानी की कमी से संबंधित लक्षणों से पीड़ित हैं। पिछले एक सप्ताह में ऐसे मामलों में करीब 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

# गहनों का पता लगाने तांत्रिक के पास पहुंचा जांच अधिकारी, राजस्थान हाई कोर्ट ने दिया हटाने का आदेश

**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान हाई कोर्ट ने नागौर जिले से संबंधित गहनों की चोरी के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि आपराधिक मामले की जांच किसी तांत्रिक के इशारों पर नहीं चल सकती।

जस्टिस मुन्नरी लक्ष्मण की सिंगल बेंच ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए नागौर एसपी को जांच अधिकारी को बदलने का आदेश दिया।

कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि आदेश की प्रति मिलने के 15 दिन के भीतर जांच श्रीबालाजी थाने से हटाकर किसी अन्य थाने के सब-इंस्पेक्टर या उससे ऊंची रैंक के अधिकारी को सौंपी जाए। जांच अधिकारी पर अनुसंधान के दौरान तांत्रिक की मदद लेने का आरोप है।

बता दें कि 80 वर्षीय महिला ने श्रीबालाजी थाने में 8 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि सात मार्च की रात को घर से उनके और उनकी बहू के गहने चोरी हो गए। इनमें डेढ़ तोला सोना, 300 तोला चांदी और 24 हजार कैश शामिल था।

महिला ने जांच अधिकारी को चोरी में शामिल कुछ संदिग्ध लोगों के नाम भी दिए थे लेकिन पुलिस न तो आरोपितों को गिरफ्तार कर पाई और न ही चोरी हुए जेवर बरामद कर सकी।

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि जांच अधिकारी ने साक्ष्य जुटाने की बजाय



अंधविश्वास का सहारा लिया। जांच अधिकारी याचिकाकर्ता की बहू के पिता और गांव के कुछ अन्य बुजुर्गों को अलवर जिले में के एक तांत्रिक के पास ले गया। तांत्रिक ने बताया कि चोरी में खुद बहू का पिता शामिल है। ऐसे में पुलिस ने उसे संदिग्ध मान लिया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस बात की आशंका है कि यह पूरी जांच तांत्रिक की राय से प्रभावित हो चुकी है। इस मामले में असल आरोपितों की पहचान के लिए स्वतंत्र जांच होना जरूरी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

### पेपर लीक मामलों में उच्च स्तर पर जवाबदेही तय करने की जरूरत

अगर खुद एनटीए की ओर से इतनी अहम जिम्मेदारी संभालने वाला कोई शख्स ही प्रश्नपत्र लीक करने का आरोपी हो, तो ऐसे में किसी संस्था की साख की क्या अहमियत रह जाती है? इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि लाखों विद्यार्थी एक भरोसे के साथ जिस परीक्षा में अपना भविष्य बेहतर बनाने के लिए बैठें, वह सिर्फ उनके हित में साबित हो, जिनकी पहुंच उसके प्रश्नपत्र तक हो।देश भर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा यानी नीट–यूजी को सबसे अच्छे प्रबंधन के तहत संचालित करने का दावा किया जाता रहा है। मगर पिछले कुछ वर्षों में इसमें जिस स्तर की गड़बड़ियां सामने आई हैं, उसमें यह सवाल उठा है कि हर बार कार्रवाई के तौर पर कुछ औपचारिक और दिखावे के कदम उठा कर क्या परीक्षा के प्रश्नपत्र बाहर आने की घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है?यह इस वर्ष फिर साबित हुआ है कि पहले की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया गया और ऐसे जरूरी कदम नहीं उठाए गए, जिससे इस परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित हो। नतीजतन, इस महीने के शुरू में आयोजित नीट के प्रश्नपत्र लीक होने की खबर आई। फिर मामले के तूल पकड़ने के बाद परीक्षा को रद्द कर देना ही सबसे आखिरी उपाय माना गया, जिसकी वजह से करीब बाईस लाख विद्यार्थियों का भविष्य फिलहाल अधर में लटक गया।सवाल है कि इस अफसोसनाक स्थिति के लिए मुख्य जिम्मेदारी किसकी बनती है। जो राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए सबसे बेहतर व्यवस्था के तहत परीक्षाओं के आयोजन का भरोसा देती रही है, क्या नीट–यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने सहित अन्य गड़बड़ियों की निरंतरता कायम रहने की स्थिति में अब भी वह अपनी साख और प्रतिष्ठा के बने रहने का दावा कर सकती है?प्रश्नपत्र लीक होने के तथ्य सामने आने, उसके राजस्थान के कई कोचिंग संस्थानों में पहुंचने और मोटी रकम लेकर विद्यार्थियों को बेचने की खबरों के बाद सरकार ने मामले की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी सीबीआइ को सौंपी। उसके बाद से अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिसमें नीट परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी एनटीए की एक विशेषज्ञ भी शामिल हैं।अगर खुद एनटीए की ओर से इतनी अहम जिम्मेदारी संभालने वाला कोई शख्स ही प्रश्नपत्र लीक करने का आरोपी हो, तो ऐसे में किसी संस्था की साख की क्या अहमियत रह जाती है?गौरतलब है कि इस तरह की गड़बड़ियों पर काबू पाने के लिए राधाकृष्णन समिति ने अपनी रिपोर्ट में एनटीए में ढांचागत सुधार की सिफारिश की थी।

### आवारा कुत्तों की भयावह समस्या पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला- लेकिन जिम्मेदारी तय किए बिना कैसे बनेगी बात?

लेकिन क्या इससे देश के आम नागरिकों को खुश होना चाहिए? क्या इससे देश में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों – खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत मिल पाएगी? यह इतना भी आसान नहीं है। जब तक किसी खास अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी तब तक इस समस्या का निदान नहीं हो सकता है। देश की सर्वोच्च अदालत ने आवारा कुत्तों की नसबंदी और दूसरी जगह भेजने के अपने पहले के आदेश को वापस लेने के लिए दायर की गई सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने डॉग लवर्स की याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह अदालत देश भर में कुत्ता काटने की घटनाओं की अनदेखी नहीं कर सकती है। इसका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त शब्दों में अपने पहले के आदेश की फिर से याद दिलाते हुए कहा कि सड़क के कुत्तों पर 7 नवंबर, 2025 को दिया गया उनका आदेश ही लागू होगा। इन आदेशों को लागू करने वाले अधिकारियों को कानूनी सुरक्षा दी जाए और जो अधिकारी इनका पालन न करे, उन पर विभागीय और अवमानना की कार्यवाही की जा सकती है। लेकिन क्या इससे देश के आम नागरिकों को खुश होना चाहिए? क्या इससे देश में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों – खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत मिल पाएगी? यह इतना भी आसान नहीं है। जब तक किसी खास अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी तब तक इस समस्या का निदान नहीं हो सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद व्यवहारिक स्थिति तो यही है कि ज्यादातर राज्य सरकारें और जिला प्रशासन इसे गंभीरता से लेती नज़र नहीं आ रही है।

*राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली इस समय भयंकर गर्मी की चपेट में हैं। यमुना सूख रही है। मौसम विभाग की सारी घोषणाएं धरी रह जा रही हैं। सच यह है कि मनुष्य जिस तरह से प्रकृति का विनाश करने पर तुला है, यह धरती के लिए शुभ संकेत नहीं है। कनाडा जैसे ठंडे देश में पारा ऊपर जा रहा है। तालाबों–झीलों और यहां तक कि समुद्र तक का पानी गरम हो रहा है।*

## बढ़ती गर्मी और तपते गांव-शहर, इस बार फसल प्रभावित होने की भी आशंका

**(शिवचरण चौहान)**

पहले लोग गांवों में तालाब और झील खुदवाते थे। कुएं और बावड़ी बनवाते थे। आज लोगों ने तालाबों और झीलों को पाट कर वहीं पर अपने घर बना लिए हैं। नदियों को संकरा कर दिया है। गर्मी इस बार कहर बरपा रही है। यह पिछले कई वर्षों की अपेक्षा अधिक है। कुछ राज्यों में आंधी-पानी और ओले गिरने के कारण तापमान में कुछ गिरावट आई थी, लेकिन अब सूरज फिर आग बरसाने लगा है। दिन में लू चल रही है और रात में भी लोग गर्मी से बेहाल हैं। पारा 46 डिग्री पार कर रहा है।भारतीय मौसम विभाग ने जून तक के मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके अनुसार पूर्वी मध्य, उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण पूर्वी प्रायद्वीप में इस बार अधिक गर्मी पड़ेगी। इस वर्ष गर्मी 2001 का रेकार्ड तोड़ सकती है। पहाड़ों में बारिश होगी और मैदानों में लू चलेगी। रात में भी लू चलने की संभावना जताई गई है। मई में यह हाल है, तो जून में पारा और ऊपर जा सकता है। ऐसी आशंका वैज्ञानिक व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में बिना किसी बचाव के घर से निकलना खतरे से खाली नहीं है। दिल्ली में कुछ उपाय किए गए हैं जो पर्याप्त नहीं हैं। 2026 में भीषण गर्मी की चेतावनी वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि 2026 में भीषण गर्मी पड़ेगी। अल नीनो और सुपर अल नीनो के कारण 31 जुलाई के बाद तक पूरी दुनिया में बहुत अधिक गर्मी पड़ेगी। प्रशांत महासागर का जल और उसकी सतह का जल दोनों गर्म हो रहे हैं। इसी कारण इस साल दुनिया भर में गर्मी बढ़ेगी और सूखे की स्थिति उत्पन्न होगी। मानसून में हल्की बारिश का अंदेशा है। किसानों को सूखे की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इससे फसलों की पैदावार पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। प्रशांत महासागर की सतह के जल का दो डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान बढ़ने की स्थिति को सुपर अल नीनो कहा जाता है। यही पूरी दुनिया में गर्मी के कारण बेचैनी पैदा करेगा। दूसरी ओर अमेरिका, ईरान, रूस, यूक्रेन और इजराइल-लेबनान युद्ध में इतना ज्यादा बारूद का इस्तेमाल किया गया है कि धरती से लेकर आसमान तक कांप उठा है। भारत में गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं। कई जिलों में लू चल रही है। राजस्थान से लेकर उत्तर प्रदेश तक मध्य मई में ही पारा 45 से 46 डिग्री तक पहुंच गया। रात का पारा भी ऊपर जा रहा है। कोयले की कमी के कारण बिजली का उत्पादन कम हो रहा है। ऐसी स्थिति में बिजली कटौती का असर राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अधिक दिखेगा। अत्यधिक कार्बन उत्सर्जन और वनों की कटाई के कारण गर्मी और भयावह होती जाएगी। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि दुनिया की जलवायु खराब हो गई है। भूमिगत जल सूख रहा है। यह इतना गंदा हो गया है कि पीने लायक नहीं है। गांवों और शहरों की हवा विषैली हो गई है। गंगा और यमुना सहित सभी नदियां खतरनाक स्तर पर दूषित हो गई हैं। कभी इन नदियों का पानी पीने के काम आता था। आज इनका जल आचमन के लायक भी नहीं बचा। उत्तर प्रदेश के 67 जिले गर्मी की चपेट में कृषि विभाग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के 67 जिले गर्मी की चपेट में आ गए हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली इस समय भयंकर गर्मी की चपेट में हैं। यमुना सूख रही है। मौसम विभाग की सारी घोषणाएं धरी रह जा रही हैं। सच यह है कि मनुष्य जिस तरह से प्रकृति का विनाश करने पर तुला है, यह धरती के लिए शुभ संकेत नहीं है। कनाडा जैसे ठंडे देश में पारा ऊपर जा रहा है। तालाबों-झीलों और यहां तक कि समुद्र तक का पानी गरम हो रहा है। भूजल स्तर इतना नीचे चला गया है कि जल संकट गहराने का अंदेशा है। यह हाल कमोबेश पूरे भारत में है। पहले तालाब और झील गांव-गांव में होते थे। इससे भूजल संतुलन बना रहता था। बरसात का पानी गांवों के तालाबों में भर जाता था। इससे जमीन के नीचे पानी की कमी नहीं होती थी। सरकार की गलत नीतियों के कारण घर-घर पंप लग जाने के कारण भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। वैज्ञानिकों ने आधे से ज्यादा भारत को भूजल रहित क्षेत्र घोषित किया हुआ है, लेकिन फिर भी इस संकट को कोई भी गंभीरता से नहीं ले रहा। अचानक नहीं आया यह संकट पहले लोग गांवों में तालाब और झील खुदवाते थे। कुएं और बावड़ी बनवाते थे। आज लोगों ने तालाबों और झीलों को पाट कर वहीं पर अपने घर बना लिए हैं। नदियों को संकरा कर दिया है। दूसरी ओर, आसमान से आग बरस रही है। अगर ऐसी ही गर्मी लगातार पड़ती रही, तो जीवन जीना मुश्किल हो जाएगा। हालात अनियंत्रित हो जाएंगे। यह संकट अचानक नहीं आया है। हम इतने विकासशील हो गए हैं कि अपना भला-बुरा भूल गए और पर्यावरण को अकल्पनीय क्षति पहुंचाई। कार्बन गैसों का इतना उत्सर्जन किया कि इसका जलवायु पर प्रतिकूल असर पड़ा है। भीषण गर्मी और अकाल के जोखिम को देख कर भी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि खाड़ी युद्ध के कारण पिछले दिनों डीजल और पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए गए। रसोई गैस से लेकर सीएनजी तक महंगी हो गई है। बिजली की दरें पहले से महंगी हैं। इस साल खेती की लागत बहुत ज्यादा बढ़ने वाली है, क्योंकि डीजल पहले से बहुत महंगा हो चुका है। रासायनिक खाद के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। अब प्राकृतिक खाद से काम चलाने की नसीहत दी जा रही है। क्या उससे भारी मात्रा में फसल हो पाएगी? देश के करीब अस्सी करोड़ लोग पांच किलो गेहूं-चावल से ही जीवनयापन कर रहे हैं। मगर जब धान ही नहीं होगा, तो चावल कहां से आएगा? ज्वार, बाजरा और मक्का पहले ही सूखे जा रहे हैं। पूरी खरीफ फसल संकट में है, लेकिन किसानों के अलावा इसकी किसी को चिंता नहीं है। सरकार को संभावित सूखे और अकाल को लेकर योजनाएं बनानी होंगी बंगाल की खाड़ी से आने वाले मानसून का कोई ठिकाना नहीं होता। ऐसा बताया जा रहा कि अल नीनो और सुपर अल नीनो के प्रभाव से भारत में 30 अगस्त तक कम बारिश होगी। सूखे की स्थिति बन सकती है। इसलिए समय रहते सरकार को संभावित सूखे और अकाल को लेकर योजनाएं बनानी होंगी। भारतीय कृषि तो सदियों से मानसून पर निर्भर रही है। ग्लासगो में हुए सम्मेलन में भारत ने 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने पर प्रतिबद्धता जताई थी। मगर स्थिति तो अभी से खराब हो चुकी है। तब तक तो हालात बहुत खराब हो जाएंगे। दरअसल, सड़क पर चलने वाले पेट्रोल और डीजल के वाहन बहुत अधिक प्रदूषण फैलाते हैं। ध्वनि प्रदूषण भी खूब होता है। वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण भारत के अधिकांश शहरों की वायु प्रदूषित हो गई है। इस कारण तपेदिक, कैंसर और अस्थमा जैसी बीमारियां होने लगी हैं। अब यह सिर्फ सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वह जलवायु सुधार के लिए वह खुद भी पहल करे। पेट्रोल-डीजल वाले वाहनों का उपयोग कम करे।

## व्यक्ति जैसा सोचता है, धीरे-धीरे वैसा ही बनता चला जाता है

**(अमन सिंह गौर)**

आज का समय तेजी से बदल रहा है। लोगों के पास सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन मानसिक शांति कम होती जा रही है। जो व्यक्ति भीतर से जैसा सोचता है, धीरे-धीरे वैसा ही बनता चला जाता है। हमारे मन में उठने वाले विचार केवल कुछ क्षणों की हलचल नहीं होते, वे हमारे व्यवहार, निर्णय और व्यक्तित्व की नींव तैयार करते हैं। कई बार हम यह मान लेते हैं कि भाग्य ही सब कुछ तय करता है, जबकि सच यह है कि भाग्य तक पहुंचने वाला रास्ता भी हमारे विचारों से होकर गुजरता है। जब कोई व्यक्ति बार-बार यह सोचता है कि वह असफल है, कमजोर है या उसके जीवन में कुछ अच्छा नहीं हो सकता, तो उसका मन उसी भावना को सच मानने लगता है। फिर उसके फैसले भी वैसे ही होने लगते हैं। वह अवसरों से डरने लगता है, छोटी चुनौतियों से घबराने लगता है और धीरे-धीरे उसके भीतर का आत्मविश्वास कमजोर पड़ जाता है। दूसरी ओर, जो व्यक्ति कठिन समय में भी उम्मीद बनाए रखता है, वह टूटता नहीं, बल्कि रास्ता खोजने की कोशिश करता है। उसकी सोच उसे आगे बढ़ने की ताकत देती है। जीवन में हर व्यक्ति को संघर्षों का सामना करना पड़ता है जीवन में हर व्यक्ति को संघर्षों का सामना करना पड़ता है। किसी के पास धन की कमी होती है, किसी के पास अवसरों की, तो कोई भावनात्मक परेशानियों से गुजर रहा होता है। मगर एक बात अक्सर देखने को मिलती है कि समान परिस्थितियों में रहने वाले दो लोगों का जीवन बिल्कुल अलग दिशा में चला जाता है। इसका बड़ा कारण उनकी सोच होती है। एक व्यक्ति समस्या देखकर हार मान लेता है, जबकि दूसरा उसी समस्या में सीख और संभावना खोजने की कोशिश करता है। विचारों का असर केवल मन तक सीमित नहीं रहता। उनका प्रभाव हमारे चेहरे, बोलचाल और व्यवहार में भी दिखाई देता है। जो व्यक्ति भीतर से शांत और सकारात्मक होता है, उसके आसपास का वातावरण भी हल्का और सहज लगता है। वहीं जो हर समय शिकायत, डर और निराशा में डूबा रहता है, उसके साथ रहना भी लोगों को भारी लगने लगता है। इसीलिए कहा जाता है कि इंसान अपने विचारों से अपना वातावरण भी बना लेता है। आज का समय तेजी से बदल रहा है। लोगों के पास सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन मानसिक शांति कम होती जा रही है। सोशल मीडिया और लगातार तुलना की आदत ने भी लोगों की सोच पर गहरा असर डाला है। लोग दूसरों की सफलता देखकर अपने जीवन को छोटा समझने लगते हैं। उन्हें लगता है कि वे पीछे रह गए हैं। यही भावना धीरे-धीरे तनाव और हीनता में बदल जाती है। जबकि हर व्यक्ति की यात्रा अलग होती है। किसी की सफलता जल्दी दिखाई देती है और किसी की मेहनत देर से रंग लाती है। खुद के प्रति दयालु होना भी सकारात्मक सोच का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा अक्सर यह भी देखा जाता है कि लोग अपने बारे में बहुत कठोर सोच रखने लगते हैं। छोटी गलती होने पर वे खुद को अयोग्य मान बैठते हैं। जबकि गलतियां जीवन का हिस्सा हैं। उनसे सीखकर आगे बढ़ना ही परिपक्वता है। अगर मनुष्य हर असफलता को अपने अंत की तरह देखने लगेगा, तो वह आगे बढ़ने का साहस खो देगा। इसलिए खुद के प्रति दयालु होना भी सकारात्मक सोच का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। हालांकि सकारात्मक सोच का मतलब यह नहीं कि व्यक्ति समस्याओं को नजरअंदाज करे या हर समय कृत्रिम खुशी दिखाता रहे।

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन सामान्य रहेगा। आप पैसों की सही प्लानिंग कर पाएंगे। आज आपका पूरा ध्यान बचत करने और घर के जरूरी खर्चों पर रहेगा। भावुक होकर फालतू की चीजें खरीदने से बचें। बृहस्पतिदेव बातचीत के जरिए आपको धन लाभ के नए मौके दे सकते हैं। अपने भविष्य की योजनाओं को दोबारा देखने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

### वृष
आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। शुक्रदेव और बृहस्पतिदेव की युति से आपकी आमदनी बढ़ सकती है। आज आप बचत करने या भविष्य के लिए धन निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। कुछ लोगों को आज किसी अनुभवी व्यक्ति से धन की मदद या कोई अच्छी सलाह मिलेगी। सूर्यदेव और बुधदेव पैसों का सही प्रबंधन करने में आपकी मदद करेंगे।

### मिथुन
आज दिन ठीक-ठाक रहेगा और धीरे-धीरे आपकी स्थिति बेहतर होगी। चंद्रदेव की उपस्थिति के कारण आज आपका ध्यान बचत और घर के खर्चों पर ज्यादा रहेगा। शुक्रदेव और बृहस्पतिदेव की युति से आज आपको किसी क्रिएटिव काम या संपर्कों के जरिए धन लाभ हो सकता है।

### तुला
आज का दिन काफी स्थिर और अच्छा रहने वाला है। सूर्यदेव और बुधदेव की कृपा से आपको सही फैसलों के दम पर अच्छा धन लाभ होगा। कुछ जातक आज अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए नई बचत योजनाएं बना सकते हैं। राहु के प्रभाव के कारण आज निवेश या पार्टनरशिप के पैसों को लेकर मन में थोड़ी उलझन हो सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन स्थिर रहेगा, लेकिन अचानक कुछ खर्चे बढ़ सकते हैं। चंद्रदेव की उपस्थिति आज यात्रा या आपकी सुख-सुविधाओं से जुड़े खर्चों को बढ़ा सकती है। करियर में तरक्की के साथ-साथ धन लाभ का पूरा समर्थन कर रही है। आज आपको दिखावे की चीजों पर बेवजह पैसा बर्बाद करने से बचना चाहिए। समझदारी से लिए गए फैसले ही आपके बजट का संतुलन बनाए रखेंगे।

### धनु
आज का दिन धीरे-धीरे सुधार की तरफ आगे बढ़ेगा। चंद्रदेव की स्थिति के कारण टीम वर्क और सामाजिक संपर्कों के जरिए धन लाभ होने के योग हैं। कुछ जातकों को आज कोई पुराना रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों से जुड़े खर्चों को बढ़ा सकती है। आज भावनाओं में बहकर कहीं भी पैसा न लगाएं। सही प्लानिंग से ही आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### कर्क
आज का दिन काफी नार्मल रहेगा। पैसों की प्लानिंग सही से करें। परिवार से जुड़े फैसले लेने के लिए आज का दिन अच्छा है। फिजूलखर्ची पर लगाम लगाएं और बचत पर ध्यान दें। करियर में आज आप ज्यादा व्यस्त रहने वाले हैं। चंद्रदेव के होने से जिम्मेदारियां बढ़ेंगी और आपको काम का बोझ महसूस होगा। ऑफिस में आज डेडलाइन पर काम करना होगा।

### सिंह
आज आपकी पॉकेट का हाल काफी अच्छा रहने वाला है। धन से जुड़े मामलों में राहत मिलेगी, लेकिन आंख मूंदकर खर्च न करें। आप पैसों का सही मैनेजमेंट करेंगे और बेहतर प्लान भी बनाएंगे। किसी भी रिस्की निवेश में पैसा लगाने से बचें। बस समझदारी से बजट बनाएं और आगे बढ़ें। नौकरी और बिजनेस के लिहाज से आज का दिन काफी हल्का-फुल्का रहने वाला है ।

### कन्या
आज आपका दिन बढ़िया और थमा हुआ रहेगा। घर की कुछ जरूरतों पर थोड़ा-बहुत खर्चा हो सकता है, इसलिए अपने पॉकेट का ध्यान जरूर रखें। आप पैसों से जुड़ा हर फैसला बहुत समझदारी से लेंगे। ध्यान रहे, लोगों को दिखाने के चक्कर में फालतू की चीजों पर पैसा बिल्कुल न उड़ाएं।

### मकर
आज आपकी स्थिति मजबूत रहने वाली है। इस दौरान आपको सूर्यदेव और बुधदेव की कृपा से पैसों की प्लानिंग करने और भविष्य को सुरक्षित बनाने की समझ मिलने वाली है। आपका पूरा ध्यान निवेश या बचत को बढ़ाने पर रहेगा। हालांकि, जल्दबाजी में बिना सोचे-समझे खर्च करने से बचें। वैसे बृहस्पतिदेव आपको किसी यात्रा या शिक्षा से जुड़े कामों के जरिए लाभ देने वाले हैं।

### कुंभ
आज आपकी पॉकेट थोड़ी हलकी रहने वाली है, फिर भी आप अपनी सूझबूझ से सब जिम्मेदारियां बहुत अच्छे से संभाल लेंगे। आज आपका पूरा ध्यान लोन या टैक्स चुकाने पर रहने वाला है। आप भविष्य की आर्थिक सुरक्षा के लिए गंभीरता से सोचेंगे। रिस्की निवेश या दिखावे की चीजों पर खर्च करने से बचें। आज सूर्यदेव और बुधदेव की साथ स्थिति हैं, इसलिए आप बचत बढ़ाने और बजट बनाने के लिए तैयार हैं।

### मीन
आज पैसों की स्थिति काफी अच्छी रहेगी। धीरे-धीरे आपकी कमाई के नए स्त्रोत खुलेंगे। किसी पुराने निवेश या बिजनेस पार्टनरशिप से धन लाभ की संभावन है। आप अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सोच-विचार करेंगे। जल्दबाजी में आकर किसी भी रिस्की जगह पैसा न लगाएं । भावनाओं में बहकर शॉपिंग करने से बचें। पैसों का संतुलन बनाए रखने के लिए एक सही बजट प्लान करें।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6099

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

## वर्ग पहेली 6100

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | 4 | |
| | ■ | 5 | | 6 | | | ■ |
| 7 | 8 | | ■ | 9 | | | ■ |
| 10 | | ■ | 11 | | ■ | ■ | 12 |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | |
| 17 | | | ■ | 18 | | ■ | |
| ■ | ■ | 19 | 20 | ■ | ■ | 21 | |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2009 को इस प्रख्यात पार्श्व गायक को वर्ष 2007 प्रतिष्ठित दादा साहब फालके अवार्ड के लिए चुना गया था (3)
3. एक प्रकार का वाद्य जो भगवान शंकर को प्रिय है, एकसूत्र, सूत्रकोण (3)
5. आश्चर्य चकित होना, निरूत्तर होना (5)
7. शबर जाति की श्रमणा नाम की स्त्री जो श्रीराम की परमभक्त थी (3)
9. बांस की चटाई को यह भी कहा जाता है (3)
10. कसर, कमी, खता, खामी (2)
11. स्वेच्छा से दिया गया धन (2)
13. पादत्राण, एक पैर (3)
15. हेकड़ी, धृष्टता, अधिकारहीनता (4)
17. घास आदि का छोटा टुकड़ा, कंडगर, खरीक, तृण (3)
18. शिकन, ऐंठ, मरोड़, शक्ति (2)
19. कलई, गिरिसार, परास, सोल्डर (2)
21. मर्जी, इच्छा, अवकाश अनुमति (2)
22. जिसकी सभी सतह समान हो (4)
23. उतारू, राणकामी (3)

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रसिद्ध लॉन टेनिस खिलाड़ी जिसने अभिनेत्री लारा दत्ता से विवाह किया था (6)
2. दहलीज, घर की चौखट, अनाज गोदाम(3)
3. पश्चिमी अफ्रिका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की यह राजधानी है (3)
4. 33 छोटे-छोट द्वीप वाला अरब देश बहरीन की यह राजधानी है (3)
6. दुर्भाग्यशाली, दुहागा, भाग्यहीन (5)
8. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
12. शरीफ का लड़का, आर्यपुत्र, कुलपुरूष (5)
14. जिसके शब्द के अंत में ई लगा हो (4)
16. फूल, लोहे का अर्धचंद्रकार टुकड़ा, कुमुद आदि फूलों की लंबी और खोखली नली (2)
20. कपोल, रूखसार, आरिज (2)
21. माता लक्ष्मीजी का एक नाम, शोभा, सम्मोहित, वशीकृत (2)

### वर्ग पहेली 6099 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | ग्लैं | ड | ■ | ए | क | ल | व्य |
| दौ | ■ | र | ज | त | प | ट | ■ |
| र | म | ना | ■ | बा | ट | ■ | ■ |
| ■ | न्न | ■ | ना | र | ■ | मा | न |
| हु | त | ■ | ह | क | त | ल | फी |
| कु | ■ | सी | क | र | ■ | दा | स |
| म | जा | र | ■ | ना | जि | र | ■ |
| त | ला | त | ल | ■ | क्र | ■ | शै |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com




# ‘बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट खत्म कर देना चाहिए’

## आकिब नबी के न चुने जाने पर भड़का भारत का पूर्व चयनकर्ता

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता दिलीप वेंगसरकर ने अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भारत की टीम चुनते समय जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी को नजरअंदाज करने के लिए अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि अगर चयन का मानक घरेलू क्रिकेट नहीं है तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टष्ठ) को घरेलू क्रिकेट खत्म कर देना चाहिए।

आकिब नबी ने 2025-26 रणजी ट्रॉफी सत्र में 10 मैचों में 12.56 के शानदार औसत से 60 विकेट लेकर सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और जम्मू-कश्मीर को उनका पहला रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया।



### वेंगसरकर भड़के

वेंगसरकर ने कहा, ‘अगर घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन कोई मानक नहीं है, तो बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट खत्म कर देना चाहिए। आप किसी गेंदबाज को उसकी विकेट लेने की काबिलियत के आधार पर चुनते हैं। वह 130 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सकता है, लेकिन जरूरी बात उसकी विकेट लेने की काबिलियत है। इस लड़के ने विकेट लेने में जबरदस्त निरंतरता दिखाई है। उसे तैयार करने का यह सही समय था। जब कोई खिलाड़ी फॉर्म में होता है तो आप उसे वहीं मौका देते हैं।

### अभी नबी की हालत क्या होगी?

टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में दिलीप वेंगसरकर ने आकिब नबी को लेकर कहा, ‘चयनकर्ताओं का उन्हें नजरअंदाज करने का फैसला बिल्कुल अजीब और हैरान करने वाला है। यह किस तरह का चयन है? यह बिल्कुल मंजूर नहीं है। यह नाइंसाफी है। क्या आप सोच सकते हैं कि अभी नबी की हालत क्या होगी? उन्होंने रणजी ट्रॉफी में 60 विकेट लिए हैं। उन्होंने इसके लिए बहुत मेहनत की है और वह बाकी सबसे आगे रहने के हकदार हैं।’

# ‘तुम घिनौने हो, यह पत्रकारिता नहीं’

## आपत्तिजनक पोस्ट पर भड़कीं सारा तेंदुलकर, पापाराजी अकाउंट को लगाई फटकार




**नई दिल्ली।** महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर ने एक फोटोग्राफर/पापाराजी को उसके बॉडी-शेमिंग वाले कमेंट्स के लिए जमकर फटकार लगाई। सारा तेंदुलकर ने पापाराजी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने और बॉडी-शेमिंग का आरोप लगाया। पापाराजी की पोस्ट में सारा तेंदुलकर के साथ उनकी भाभी (अर्जुन तेंदुलकर की पत्नी सानिया) का भी जिक्र किया गया था। मुंबई के एक पापाराजी ने सारा तेंदुलकर और उनकी भाभी सानिया चंडोक का एयरपोर्ट पर आते हुए वीडियो शेयर किया था। वीडियो में बस दोनों को टर्मिनल में घुसते हुए दिखाया गया था, लेकिन पापाराजी के आपत्तिजनक कैप्शन ने ऑनलाइन हंगामा खड़ा कर दिया और सारा समेत नेटिजंस की आलोचनाओं का सामना किया।

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक रील वायरल हुई थी, जिसमें सारा तेंदुलकर और सानिया चंडोक को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इस पोस्ट को देखने के बाद सारा तेंदुलकर ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिये अपनी नाराजगी जाहिर की।

सारा तेंदुकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में उस वीडियो का एक हिस्सा साझा करते हुए लिखा, ‘‘@tahirjasus तुम घिनौने हो। यह पत्रकारिता नहीं है। हमें अकेला छोड़ दो।’’ इतना ही नहीं सारा तेंदुलकर ने संबंधित अकाउंट को टैग करते हुए आगे लिखा, ‘‘तुम अपनी पोस्ट डिलीट कर सकते हो, लेकिन इससे तुम कम घिनौने साबित नहीं हो पाओगे।’’ बताया जा रहा है कि विवाद बढ़ने के बाद उस पापापराजी अकाउंट ने पोस्ट हटा दी। हालांकि, सारा तेंदुलकर की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है और कई लोग उनके समर्थन में सामने आए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को लगातार ट्रोलिंग और बॉडी-शेमिंग का सामना करना पड़ता है, लेकिन निजी सीमाओं और सम्मान का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

सारा तेंदुलकर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और लोकप्रिय भी। वह अक्सर फैशन, लाइफस्टाइल और सार्वजनिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा में रहती हैं। हालांकि, इस बार उन्होंने निजी मर्यादा को लेकर खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है।

प्रोफेशनल फ्रंट पर सारा सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (स्ञ्जस्न) में डायरेक्टर की भूमिका निभा रही हैं।

# गुजरात ने 89 रन जीता मैच

## हार के साथ चेन्नई का सफर समाप्त

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटंस ने अपने घरेलू मैदान पर यानी अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स को शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर की अर्धशतकीय पारी और इसके बाद मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा और राशिद खान की घातक गेंदबाजी के दम पर 89 रन से हरा दिया। ये गुजरात की 14 लीग मैचों में 9वीं जीत रही तो वहीं इस हार के बाद सीएसके का प्लेऑफ में पहुंचने का सपना टूट गया और ऋतुराज गायकवाड़ की टीम का सफर समाप्त हो गया। सीएसके अब प्लेऑफ की रेस से मुंबई और लखनऊ के बाद बाहर होने वाली तीसरी टीम बन गई। आईपीएल 2026 के 66वें मैच में गुजरात टाइटंस का सामना चेन्नई सुपर किंग्स के साथ नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में हुआ। इस मुकाबले में सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गुजरात ने पहले बैटिंग करते हुए कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर की अर्धशतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 4 विकेट पर 229 रन बनाए और चेन्नई को जीत के लिए 230 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में चेन्नई की टीम ने 13.4 ओवर में 140 रन ही बनाए। मोहम्मद सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




शुभमन गिल,साई व बटलर के अर्धशतक गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने सीएसके के खिलाफ 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और 64 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने भी 35 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और 84 रन बनाकर आउट हो गए। राहुल तेवतिया खाता भी नहीं खोल पाए और रन आउट हो गए। जोस बटलर ने 23 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और वो 27 गेंदों पर 57 रन की पारी खेल कर नाबाद रहे। सुंदर ने 7 रन पर अपना विकेट गंवा दिया जबकि सीएसके के लिए मुकेश चौधरी, स्पेंसर जॉनसन और अंशुल कंबोज ने एक-एक विकेट लिए।

संजू सैमसन डक पर आउट- सीएसके के ओपनर संजू सैमसन खाता भी नहीं खोल पाए और डक पर आउट हो गए जबकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 16 रन पर विकेट गंवा दिया जबकि उर्विल पटेल भी खाता नहीं खोल पाए तो वहीं मैथ्यू शॉर्ट ने 24 रन पर अपना विकेट गंवा दिया। कार्तिक शर्मा 19 रन बनाकर रन आउट हो गए। शिवम दुबे ने 17 गेंदो पर 47 रन की पारी खेली। अंशुल कंबोज 19 रन पर रन आउट हुए जबकि ब्रेविस ने 8 रन बनाए। गुजरात के लिए कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और राशिद खान ने 3-3 विकेट लिए।

### मलेशिया मास्टर्स 2026

# मालविका बंसोड़ टूर्नामेंट से बाहर, चालिहा से उम्मीदें जिंदा

**कुआलालंपुर(एजेंसी)।** मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर मालविका बंसोड़ का सफर दूसरे दौर में खत्म हो गया। कुआलालंपुर में खेले गए मुकाबले में उन्हें डेनमार्क की आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी लाइन कजर्सफेल्ट के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। हालांकि भारतीय खिलाड़ी अस्मिता चालिहा ने शानदार जीत दर्ज कर भारत की उम्मीदों को कायम रखा।




**पहला गेम जीतने के बाद मैच गंवा बैठीं मालविका –** विश्व रैंकिंग में 51वें स्थान पर मौजूद मालविका बंसोड़ ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। उन्होंने पहले गेम में आक्रामक खेल दिखाते हुए 21-16 से जीत हासिल की और मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। पहले गेम के दौरान मालविका ने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और इंटरवल तक 11-6 से आगे थीं। इसके बाद उन्होंने लगातार दबाव बनाए रखते हुए गेम अपने नाम किया।

**दूसरे गेम में बदला मैच का रुख –** पहला गेम हारने के बाद डेनमार्क की लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी की। दूसरे गेम में उन्होंने शुरुआती आठ अंक लगातार जीतकर मुकाबले पर पूरी तरह नियंत्रण बना लिया। मालविका इस दबाव से उबर नहीं सकीं और दूसरा गेम 21-8 से गंवा बैठीं।निर्णायक गेम में एक समय मालविका 11-8 से आगे थीं, लेकिन इसके बाद कजर्सफेल्ट ने लगातार अंक जुटाते हुए मुकाबला 21-15 से अपने नाम कर लिया।

**अश्मिता चालिहा ने बढ़ाया भारत का मान –** दूसरी ओर अश्मिता चालिहा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया की स्टार खिलाड़ी गोह जिन वेई को सीधे गेमों में हराया। अश्मिता ने मुकाबला 21-13, 21-16 से जीतकर महिला एकल वर्ग में भारत की चुनौती जिंदा रखी। गोह जिन वेई दो बार की जूनियर विश्व चैंपियन और 2018 यूथ ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं, ऐसे में अश्मिता की यह जीत बेहद खास मानी जा रही है।

**देविका सिहाग और पुरुष युगल जोड़ी भी बाहर –** भारत की देविका सिहाग को महिला एकल के दूसरे दौर में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन युफेई के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। चेन ने यह मुकाबला 21-16, 21-13 से जीता। वहीं पुरुष युगल में भारत की आखिरी उम्मीद एमआर अर्जुन और हरिहरन अमसकारुनन की जोड़ी भी हारकर बाहर हो गई। चीनी जोड़ी हू केयुआन और लिन शियांगयी ने भारतीय खिलाड़ियों को 21-14, 21-15 से हराया।

# आंखों में आंसू, जीत का यादगार जश्न

## 41 साल की उम्र में चैंपियन बने रोनाल्डो का दिखा ऐसा अंदाज



**सऊदी (एजेंसी)।** आंखों से टपकते आंसू, चेहरे पर सुकून और जीत की खुशी। गुरुवार को अल नासर के सऊदी प्रो लीग का खिताब जीतने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो का अलग ही अवतार मैदान पर देखने को मिला। रोनाल्डो ने दो गोल दागे, मैदान से बाहर जाते हुए भावुक हुए और फिर अनोखे अंदाज में जीत का जश्न भी मनाया। 41 साल की उम्र में चैंपियन बने रोनाल्डो को देखकर ऐसा लगा कि मानो किसी युवा खिलाड़ी ने अपने करियर में पहली बार ट्रॉफी जीती हो।

**2023 में अल नासर से जुड़े थे रोनाल्डो –** जनवरी 2023 में अल नासर क्लब से जुड़े रोनाल्डो ने पहली बार टीम को चैंपियन बनाया। दमैक के खिलाफ अल नासर ने 4-1 से जीत दर्ज करते हुए सऊदी प्रो लीग का खिताब अपने नाम किया। टीम के इस खिताबी सफर में रोनाल्डो का रोल काफी अहम रहा। दमैक के खिलाफ भी पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी ने फ्री किक पर एक गोल किया, जबकि दूसरा गोल गोलकीपर को छकाते हुए दागा। इस लीग में रोनाल्डो ने कुल 28 गोल किए।

**भावुक हो गए थे क्रिस्टियानो रोनाल्डो –** मैच खत्म होने से तीन मिनट पहले रोनाल्डो जब मैदान से बाहर जाने लगे, तो तमाम फैंस ने अपनी सीटों पर खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाई। यह पल रोनाल्डो को भावुक कर गया, और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। डगआउट में पहुंचने के बाद भी रोनाल्डो अपनी भावनाओं पर काबू नहीं कर सके और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो में फूट-फूटकर रोते हुए दिखाई दिए। हालांकि, ये आंसू खुशी के थे, क्योंकि इस ट्रॉफी को पाने के लिए रोनाल्डो ने अल नासर की ओर से खेलते हुए तीन साल से ज्यादा समय का इंतजार किया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान पूरे देश का सम्मान है: हरभजन सिंह

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार ऑफ स्पिनर और राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह ‘बिलियनेयर्स फॉर पीस कॉन्क्लेव’ कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए मुंबई में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन में समाज में शांति की स्थापना करने वालों को सम्मानित करने के लिए किया गया था। इसमें हरभजन सिंह का भी नाम था। हरभजन ने कार्यक्रम के आयोजकों की प्रशंसा की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री को इटली में मिले एग्रीकोला पदक को उन्होंने देश का सम्मान बताया। मीडिया से बात करते हुए हरभजन सिंह ने कहा, ‘समाज की बेहतरी के लिए काम करने वालों को सम्मानित करना बेहतरीन काम है। समाज में शांति के लिए काम करने वाले और भी लोग चाहिए। यहां आकर और सम्मानित होकर अच्छा लग रहा है। मैं इन लोगों के साथ रहूंगा और अपने स्तर से जो भी बेहतर हो सकेगा, करूंगा।’ दुनिया में बढ़ महंगाई पर हरभजन ने कहा, ‘मौजूदा समय में विश्व तेल और सोने की बढ़ती कीमतों की वजह से परेशान है। इस परेशानी की वजह दुनिया में शांति का न होना है। अगर ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध नहीं होता, तो ये समस्याएं नहीं होतीं। उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द इस समस्या का शांतिपूर्ण समाधान निकलेगा और महंगाई की समस्या से दुनिया को निजात मिलेगी। ’ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली दौरे के दौरान ‘एग्रीकोला पदक’ से सम्मानित किया गया है।



हरभजन सिंह ने कहा कि पीएम का सम्मान देश का सम्मान है। हमें इस पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली यात्रा के दौरान वहां की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को उपहार स्वरूप चॉकलेट दी थी। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इसकी आलोचना करते हुए कहा था कि देश कई समस्याओं से जूझ रहा है और प्रधानमंत्री चॉकलेट दे रहे हैं। इस पर हरभजन सिंह ने कहा कि विपक्ष का काम हर बात की आलोचना करना है। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। अगर ये लोग बहुत काबिल थे, तो जब उनके पास सत्ता थी, उस समय काम क्यों नहीं किए। पश्चिम बंगाल के मदरसों में वंदे मातरम को अनिवार्य किए जाने के सवाल पर हरभजन ने कहा, ‘मुझे लगता है कि सिर्फ पश्चिम बंगाल ही नहीं बल्कि देश के हर हिस्से में वंदे मातरम गाया जाना चाहिए। ‘

# युवराज सिंह के नाम है IPL के एक सीजन में दो हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड

## 132 मैचों ने नहीं लगा पाए थे एक भी शतक

**नई दिल्ली।** युवराज सिंह एक शानदार बल्लेबाज थे जो गेंदबाजी भी कर लेते थे। युवी को आमतौर पर एक बेहतरीन बल्लेबाज के रूप में जाना जाता है, लेकिन वो कई बार बेहतरीन गेंदबाजी भी कर लेते थे जो मैच को पटलने का काम करता था। युवराज सिंह का इंटरनेशनल स्तर पर प्रदर्शन तो शानदार रहा था, लेकिन आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन प्रभावित करने वाला था। युवराज ने इस लीग में वो कमाल किया था जो अन्य कोई खिलाड़ी अब तक तो नहीं कर पाया है, लेकिन ये कमाल उन्होंने बतौर बल्लेबाज नहीं बल्कि बतौर गेंदबाज किया था।

### एक सीजन में दो हैट्रिक लेने वाले गेंदबाज थे युवराज सिंह

युवराज सिंह को आज भी आईपीएल में एक ऐसे रिकॉर्ड के लिए याद किया जाता है जो इस लीग में खेलने वाले की दिग्गज बॉलर्स तक नहीं कर पाए।

युवी इस लीग के एक सीजन में दो बार हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं और उनका ये रिकॉर्ड अब तक कोई नहीं तोड़ पाया है। युवराज सिंह ने आईपीएल में ये कमाल साल 2009 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के लिए खेलते हुए किया था।




### युवराज सिंह ने किया था 6 टीमों का प्रतिनिधित्व

युवराज सिंह ने अपने 12 साल के आईपीएल करियर में 6 टीमों का प्रतिनिधित्व किया था और वो एक टीम के साथ कभी लंबे वक्त तक खेलते हुए नहीं दिखे थे। साल 2008 में सबसे पहले वो किंग्स इलेवन पंजाब के साथ जुड़े थे और शुरुआत में इस टीम के लिए उन्होंने कप्तानी भी की थी, लेकिन फिर वो इस टीम से निकल गए। इसके बाद उन्होंने पुणे वॉरियर्स इंडिया, आरसीबी, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), सनराइजर्स हैदराबाद और आखिर में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए खेला।

### आईपीएल में कभी शतक नहीं लगा पाए युवराज

युवराज सिंह का आईपीएल करियर काफी लंबा रहा और इस दौरान उन्होंने कुल 132 मैच खेले। इन मैचों में उनके बल्ले से एक भी शतक नहीं निकला हालांकि उन्होंने 13 अर्धशतक जरूर लगाए और उनका बेस्ट स्कोर इन मैचों में 83 रन का रहा। युवराज सिंह का स्ट्राइक रेट आईपीएल में 129.71 का रहा जबकि उनका औसत इस दौरान 24.77 का रहा। युवी ने 132 मैचों में इस लीग में 217 चौके और 149 छक्के भी लगाए जबकि इन मैचों में उन्होंने 36 विकेट भी लिए और उनकी बेस्ट गेंदबाजी 29 रन देकर 4 विकेट रहा था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### मध्य विद्यालय में अव्यवस्था की शिकायत पर बीईओ ने किया निरीक्षण

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत ढोसिला पंचायत स्थित वाजिद नीमा मध्य विद्यालय में कुव्यवस्था की शिकायत मिलने के बाद प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अमर कुमार ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों ने विद्यालय विकास राशि में गड़बड़ी का आरोप लगाया। वहीं छात्र-छात्राओं ने नामांकन और टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) देने के नाम पर अवैध वसूली किए जाने की शिकायत बीईओ से की। ग्रामीणों का कहना था कि विद्यालय में केवल कुछ बच्चों को ही बैग और किताबें उपलब्ध कराई गई हैं, जबकि कई छात्र अब भी इससे वंचित हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है और पेयजल की समुचित व्यवस्था भी नहीं है।

### जन सुनवाई के दौरान सरपंच प्रतिनिधि पर हमला

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह प्रखंड की तेयाप ग्राम पंचायत में जन सुनवाई के दौरान सरपंच प्रतिनिधि राम केवल राम पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे हुई, जब दहेज विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार, रफीगंज वार्ड नंबर 16 निवासी राजेंद्र ठाकुर ने 2016 में अपनी बेटी की शादी उपहारा थाना क्षेत्र के तेयाप गांव निवासी गिरजा ठाकुर के बेटे से की थी। शादी के बाद से दहेज को लेकर दोनों परिवारों के बीच करीब सात साल से बातचीत बंद थी। इसी विवाद को सुलझाने के लिए तेयाप पंचायत की सरपंच की मौजूदगी में जन सुनवाई आयोजित की गई थी। सुनवाई के दौरान लड़का पक्ष के लोगों और लड़की पक्ष की महिलाओं के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। बताया जाता है कि बीच-बचाव करने पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि राम केवल राम पर भी लड़के पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए।

युवक की बांस से की गई पिटाई, शरीर पर मिले गंभीर चोट के निशान, हाथ-पैर भी तोड़े

# नहर किनारे मिला युवक का खून से लथपथ शव

- पड़ोस की लड़की से प्रेम संबंध को लेकर दोनों पक्षों में तनाव की चर्चा
- परिजनों ने कुछ संदिग्धों की पहचान की, एफआईआर में नाम शामिल होने की संभावना



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र स्थित अदलपुर गांव में प्रेम-प्रसंग को लेकर एक नाबालिग युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे की बताई जा रही है। मृतक की पहचान अमरेश दास के 17 वर्षीय पुत्र रितीश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों के अनुसार रितीश सुबह गांव से बाहर नहर की ओर किसी काम से गया था। इसी दौरान पहले से घात लगाए अपराधियों ने उस पर हमला कर दिया और बुरी तरह पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। कुछ देर बाद ग्रामीणों की नजर नहर किनारे पड़े खून से लथपथ शव पर पड़ी, जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल की स्थिति देखकर हत्या को बेहद निर्मम तरीके से अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है। शव के पास से बांस के दो टुकड़े बरामद किए गए हैं। आशंका है कि इन्हीं बांस के टुकड़ों से रितीश की बेरहमी से पिटाई की गई। युवक के शरीर पर गंभीर चोट के कई निशान मिले हैं। दोनों हाथ-पैर टूटे हुए पाए गए, जबकि सिर पर गहरा जख्म था। स्थानीय लोगों के अनुसार रितीश सुबह-सुबह नहर किनारे गया था, जहां उस पर हमला किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

प्रेम-प्रसंग बना हत्या की वजह!

प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे प्रेम-प्रसंग की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि रितीश का पड़ोस की एक लड़की से प्रेम संबंध था। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से तनाव चल रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक के परिवार का कुछ लोगों के साथ पुराना विवाद भी था। सूत्रों के मुताबिक परिजनों ने हत्या में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली है और प्राथमिकी में उनके नाम शामिल किए जा सकते हैं। मामले में गांव के धनुष दास के पुत्र मंटू कुमार पर हत्या का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस ने आरोपों को गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। इस संबंध में एसडीपीओ-2 अदित्या कुमार ने बताया कि हत्या में शामिल अपराधियों की जल्द पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार, थानाध्यक्ष शंभू कुमार सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाकर आरोपियों तक पहुंचा जा सके। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## भीषण गर्मी : 8वीं तक के सभी स्कूल बंद 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं होंगी संचालित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

42 डिग्री तक पहुंचा पारा, औरंगाबाद में भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों का जीवन प्रभावित कर दिया है। जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक असर बच्चों पर पड़ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बड़ा निर्णय लिया है। आदेश जारी करते हुए जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों, प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा कोचिंग संस्थानों में कक्षा 8वीं तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियों को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

वहीं, कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई केवल सुबह 11:30 बजे तक ही संचालित करने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी यह आदेश



22 मई 2026 से 27 मई 2026 तक प्रभावी रहेगा। भीषण गर्मी और संभावित हीटवेव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सदर अस्पताल में लू से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए विशेष तैयारी की गई है। अस्पताल में 35 बेड अलग से आरक्षित किए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। प्रशासन ने आम लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है। कहा गया है कि दोपहर के समय अत्यधिक आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर निकलें। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन ने लोगों से अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के एवं सूती कपड़े पहनने तथा धूप में निकलते समय सिर ढंककर रखने की अपील की है। गर्म हवाओं और तेज धूप से बचने के लिए छाता, गमछा या टोपी का उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही बच्चों को अनावश्यक रूप से धूप में बाहर नहीं भेजने और लू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में संपर्क करने को कहा गया है।

## बाल श्रम के खिलाफ होटल में प्रशासन की छापेमारी

**अंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** औरंगाबाद में बाल श्रम के खिलाफ जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में अंबा चौक स्थित रंजन होटल में श्रम विभाग की टीम ने बड़ी छापेमारी करते हुए एक नाबालिग बाल श्रमिक को रेस्क्यू किया। यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर की गई। छापेमारी के दौरान होटल में बाल श्रम कराए जाने की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने होटल संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बच्चों से मजदूरी कराने वालों के खिलाफ अब कठोर कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को सीधे जेल भेजा जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बाल श्रम मुक्त अभियान के तहत होटल, ढाबा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगातार नजर रखी जा रही है। श्रम विभाग की टीम द्वारा नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नाबालिग बच्चों से काम कराने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## जनता दरबार : डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

सात निश्चय-3 के तहत आयोजित कार्यक्रम में भूमि विवाद, राशन कार्ड, आवास और अतिक्रमण समेत कई मामलों की हुई सुनवाई



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, भूमि विवाद, सड़क एवं नाली-गली निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स संबंधी मामले, मानदेय भुगतान तथा अनुग्रह अनुदान सहित जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजीबद्ध कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया।जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

## डायन बताकर बुजुर्ग महिला पर हमला, दो पक्षों में हिंसक झड़प, 49 लोगों पर एफआईआर, 19 आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | कुटुम्बा (औरंगाबाद)




जिले के कुटुम्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवा बिगहा (सोहरडीह) गांव में डायन बताकर एक बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला किए जाने के बाद दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। मामले को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कुल 49 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं अब तक 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पहले पक्ष की ओर से पीड़ित परिवार की बहू सुनीता देवी ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि गांव के भीम पासवान, रंजीत पासवान, रामधार पासवान, मनदीप पासवान समेत कुल 31 लोग लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर उनके घर पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने उनकी सास मुनिया देवी को डायन कहकर गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया।

सुनीता देवी के अनुसार जब परिवार के अन्य सदस्य मुनिया देवी को बचाने पहुंचे, तब हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस मारपीट में परिवार के 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अजय पासवान, अरुण पासवान, धनंजय पासवान, संतन पासवान, राजू पासवान, संजय पासवान, सत्यनारायण पासवान, मुनिया देवी, गुड्डी देवी और कौशल्या देवी शामिल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए कुटुम्बा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मुनिया देवी और संजय पासवान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरे पक्ष के भीम पासवान ने भी थाने में आवेदन देकर अलग आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार विवाद की शुरुआत तब हुई जब उनका भतीजा रवि कुमार स्कूल जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में विजय पासवान के बेटे बादल कुमार ने उसके साथ मारपीट की।

## चिकित्सा कर्मियों ने किया काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन

**मदनपुर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर चिकित्सा कर्मियों का काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। इस प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने किया। सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी बांह पर काला बिल्ला बांधकर मरीजों का इलाज किया, साथ ही राज्य सरकार की नीतियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। कर्मचारियों ने बताया कि यह सांकेतिक विरोध बिना प्रोन्नति के किए जा रहे तबादलों और अन्य लंबित मांगों के विरोध में है। यह प्रदर्शन संघ द्वारा घोषित 21 से 26 मई तक चलने वाले चरणबद्ध आंदोलन का हिस्सा है। इस आंदोलन के तहत, 16 मई को सभी सिविल सर्जन कार्यालयों के समक्ष एक दिवसीय धरना भी दिया गया था।

वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के लिए जमीन मापी का रास्ता साफ

## किसानों और प्रशासन की बैठक, 25 से शुरू होगी मापी

निज संवाददाता | कुटुंबा (औरंगाबाद)



जिले में भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के निर्माण को लेकर अधिग्रहित जमीन की मापी का रास्ता फिलहाल साफ हो गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर शुक्रवार को कुटुंबा प्रखंड कार्यालय सभागार में जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआईआई) के अधिकारियों ने धनीवार गांव के किसानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जमीन अधिग्रहण से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई तथा किसानों से परियोजना में सहयोग की अपील की गई। बैठक के दौरान किसानों की सहमति मिलने के बाद प्रशासन ने आगामी सोमवार से जमीन की मापी शुरू कराने का निर्णय लिया। हालांकि बैठक समाप्त होने के बाद मुआवजा और न्यायालय में लंबित मामले को लेकर किसानों के बीच मतभेद खुलकर सामने आए। कई किसानों ने प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल भी उठाए। बैठक में एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह, एसडीएम संतन कुमार सिंह, एडीएम आपदा उपेंद्र पंडित, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, पीएनसी इन्फ्राटेक के जीएम मनीष सिंह, अजीत कुमार झा, बीडीओ प्रियांशु बसु तथा अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों को परियोजना की उपयोगिता और जमीन मापी की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि जिन किसानों का एलपीसी या अन्य आवश्यक दस्तावेज अभी तैयार नहीं हो पाया है, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रशासन धनीवार गांव में विशेष कैंप लगाकर मौके पर ही दस्तावेज तैयार कराने की व्यवस्था करेगा, ताकि किसी भी किसान को दिक्कत न हो।

बैठक के दौरान कुछ किसानों ने एक्सप्रेसवे परियोजना का समर्थन करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। वहीं दूसरी ओर कई किसानों ने जमीन मापी का विरोध भी किया। विरोध कर रहे किसानों का कहना था कि भूमि अधिग्रहण का मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए अदालत का अंतिम फैसला आने से पहले जमीन की मापी कराना उचित नहीं होगा। बैठक समाप्त होने के बाद सभागार के बाहर किसानों की नाराजगी भी देखने को मिली। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन उन पर दबाव बनाकर जमीन मापी कराने की कोशिश कर रहा है। किसान वैद्यनाथ नाथ तिवारी ने कहा कि एक ही गांव में अलग-अलग किसानों को अलग-अलग मुआवजा दर दी जा रही है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब तक अदालत में लंबित मामले का अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक प्रभावित किसान जमीन मापी का समर्थन नहीं करेंगे। फिलहाल प्रशासन सोमवार से जमीन मापी शुरू कराने की तैयारी में जुटा है, जबकि गांव में किसानों के बीच समर्थन और विरोध दोनों की स्थिति बनी हुई है।

## गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग चार फूसनुमा मकान जलकर राख



निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

जिले के गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत घेजना गांव में शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से चार फूसनुमा मकान जलकर पूरी तरह राख हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी, लेकिन अग्निशमन वाहन समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच सका। इसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आगजनी की इस घटना में मंडल पासवान, सनोज पासवान, स्वर्गीय चौहरमल पासवान और गोवर्धन पासवान के घर प्रभावित हुए। आग में घरों में रखा खाने-पीने का अनाज, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों के अनुसार आग तेजी से फैलने के कारण लोगों को सामान निकालने का मौका भी नहीं मिल पाया। हालांकि स्थानीय लोगों की सतर्कता से आग को आसपास के अन्य घरों तक फैलने से रोक लिया गया। घटना के बाद पीड़ित परिवारों ने स्थानीय प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने भी प्रशासन से प्रभावित परिवारों को जल्द राहत उपलब्ध कराने की अपील की है।

## करंट लगने से शिक्षा सेवक की मौत स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा

निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)



जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत सलैया थाना क्षेत्र के पिरथु गांव में करंट लगने से एक शिक्षा सेवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पिरथु निवासी स्वर्गीय सूर्यदेव राम के 57 वर्षीय पुत्र गणेश राम के रूप में हुई है। वे मध्य विद्यालय इटकोहिया में शिक्षा सेवक के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार गणेश राम शुक्रवार को विद्यालय में ड्यूटी पूरी करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बिजली का एक तार टूटकर गिरा हुआ था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। सड़क पर गिरे तार पर उनकी नजर नहीं पड़ी और वे उसकी चपेट में आ गए। करंट लगते ही उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह बिजली आपूर्ति बंद कराई और टूटे हुए तार को हटाया। घटना की सूचना मिलते ही सलैया थाना अध्यक्ष कन्हैया शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

मृतक की पत्नी सविता देवी, पुत्र पप्पू कुमार और गुड्डू कुमार सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं वृद्ध मां पानपति देवी बेटे की मौत की खबर सुनकर बेसुध हो गईं। घटना की जानकारी मिलने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अवतुल्य कुमार आर्य भी मौके पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा और अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।

## 53 साल बाद भी अपेक्षित विकास नहीं कर सका औरंगाबाद

हवाई अड्डा, मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं बीएड कॉलेज के लिए आज भी तरस रहा जिला, शहीदों और साहित्यकारों को उचित सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण

अरविन्द अकेला

औरंगाबाद साल 1973 में गया जिले से अलग होकर अस्तित्व में आया औरंगाबाद जिला आज 53 वर्ष बीत जाने के बाद भी अपेक्षित विकास से काफी दूर नजर आता है। जिले में आबादी तो तेजी से बढ़ी, कुछ सड़कों और पुलों का निर्माण भी हुआ, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में औरंगाबाद अब भी पिछड़े जिलों में गिना जाता है। औरंगाबाद जिले में आज भी उच्च शिक्षा के नाम पर वर्षों पुराने कुछ चुनिंदा महाविद्यालय ही संचालित हैं। इनमें सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय, किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय तथा अनुग्रह नारायण मेमोरियल महाविद्यालय प्रमुख हैं। चिंताजनक बात यह है कि पिछले



लगभग चार दशकों में जिले में एक भी नया प्रमुख महाविद्यालय स्थापित नहीं हो सका।

वहीं, आजादी के इतने वर्षों बाद भी जिले में न तो मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो पाई और न ही इंजीनियरिंग कॉलेज खोला गया। बीएड कॉलेज जैसी शैक्षणिक आवश्यकता भी अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इससे छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे जिलों और राज्यों का रुख करना पड़ता है। देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले खरांटी (ओबरा) के अमर शहीद जगतपति को आज तक वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसके वे हकदार थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी प्रतिमा स्थापित कर उन्हें सम्मानित किया जाना चाहिए था, लेकिन किसी भी सरकार या प्रशासन ने इस दिशा में गंभीर पहल नहीं की। इसी प्रकार, जिले के प्रसिद्ध साहित्यकार कामता प्रसाद सिंह 'काम' तथा पूर्व सांसद एवं साहित्यकार शंकर दयाल सिंह को भी आज तक समुचित सम्मान नहीं मिल पाया। न तो उनकी स्मृति में प्रतिमा स्थापित की गई और न ही उनके योगदान को संरक्षित करने के लिए कोई ठोस प्रयास किया गया। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि जो समाज और प्रशासन अपने शहीदों एवं साहित्यकारों का सम्मान नहीं करता, वह अपनी सांस्कृतिक विरासत को कमजोर करता है। औद्योगिकरण के क्षेत्र में भी औरंगाबाद की स्थिति संतोषजनक नहीं मानी जाती। जिले में उद्योग के नाम पर मुख्य रूप से श्री सीमेंट की फैक्ट्री ही प्रमुख रूप से दिखाई देती है। इसके अलावा बड़े उद्योगों की कमी के कारण स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं और उन्हें पलायन के लिए मजबूर होना पड़ता है।

### रेलवे और हवाई सेवा की उपेक्षा

औरंगाबाद शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन जिले का प्रमुख रेलवे स्टेशन है, लेकिन आज तक यहां राजधानी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित नहीं हो पाया। इसे लेकर वर्षों से स्थानीय लोग मांग उठाते रहे हैं। बिहार के कई शहर हवाई सेवा से जुड़ चुके हैं, लेकिन औरंगाबाद अब भी हवाई संपर्क से वंचित है। जिले के लोग लंबे समय से यहां हवाई अड्डा स्थापित करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई।

### शहरीकरण और मूलभूत सुविधाओं का अभाव

औरंगाबाद शहर का आज तक सुनियोजित तरीके से शहरीकरण नहीं हो पाया है। शहर के कई मोहल्लों में आज भी नाली-नाले की समुचित व्यवस्था नहीं है। कई इलाकों में स्ट्रीट लाइट की सुविधा का भी अभाव है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जिला शाखा की बैठक में भागीदारी सुनिश्चित करने का लिया गया संकल्प

## संज्ञा समिति गयाधाम की वार्षिक आमसभा को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद में संज्ञा समिति गयाधाम की आगामी 24 मई को प्रस्तावित वार्षिक आमसभा को सफल बनाने तथा समाज के लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 21 मई 2026 को अंकेक्षक भारती भूषण के दानी बिगहा स्थित कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें संज्ञा समिति गयाधाम की जिला शाखा औरंगाबाद के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्थानीय समाज के लोगों ने भाग लिया।

बैठक में वर्तमान सामाजिक परिप्रेक्ष्य में सामाजिक एकता की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने गया धाम में आयोजित होने वाली वार्षिक आमसभा में अधिक से अधिक संख्या में उत्साहपूर्वक शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया। लि अध्यक्ष अशोक पांडेय एवं जिला सचिव विनय मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि औरंगाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों से सैकड़ों संज्ञा परिवार के सदस्य गया जी में आयोजित वार्षिक आमसभा में शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय ने की। बैठक में जिला सचिव विनय मिश्रा, कोषाध्यक्ष संतोष मिश्रा, उपाध्यक्ष दुर्गेश भारद्वाज, कार्यालय प्रभारी पंडित रौशन मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य अनूप मिश्रा, सदर प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, संजय मिश्रा, अक्षय पाठक सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।